www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार
29 फरवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 52, 20 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

जयशंकर बोले, मोदी की रखी ठोस नींव भारत के लिए लॉन्च पैड बनी P-17








**हिमाचल में हंगामा:** इस्तीफा देने वाले मंत्री विक्रमादित्य का रुख नरम, विधानसभा में बजट पास

# सुक्खू को फौरी राहत, बागी अड़े

■ डॉ. राजीव पत्थरिया

**शिमला।** राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर छाया संकट फिलहाल टल गया है। बुधवार सुबह इस्तीफे के ऐलान के बाद शाम को मंत्री विक्रमादित्य सिंह के रुख में नरमी से सुक्खू सरकार को फौरी राहत मिली। उधर, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को हटाने की शर्त पर अड़े छह बागी विधायकों को पर्यवेक्षक मनाने में जुटे हैं। इससे पहले बजट पारित करा सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

**पर्यवेक्षक भेजे:** सुक्खू सरकार को संकट से निकालने के लिए कांग्रेस हाईकमान ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को पर्यवेक्षक बनाकर शिमला भेजा है। जबकि प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल यहां पहले से मौजूद हैं। पर्यवेक्षक गुरुवार को रिपोर्ट सौंपेंगे। सूत्रों के अनुसार, नेतृत्व बदलता है तो उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को मुख्यमंत्री जबकि विक्रमादित्य सिंह को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

**दबाव नहीं डालूंगा:** पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जो मुद्दे थे उन पर चर्चा हुई है। इसलिए वे इस्तीफा स्वीकारने का दबाव नहीं डालेंगे। इससे पहले लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने कहा था कि वे सरकार में असहज थे, लेकिन बगावत नहीं की। हम चाहते हैं कि सरकार बनी रहे। अब गेंद हाईकमान के पास है।

कांग्रेस के पास कुल 40 विधायक थे, जिसमें से छह बागी हैं। वहीं, भाजपा के 25 विधायक हैं जबकि तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन है।

› संबंधित खबर P05



“मैंने इस्तीफा नहीं दिया, मैं योद्धा हूं। आम परिवार से निकला योद्धा संघर्ष करता है और जीत उसी की होती है। कांग्रेस सरकार पांच वर्ष चलेगी। –सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री



“हिमाचल में कांग्रेस विधायकों का अपनी ही सरकार से भरोसा उठ गया है। कांग्रेस बिखरी नजर आ रही है। इसकी जिम्मेदार वह खुद है। –अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री

### विधानसभा अध्यक्ष ने बागी विधायकों पर फैसला सुरक्षित रखा

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्यसभा चुनाव में पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने वाले छह विधायकों के मामले में फैसला सुरक्षित रखा। सभी बागी कारण बताओ नोटिस के जवाब में वकील के साथ उनके समक्ष पेश हुए थे।



शिमला में बुधवार को सियासी उठापटक के बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भाजपा प्रतिनिधिमंडल के साथ राज्यपाल से मुलाकात की। • प्रेट्र

# चीनी रॉकेट दिखाकर द्रमुक ने वैज्ञानिकों का अपमान किया : मोदी

**तिरुनेलवेली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर इसरो वैज्ञानिकों के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने यह आरोप राज्य सरकार के विज्ञापन में कथित रूप से चीन के रॉकेट को दिखाने पर खड़े हुए विवाद पर लगाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की उपलब्धियों के प्रति अनभिज्ञ बनने के लिए द्रमुक की कड़ी आलोचना की। भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि द्रमुक शासन में कोई काम नहीं होता, बल्कि झूठा श्रेय लिया जाता है। मोदी ने कहा कि अब राज्य सरकार ने सभी हदें पार कर दी हैं। तमिलनाडु में इसरो प्रक्षेपण परिसर का श्रेय लेने के लिए चीन का स्टिकर चिपका दिया।

**विज्ञापन में इसरो की तस्वीर नहीं:** प्रधानमंत्री ने द्रमुक सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वे भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की प्रगति को देखने के लिए तैयार नहीं हैं और आपके द्वारा भुगतान किए जाने वाले कर से इन्होंने विज्ञापन दिए हैं। विज्ञापनों में भारत की अंतरिक्ष एजेंसी की तस्वीर भी नहीं है।



### चीन को दुश्मन घोषित नहीं किया :कनिमोझी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चीनी स्टीकर वाले विज्ञापन की आलोचना के बाद डीएमके सांसद के कनिमोझी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि कलाकृति बनाने वाले व्यक्ति को यह तस्वीर कहां से मिली। मुझे नहीं लगता कि भारत ने चीन को दुश्मन देश घोषित किया है। मैंने देखा है कि प्रधानमंत्री ने चीनी प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया था और वे महाबलीपुरम गए थे।


## प्रमुख पांच

**रिलायंस और डिज्नी में महाविलय की घोषणा**
1 रिलायंस इंडस्ट्रीज और वॉल्ट डिज्नी ने बुधवार को भारत में विलय की घोषणा की। P13

**मणिपुर में एएसपी का अपहरण, मुक्त कराया**
2 मैतेई ने एएसपी अमित सिंह का अपहरण कर लिया, जिसे सुरक्षाबलों ने छुड़ाया। P17

**महादेव ऐप मामले में 15 स्थानों पर छापे**
3 महादेव ऐप मामले में ईडी ने दिल्ली-एनसीआर समेत 15 स्थानों पर तलाशी ली। P06

**मादक पदार्थों की सबसे बड़ी खेप बरामद**
4 गुजरात तट के हिंद महासागर में नाव से 3300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई है। P14

**सुनील भारती मित्तल को नाइटहुड उपाधि**
5 सुनील भारती मित्तल को नाइटहुड उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। P17


## अखिलेश यादव को सीबीआई का समन

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** यूपी में अवैध खनन मामले में सीबीआई ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को तलब किया है। अखिलेश को 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है।

अखिलेश को सीआरपीसी की धारा 160 के तहत नोटिस जारी किया है। उन्हें 21 फरवरी को नोटिस जारी किया गया है। अखिलेश को जनवरी 2019 में दर्ज की गई सीबीआई की उस एफआईआर के संबंध में तलब किया गया है, जो हमीरपुर में 2012-2016 के बीच कथित अवैध खनन से संबंधित है।

› जांच होगी P14

# खुदकुशी मामले में आप विधायक दोषी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** आम आदमी पार्टी के विधायक प्रकाश जारवाल को डॉक्टर को खुदकुशी के लिए उकसाने के मामले में दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को दोषी ठहराया। जारवाल के साथ उनके दो सहयोगियों को भी मामले में दोषी ठहराया गया है।

देवली विधानसभा सीट से विधायक प्रकाश जारवाल और उसके सहयोगी कपिल नागर को आत्महत्या के लिए उकसाने, आपराधिक साजिश रचने, आपराधिक धमकी देने और मौत या गंभीर चोट का डर दिखाकर जबरन वसूली के तहत दोषी ठहराया गया। अदालत ने तीसरे अभियुक्त हरीश को आपराधिक षड़यंत्र का दोषी पाया है।

पुलिस ने अनुसार, सुसाइड नोट में राजेंद्र सिंह ने अपनी मौत के लिए जारवार को जिम्मेदार ठहराते हुए वसूली का आरोप लगाया था। 11 नवंबर 2021 को मामले में आरोप तय किए गए थे। एक अन्य आरोपी, हरीश को बरी कर दिया गया था, लेकिन धारा 506 आईपीसी के तहत अपराध के लिए प्रथम दृष्टया आरोप लगाया गया था। अदालत ने दोषियों की सजा पर सुनवाई के लिए 13 मार्च की तारीख तय की है।

› शिकंजे में विधायक P02



### जारवाल पर तंग करने का आरोप

नेबसराय में रहने वाले डॉ. राजेंद्र सिंह ने 18 अप्रैल, 2020 को घर पर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में उन्होंने जारवाल और उनके सहयोगी पर पानी सप्लाई के व्यवसाय के लिए परेशान करने का आरोप लगाया था।

# सौर नीति पर गुमराह कर रही दिल्ली सरकार:एलजी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली सरकार द्वारा लाई जा रही सौर ऊर्जा नीति को उपराज्यपाल द्वारा रोकने के आरोपों का उनके सचिवालय ने खंडन किया है। सचिवालय के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार झूठा बयान देकर आम जनता को गुमराह कर रही है।

अधिकारी ने कहा कि इस योजना में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे किसी का बिजली बिल शून्य होगा। उपराज्यपाल ने इस नीति को न ही रोका है और न ही लटकाया है। सरकार राजनीति करने के लिए लोगों के बीच यह झूठ फैला रही है। इसके विपरीत नीति में रेसको प्रावधान है, जिससे निजी बिजली कंपनियों को लाभ पहुंचने की संभावना है। एलजी ने इन प्रावधानों पर सरकार से विवरण मांगा है। एलजी ने यह भी पूछा है कि क्या इस नीति में सौर ऊर्जा उत्पादन पर केंद्र सरकार की पूंजीगत सब्सिडी के अनुरूप तालमेल के प्रावधान हैं। सरकार द्वारा इन सवालों के जवाब आने के बाद उपराज्यपाल पॉलिसी पर निर्णय ले सकते हैं।

› पानी के बिल पर घेरा P03



लेटर वॉर

# उपराज्यपाल हर काम अटका रहे : केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के खुले पत्र का जवाब पत्र लिखकर दिया। उन्होंने एलजी पर काम अटकाने का आरोप लगाते हुए कहा, दिल्ली में वो सब हो रहा है जो 1993 में विधानसभा के गठन के बाद कभी नहीं हुआ। यह सब कुछ आप के एलजी बनने के बाद से शुरू हुआ है। जो अधिकारी पहले काम कर रहे थे, वो आप के एलजी बनने के बाद काम रोक रहे हैं। केजरीवाल ने एलजी को रोके कामों की जानकारी देने के साथ उनके पत्र की भाषा को आपत्तिजनक बताया।

केजरीवाल ने आगे लिखा, आप ने कहा कि जल बोर्ड के बिल की योजना का कैबिनेट प्रस्ताव आप के समक्ष नहीं लाया गया है, जबकि मैंने खुद आपसे एक से अधिक बार चर्चा की है। दिल्ली में सरकार के कामों को रोका जा रहा है। मोहल्ला क्लीनिक में दवाएं और जांच बंद कर दिया गया। सिविल डिफेंसकर्मियों को हटा दिया गया।

**चिंताजनक** | नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों की ओर से पेश रिपोर्ट में खुलासा

# सड़कों की धूल से सांसों पर सबसे ज्यादा संकट

■ प्रभात कुमार

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण सड़कों पर उड़ने वाली धूल है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में विभिन्न राज्यों की ओर से पेश आईआईटी कानपुर की रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है।

एनजीटी ने दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, यूपी समेत कई राज्यों की ओर से पेश रिपोर्ट के विश्लेषण के बाद धूल कम करने के आदेश राज्यों को दिए।

**नियंत्रण कक्ष बनाए :** दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एनजीटी को बताया कि सड़कों, फुटपाथों और खुले क्षेत्रों में उड़ने वाली धूल से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए कुल 62 नियंत्रण कक्ष में बनाए गए हैं, इनमें दिल्ली में 12, यूपी में 18, हरियाणा में 18 और राजस्थान में 14 धूल नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। संबंधित राज्यों ने भी एनजीटी को बताया है कि सड़कों की सफाई और निर्माण स्थलों पर पानी के छिड़काव सहित कई उपाय लगातार किए जा रहे हैं, ताकि धूल उठने से रोकी जा सके।



### ई-बसें खरीदनी होंगी

राजधानी को प्रदूषण मुक्त कर वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए दिल्ली को 2025 तक 4 हजार से अधिक ई-बसें खरीदनी होंगी। एनजीटी में पेश रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में फिलहाल 1300 लो-फ्लोर ई-बसें हैं। इनकी संख्या 5500 करनी होगी।

### ई-मोबिलिटी पर जोर

दिल्ली में ई-मोबिलिटी बढ़ाने के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने की जरूरत है। अभी दिल्ली में 2,62,066, हरियाणा में 81,528, यूपी में 91,724 ई वाहन हैं। दिल्ली में 3100 और एनसीआर के अन्य शहरों में 476 चार्जिंग स्टेशन हैं।




www.livehindustan.com

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार
29 फरवरी 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण

जयशंकर बोले, मोदी की रखी ठोस नींव भारत के लिए लॉन्च पैड बनी






## असली या नकली? अंतर पहचानिये

हमारे स्थानीय
फैक्ट-चेकिंग पार्टनर्स के साथ

डीपफेक और अन्य गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए, WhatsApp ने पूरे भारत में 13 भाषाओं में 10 स्वतंत्र फैक्ट-चेकिंग (तथ्य-जांच) संगठनों के साथ साझेदारी की है जो मेसेजस को सत्यापित/वेरिफाई करने में मदद करेंगे। WhatsApp के चैनल्स और टिपलाइन्स के माध्यम से आसानी से उनसे जुड़ें।

ज़्यादा जानिये WhatsApp.com/INfactcheck पर

आत्महत्या से पहले डायरी में उत्पीड़न और मासिक वसूली का जिक्र किया था, परिवार को भी परेशान करने का आरोप

# डॉक्टर ने लिखा था, मेरी मौत का जिम्मेदार जारवाल



## शिकंजे में विधायक

■ गौरव बाजपेई

नई दिल्ली। डॉक्टर को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में अदालत ने देवली विधायक प्रकाश जारवाल को दोषी पाया है। वहीं, जारवाल के सहयोगी कपिल नागर और हरीश जारवाल भी दोषी करार दिए हैं। केस में डॉक्टर की डायरी और सुसाइड नोट अभियोजन पक्ष के लिए अहम साक्ष्य साबित हुए। डॉक्टर ने डायरी में लिखा कि उसकी मौत का जिम्मेदार जारवाल है।

घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान डॉक्टर द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट के साथ उनकी डायरी पुलिस के हाथ लग गई, जिसमें विधायक को मासिक के तौर पर दिए गए रुपयों का जिक्र था। इसके अलावा डॉक्टर के टैंकर जल बोर्ड से हटाए जाने की भी बात लिखी गई थी, जिसकी शिकायत डॉ. राजेंद्र सिंह द्वारा जीके स्थित जल बोर्ड के कार्यालय में की गई थी। इस दौरान उन्होंने जिक्र किया कि विधायक ने अपने रुतबे का इस्तेमाल करते हुए उनके टैंकरों को जल बोर्ड से बाहर कराया है। 18 अप्रैल को दबाव में डॉ. राजेंद्र सिंह ने अपने घर में आत्महत्या कर ली थी, जिसकी जांच नेब सराय थाना पुलिस द्वारा शुरू की गई थी। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर विधायक पर 2021 में आरोप तय किए गए थे।

**चुनाव खर्च के लिए वसूली बढ़ाने का आरोप :** पुलिस को मिले साक्ष्यों में राजेंद्र सिंह ने लिखा था कि पहले छोटे टैंकरों से महीने में 15 हजार और बड़े टैंकरों से 20 हजार रुपये लिए जाते थे, लेकिन 2020 में विधानसभा चुनाव को लेकर टैंकर संचालकों से 51 हजार रुपये और 71 हजार रुपये प्रति टैंकर लिए जाने के निर्देश दिए गए थे। इसको लेकर विधायक और उनके साथी दबाव बना रहे थे और परिवार को भी प्रताड़ित कर रहे थे।

**इन धाराओं में ठहराए गए दोषी :** प्रकाश जारवाल : भारतीय दंड संहिता की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 120 बी (आपराधिक साजिश), 506 (आपराधिक धमकी), 386 (किसी भी व्यक्ति को मौत या गंभीर चोट के डर में डालकर जबरन वसूली)

**कपिल नागर :** 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 120 बी (आपराधिक साजिश), 506 (आपराधिक धमकी), 386 (किसी भी व्यक्ति को मौत या गंभीर चोट के डर में डालकर जबरन वसूली)



### टाइमलाइन

- **18 अप्रैल 2020** डॉ. राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या की
- **18 अप्रैल 2020** नेब सराय थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया और सुसाइड नोट के आधार पर विधायक प्रकाश जारवाल को आरोपी बनाया
- **11 नवंबर 2020** स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने पुलिस की चार्जशीट के आधार पर प्रकाश जारवाल, कपिल नागर और हरीश जारवाल के खिलाफ आरोप तय किए
- **16 फरवरी 2024** अभियोजन और बचाव पक्ष ने अपनी दलीलें पूरी की
- **28 फरवरी 2024** स्पेशल जज एमके नागपाल ने तीनों को मामले में दोषी पाया
- **13 मार्च 2024** एमपी एमएलए अदालत सजा पर सुनवाई करेगी

## सुसाइड नोट भी साक्ष्य बना, चार साल चली सुनवाई

### यह है मामला

देवली इलाके के रहने वाले डॉ. राजेंद्र सिंह इलाके में जल बोर्ड के टैंकरों का संचालन करते थे। उनके टैंकर बोर्ड से जुड़े हुए थे। इसके लिए बोर्ड से उन्हें भुगतान किया जाता था। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर डॉ. ने सुसाइड नोट में आरोप लगाया कि जारवाल के विधायक बनने के बाद से उनके सहयोगी कपिल नागर की तरफ से वसूली के संदेश आने लगे। इस दौरान लंबे समय तक हर माह 15 से 20 हजार रुपये का भुगतान किया जा रहा था, लेकिन विधानसभा चुनाव के चलते विधायक की तरफ से अधिक रुपयों की मांग की गई। इसी को लेकर धमकी आदि का आरोप लगाया गया, जिससे परेशान होकर राजेंद्र सिंह ने अपने घर में आत्महत्या कर ली थी।

### डॉक्टर के बेटे की शिकायत पर हुई थी गिरफ्तारी

मृतक के बेटे हेमंत सिंह की शिकायत पर देवली विधानसभा इलाके के विधायक को जबरन वसूली और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 9 मई, 2020 में गिरफ्तार किया गया था। जून 2020 में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद वह जेल से छूटे थे। उस वक्त, जारवाल ने अपने बचाव में गवाही देते हुए अदालत से कहा था कि वह बेकसूर हैं। मृतक शारीरिक और मानसिक कष्ट से जूझ रहा था। मृतक का टैंकर एक स्टिंग ऑपरेशन के बाद बंद किया गया था। अदालत ने तब अपने आदेश में कहा था कि मौजूदा मामले में प्रकाश जारवाल और कपिल नागर के हाथों मृतक की लगातार प्रताड़ना के आरोप हैं, जिनसे प्रथम दृष्टया ऐसी परिस्थितियां बन गई थीं कि मृतक के पास खुदकुशी के सिवा कोई विकल्प नहीं बचा था।

### फैसले के बाद परिजनों ने बात नहीं की

अदालत का आदेश आने के बाद राजेंद्र के परिजनों ने बात करने से इनकार कर दिया। राजेंद्र के बेटे हेमंत ने फोन पर संपर्क करने पर कहा कि वह कहीं बाहर हैं, इसलिए बात नहीं कर सकते हैं। उनके नेब सराय स्थित घर पर भी कोई नहीं मिला। हालांकि, पड़ोसियों का कहना था कि परिवार काफी समय से न्याय के लिए संघर्ष कर रहा था और अंत में उन्हें जीत मिल गई।

## दोषी विधायक को तत्काल निष्कासित करें : भाजपा

नई दिल्ली, प्र.सं., एजेंसी। आम आदमी पार्टी विधायक प्रकाश जारवाल को अदालत द्वारा एक डॉक्टर की आत्महत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने पर दिल्ली भाजपा ने सवाल उठाए हैं। पार्टी नेताओं ने विधायक को तत्काल निष्कासित करने की मांग की।

बुधवार को दिल्ली भाजपा की तरफ से इस मुद्दे पर प्रेस कांफ्रेंस की गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि हत्या का दोषी करार दिए जाने के बाद अब उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म होना तय है। उन्होंने मांग उठाई कि दोषी विधायक को पार्टी से निष्कासित करना चाहिए। इसके साथ ही, पार्टी को उन सभी विधायकों और नेताओं पर भी कार्रवाई करनी चाहिए, जिन पर कोर्ट में मुकदमे चल रहे हैं, क्योंकि पार्टी जिस ईमानदारी के दावे के साथ सत्ता में आई वो अब दिखाई नहीं देती है। इस मौके पर मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर व मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल भी मौजूद रहे।

**पूनावाला ने निशाना साधा :** नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, आज आप का मतलब आम आदमी पार्टी नहीं है, बल्कि इसका मतलब अराजकतावादी अपराधिक पार्टी है। उन्हें न सिर्फ आत्महत्या के लिए उकसाने, बल्कि जबरन वसूली के आरोप में भी दोषी ठहराया गया है। इसका मतलब साफ है कि आप का चरित्र आपराधिक पृष्ठभूमि का है।

### विवादों से रहा है पुराना नाता

जारवाल वर्ष 2017 से ही विवादों में रहे हैं। सबसे पहले देवली विधानसभा की ही रहने वाली एक महिला ने उन पर उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इसके बाद 2018 में उन पर दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव अंशु प्रकाश के साथ मारपीट करने का आरोप लगा था।

## सदन से सदस्यता जाने का भी खतरा मंडराया

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। आत्महत्या के मामले में दोषी करार दिए गए प्रकाश जारवाल पर विधायकी जाने का खतरा मंडरा रहा है। उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 306, 386, 120 बी और 506 के तहत दोषी करार दिया गया है। ऐसे में अधिकतम सजा 10 वर्ष तक की हो सकती है। वहीं, अदालत जुर्माना और अन्य धाराओं में सजा भी अलग-अलग भुगतने के लिए कह सकती है। 24 माह तक की सजा होने पर लोकसेवक की सदन की सदस्यता छिन जाती है।

ग्लोबल लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता एके बाजपेई ने बताया कि 24 माह तक सजा पर लोकसेवक की सदन की सदस्यता बर्खास्त कर दी जाती है। हाल ही में पूर्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता दो वर्ष की सजा होने पर समाप्त हो गई थी। हालांकि, उच्च न्यायालय में आदेश को चुनौती दिए जाने के बाद हाईकोर्ट यदि सजा पर रोक लगा देता है तो उच्च न्यायालय की सुनवाई पूरी होने तक सदस्यता बनी रहेगी। बता दें इस मामले में अदालत 13 मार्च को सजा पर सुनवाई करेगी।



**हाईकोर्ट में अपील करेंगे : बचाव पक्ष :** बचाव पक्ष के वकील रवि दराल ने बताया कि इस मामले में सत्र न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की जाएगी। दराल ने बताया कि पुलिस द्वारा जिस धमकी भरे फोन की बात की जा रही है उसे कोर्ट में साबित नहीं किया जा सका है। पुलिस द्वारा पेश मोबाइल फोन को भी गवाहों द्वारा नकारा गया है। पुलिस जिस डायरी का हवाला देकर विधायक पर आरोप लगा रही है उसमें सात अन्य नाम भी मिले हैं, लेकिन पुलिस ने केवल कुछ लोगों को ही आरोपी बनाया है।

## शहर 30s

### संजय गांधी अस्पताल को सम्मान

नई दिल्ली। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दिल्ली सरकार के मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल को बेहतरीन काम के लिए मुस्कान आए लक्ष्य सर्टिफिकेट प्रदान किए हैं। अस्पताल के डॉक्टर एसके अरोड़ा ने कहा कि उनके कार्यकाल में अस्पताल को यह उपलब्धि हासिल होना खुशी की बात है।

### के. कविता की अंतरिम सुरक्षा 13 तक बढ़ी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार के आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई से बीआरएस नेता के. कविता को दी गई अंतरिम सुरक्षा 13 मार्च तक बढ़ा दी है। ईडी ने 21 फरवरी को बीआरएस नेता कविता को समन जारी कर 26 फरवरी को पेश होकर पूछताछ में शामिल होने को कहा था। हालांकि कविता ईडी के समक्ष पेश नहीं हुईं। पीठ ने अपने पहले केआदेश की अवधि बढ़ा दी है।

### 51 फीट का शिवलिंग स्थापित किया जाएगा

नई दिल्ली। बवाना स्थित कृष्णा विहार में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 51 फीट का शिवलिंग स्थापित किया जाएगा। इसको लेकर 29 फरवरी को ज्योतिर्लिंग मनोकामना धाम का भूमि पूजन और शिलान्यास होगा। उससे पहले इलाके में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस धाम में 12 ज्योतिर्लिंग और भगवान कृष्ण की मूर्तियों का संग्रहालय भी बनेगा।

### रेशम उत्पादन पर शोध के लिए समझौता

नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित 'भारत टेक्स-2024' के दौरान बुधवार को केंद्रीय सिल्क बोर्ड, सीटीआरटीआई रांची और दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर हस्ताक्षरों के पश्चात डीयू एसओएल की निदेशक और कौशल संवर्धन समिति की अध्यक्ष प्रो. पायल मागो ने बताया कि यह समझौता रेशम उत्पादन, मानव संसाधन विकास और स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

### स्कूल में आर्ट और कॉमर्स स्ट्रीम की पढ़ाई होगी

नई दिल्ली। नांगली सकरावती गांव स्थित राजकीय माध्यमिक बाल विद्यालय को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय में तब्दील कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से विद्यालय में आर्ट और कॉमर्स स्ट्रीम के विषयों की पढ़ाई होगी। जिला उप शिक्षा निदेशक और एस्टेट के सहायक निदेशक आवास, फर्नीचर, पानी, बिजली संबंधी दिक्कतों को दूर करेंगे।

### ग्रीन पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकेंगे

नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए सरकारी स्कूल, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल और निजी स्कूल ग्रीन पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की विज्ञान एवं टीवी शाखा ने सर्कुलर जारी किया है। आदन की आखिर तारीख 31 मार्च है।

### पांच मार्च से होगा दस्तावेज सत्यापन

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने प्रयोगशाला सहायक के पद पर प्रोन्नत हुए कर्मचारियों को दस्तावेज सत्यापन कराने के निर्देश दिए है। इस संबंध में निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया है। पांच मार्च से लेकर सात मार्च तक दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

### शिक्षक के खिलाफ एबीवीपी का धरना

नई दिल्ली। शहीद भगत सिंह कॉलेज की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को एक शिक्षक के खिलाफ धरना दिया। इनका आरोप है कि डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा के साथ सहायक प्राध्यापक जितेंद्र कुमार ने अभद्रता की। वे प्रॉफेसर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हैं।

# भाजपा ने सात सीटों पर संभावितों की सूची सौंपी

**लोकसभा चुनाव**

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा की दिल्ली इकाई की चुनाव समिति ने राष्ट्रीय राजधानी की सात लोकसभा सीट के लिए वास्ते पार्टी नेतृत्व को 25-30 संभावित उम्मीदवारों की सूची सौंपी है। पार्टी नेताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी।

प्रदेश भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली लोकसभा सीट के लिए वर्तमान सांसद मीनाक्षी लेखी के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी और दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज के नाम संभावित प्रत्याशियों में शामिल हैं।

उन्होंने कहा, डीडीयू मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह समेत राष्ट्रीय नेताओं और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की बैठक में संभावित प्रत्याशियों की सूची पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की गुरुवार को बैठक होने वाली है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा किए जाने की संभावना है।

यदि वर्तमान सांसदों के स्थान पर नए प्रत्याशियों को उतारने का निर्णय लिया जाता है तो इस बार पार्टी उम्मीद से पहले दिल्ली के लिए टिकटों की घोषणा कर सकती है। एक अन्य पार्टी नेता ने कहा कि ऐसी चर्चा है कि वर्तमान सात सांसदों में से कम से कम तीन-चार या सभी को पार्टी बदल सकती है।

सोमवार को जिलों में दिनभर की कवायद के दौरान तैयार की गयी संभावित प्रत्याशियों की इस सूची में प्रदेश भाजपा के कई वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी शामिल हैं।

### दो बार सांसद रह चुके हैं पांच नेता

भाजपा ने कहा कि इस चुनाव समिति के कई सदस्य भी संभावित प्रत्याशियों में हैं। पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद हंसराज हंस को छोड़कर बाकी पांच नेता, रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली), मीनाक्षी लेखी (नई दिल्ली), हर्षवर्द्धन (चांदनी चौक) और प्रवेश वर्मा (पश्चिम दिल्ली) लगातार दूसरी बार अपने लोकसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### ये नेता भी शामिल

दिल्ली के सभी वर्तमान सांसद इस बार भी संभावित प्रत्याशियों में शामिल हैं। फीडबैक के दौरान जिला स्तर पर स्थानीय नेताओं ने दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा, घोंडा के विधायक अजय महावर, दिनेश प्रताप समेत संभावित प्रत्याशियों के नाम सुझाए हैं।

# लैंगिक समानता के लिए ऑडिट किया

■ ललित कौशिक

नई दिल्ली। स्कूली छात्रों की किताबें लैंगिक समानता के पैमाने को कितना पूरा करती हैं, इसको जानने के लिए जेंडर ऑडिट किया गया। इसमें भाषा, सामग्री, आवरण, शब्दावली, कार्यपुस्तिका, चित्र सहित दूसरी चीजों का मूल्यांकन हुआ। इसके लिए 15 सदस्यों की एक समिति गठित की गई थी।

ऑडिट में 13 विषयों की 53 किताबों को शामिल किया गया। इनमें देशभक्ति पाठ्यक्रम, हैप्पीनेस पाठ्यक्रम, उद्यमिता मानसिकता पाठ्यक्रम, गृह विज्ञान, पंजाबी, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान सहित कई दूसरे विषयों की पुस्तकें रहीं। जेंडर ऑडिट को लेकर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार कुछ अध्यायों की सामग्री पुरुष पूर्वाग्रह को बयां करती है। महिला पात्रों का चित्रण अग्रणी भूमिका की जगह विनम्र भूमिका में किया गया है। छवियों पर आधारित अधिकांश चित्र लैंगिक रूढिवादिता का चित्रण करते हैं। कुछ मामलों में ही महिला को प्रतिनिधित्व करते हुए दिखाया गया। ज्यादातर किताबों का आवरण लैंगिक संवेदनशील नहीं है।

### कई चित्रों में पुरुषों की अधिकता दिखाई गई

देशभक्ति पाठ्यक्रम में लैंगिक आधारित अंतर देखने को मिले। तिरंगे की खुशी को बयां करने वाले चित्र में पुरुषों की अधिकता ज्यादा दिखाई गई है। जबकि महिला भागीदारी को दिखाया जा सकता था। हैप्पीनेस पाठ्यक्रम की कक्षा पांचवीं की किताब में कहानियां लैंगिक समानता को बढ़ावा देती है। जबकि कक्षा छठीं की किताब चार कहानियों को छोड़कर लैंगिक संवेदनशीलता को प्रोत्साहित नहीं करती है। पंजाबी विषय की किताब की कहानियों की पंक्तियों, चित्रों गतिविधियों में महिला पात्रों की आवश्यकता को बताया गया है। सामाजिक विज्ञान विषय की किताब में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को कम इंगित किया है। साथ ही एलजीबीटी समुदाय को लगभग पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है।



## ट्यूलिप की खुशबू से महका लोधी गार्डन

देश के चल रहे ट्यूलिप उत्सव के दौरान नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने लोधी गार्डन में ट्यूलिप की विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे थे। यहां विदेशी ट्यूलिप भी गार्डन को महका रहे हैं और पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। बुधवार को भी गार्डन में सैकड़ों लोगों ने ट्यूलिप का दीदार किया। ● सलमान अली

# कमला नगर में दुकानों को सील करने के नोटिस जारी

नई दिल्ली, प्र.सं.। दिल्ली नगर निगम द्वारा कमला नगर में दुकानों को सील करने नोटिस दिए जा रहे हैं। बीते तीन दिन में 30 से अधिक नोटिस जारी किए गए, जिनमें कहा गया है कि आवासीय एवं मिश्रित भू-उपयोग वाले मकानों का इस्तेमाल व्यावसायिक तौर पर किया जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है।

व्यापारियों का कहना है कि एक तरफ निगम के शीर्ष अधिकारी कहते हैं कि किसी भी व्यापारी की उत्पीड़न नहीं किया जाएगा, लेकिन नोटिस की समय अवधि बता रही है कि सिर्फ तीन दिन में दुकानों को खाली करने की चेतावनी दी गई है।

**उत्पीड़न करने का आरोप :** कमला नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान नितिन गुप्ता का कहना है कि नोटिस भेजकर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है।

# बिजली का बकाया बिल किश्तों में जमा कराएं

**राहत**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने बिजली बिल की बकाया राशि को किश्तों में चुका सकेंगे। एनडीएमसी ने बुधवार को अपनी परिषद बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

इसके अलावा नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण से संबंधित कई प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने की। बैठक में परिषद अध्यक्ष अमित यादव, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। एनडीएमसी अधिकारियों के अनुसार, उनके क्षेत्र के उपभोक्ताओं से कई शिकायतें मिल रही थी। इसमें लोगों ने व्यावसायिक घाटे और चिकित्सा मुद्दों जैसे कारणों से पुराने बिजली और पानी के बिलों का पूरा भुगतान करने में असमर्थता जताई है। बिजली बकाया का भुगतान किश्तों में करने के इच्छुक उपभोक्ताओं को इसके लिए संबंधित विभाग को आवेदन करना होगा। संबंधित विभाग उपभोक्ता की वितीय स्थिति के आधार पर उनके अनुरोध को मंजूर कर सकता है।

### मुख्यमंत्री को परिषद से हटाने का प्रस्ताव पेश

एनडीएमसी परिषद की बैठक में लगातार तीन बार भाग नहीं लेने के चलते मुख्यमंत्री को परिषद से हटाने का प्रस्ताव बुधवार को पेश किया गया। परिषद सदस्य कुलजीत चहल ने कहा कि बुधवार को मुख्यमंत्री आम जनता के हित में उठाए गए प्रश्नों का उत्तर दिए बिना बैठक छोड़कर चले गए। उन्होंने कहा कि छठी बार मुख्यमंत्री इस तरह से बिना जवाब दिए चले गए। कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि मुख्यमंत्री के बैठक से जाने के चलते आम जनता के हितों के कई एजेंडे को परिषद में मंजूरी नहीं मिल सकी।

# सीलिंग के मामले पर बैठक बुलाई

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। नई दिल्ली क्षेत्र में हो रही सीलिंग के मुद्दे पर चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने शुक्रवार को बैठक बुलाई है। सीटीआई की तरफ से कहा गया है कि नई दिल्ली क्षेत्र में लगातार सीलिंग की जा रही है।

खासकर, कनॉट प्लेस में होटल, रेस्टोरेंट, बार, शोरूम व अन्य दुकानों को सील किया जा रहा है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में डर का माहौल है।

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल का कहना है कि बीते सप्ताह सात दुकानों को सील किया गया था और अब मंगलवार को पांच अन्य दुकानों को सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी द्वारा लगाए गए टैक्स का री-असेसमेंट किया जाना चाहिए। क्योंकि व्यापारियों पर बढ़ा-चढ़ाकर टैक्स लगाया गया है।

**मौसम का मिजाज** | मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया, तापमान में गिरावट आने के साथ हवा की रफ्तार भी 16 से 32 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने की संभावना

# दो दिन बारिश के बाद बढ़ सकती है ठंडक

■ दिन में धूप और सुबह-शाम सर्द हवा चलने से सर्दी बनी रहेगी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी में शुक्रवार और शनिवार को बारिश होने के बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। दिल्ली में अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी और एक बार फिर ठंड का एहसास होगा। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

राजधानी में बीते कुछ दिनों से सामान्य तापमान बना हुआ है। सुबह-शाम हल्की ठंडक है। वहीं, दिन में धूप निकल रही है। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान हल्की गिरावट के साथ 10.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, शुक्रवार को बारिश के चलते अधिकतम तापमान में लगभग चार डिग्री की कमी देखने को मिलेगी। शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 24 डिग्री रहने का अनुमान है। हवा की रफ्तार भी 16 से 32 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी।

**फरवरी में ज्यादा बारिश :** राष्ट्रीय राजधानी में इस साल फरवरी में 2014 के बाद सबसे ज्यादा बारिश हुई है। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, इस महीने अब तक 32.5 मिमी बारिश हुई है। इससे पहले 2014 के फरवरी माह में 48.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।



दिल्ली के कर्तव्यपथ पर बुधवार को धूप के बीच टहलते पर्यटक। ● सोनू मेहता

# छह दिन तक राजधानी में प्रदूषण से राहत की उम्मीद

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी में अगले छह दिनों तक प्रदूषण से राहत जारी रहेगी। इस दौरान एक्यूआई मध्यम या संतोषजनक श्रेणी में रहेगा। वहीं, बुधवार को सूचकांक में हल्की कमी देखने को मिली। मंगलवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 159 अंक था। बुधवार को यह 142 दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली में लगभग एक सप्ताह से प्रदूषण काफी कम है। इसके चलते केन्द्रीय वायु गुणवत्ता आयोग ने ग्रैप के सभी चरणों की पाबंदियों को भी हटा लिया है। दिल्ली में फिलहाल हवा की रफ्तार सामान्य चल रही है। बुधवार को हवा की रफ्तार 10 से 16 किलोमीटर के बीच रही। इसके चलते प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कणों का बिखराव हुआ। आने वाले दिनों में भी हवा की रफ्तार बढ़ेगी। वहीं, शुक्रवार और शनिवार को बारिश होने का अनुमान है। इसके चलते वायु गुणवत्ता में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि गुरुवार एवं शुक्रवार को प्रदूषण मध्यम में ही बना रहेगा, लेकिन शुक्रवार को होने वाली बारिश के बाद शनिवार को यह संतोषजनक श्रेणी में चला जाएगा।

# गढ़ी रंधाला गांव से बस सेवा बहाल

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली के रंधाला गांव से रूट नंबर 928 की बस सेवा दोबारा बहाल कर दी गई है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को निजामपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में बस को हरी झंडी दिखाई।

35 किलोमीटर के इस रूट पर बस चलने से लोगों की कश्मीरी गेट और पुरानी दिल्ली से आवाजाही आसान होगी। इस बस मार्ग से गढ़ी रंधाला, सावदा, घेवरा, मुंडका और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में यात्रियों को लाभ होगा।

गहलोत ने कहा कि गढ़ी रंधाला गांव से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बसों का परिचालन कई वर्षों से बंद था। जब मेरे संज्ञान में यह बात आई तो मैंने तुरंत लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस रूट को पुनः शुरू करने के आदेश दिए।

# आतिशी बोलीं, सोलर नीति सही, एलजी ने पानी के बिल पर घेरा

दिल्ली में सौर ऊर्जा नीति और पानी के बिलों पर बुधवार को नया विवाद खड़ा हो गया। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने विधानसभा में कहा कि एलजी आचार संहिता लगने से पहले इस योजना को लागू नहीं होना देना चाहते। सदन में इसे लेकर निंदा प्रस्ताव भी पास किया गया। उधर, एलजी ने पत्र लिखकर कहा कि पानी की योजना को लेकर सरकार के मंत्रियों द्वारा गलत बयान दिए जा रहे हैं। जिस योजना को रोकने का आरोप उन पर लगाया जा रहा है, वह उनके पास आई ही नहीं।

### वार

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली विधानसभा में बुधवार को सौर ऊर्जा नीति रोकने का मामला उठाने के बाद आतिशी ने पत्रकारवार्ता की। उन्होंने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एलजी भाजपा की ओर से बैटिंग कर रहे हैं। यही वजह है कि उन्होंने सौर ऊर्जा नीति रोक दी है।

उन्होंने कहा कि इस नीति का मकसद दिल्ली में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के साथ दिल्लीवालों का बिजली का बिल जीरो करना है। इस नीति के तहत अगर कोई उपभोक्ता 400 यूनिट से अधिक बिजली की खपत कर रहा है तो वह अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली का बिल जीरो कर सकता है।

**कैबिनेट पास कर चुकी :** आतिशी ने कहा कि 29 जनवरी 2024 को दिल्ली सरकार ने कैबिनेट में सौर ऊर्जा नीति को पास कर दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसकी घोषणा भी कर दी। सौर ऊर्जा नीति की अंतिम मंजूरी के लिए फाइल एलजी को भेज दी गई। एलजी फाइल रोककर बैठे रहे। बार-बार उन्हें लिखते रहे और अपील करते रहे कि सौर ऊर्जा नीति को मंजूरी देकर फाइल वापस भेजें। अब वह उसे मंजूरी देने के बजाय उस पर उलटे-सीधे सवाल पूछे हैं, जिससे अधिकारी उस फाइल को घुमाते रहे और योजना लागू ना हो।



■ कहा, मंजूरी के लिए फाइल भेजी गई लेकिन उसको रोककर रखा है

**निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के आरोप खारिज :** आतिशी ने एलजी के उन आरोपों को खारिज कर दिया है जिसमें रेस्को मॉडल के जरिए निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। आतिशी ने कहा कि एलजी की तरफ लगाए गए यह आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने वापस भेजी फाइल में भी इसका कोई जिक्र नहीं किया है। उन्होंने कहा कि रेस्को मॉडल का मकसद यह है कि जिसके पास छत है, लेकिन सोलर पैनल लगाने के लिए पैसे नहीं हैं तो वह निजी कंपनियां अपने खर्च पर उसके छत पर सोलर पैनल लगाएंगी।

## ‘17 लाख उपभोक्ताओं के बिल भी माफ किए जाएं’

### पलटवार

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** पानी के बिलों को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार को घेरते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि 17 लाख उपभोक्ताओं के बिल भी माफ किए जाएं।

एलजी ने गलत बिल भेजे जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जल बोर्ड के कुल 27 लाख उपभोक्ताओं में से 10 लाख ने बिल नहीं भरा है। वहीं, 17 लाख उपभोक्ताओं ने ईमानदारी से अपना बिल भरा है। दिल्ली सरकार अगर 10 लाख लोगों के बिल माफ करना चाहती है तो 17 लाख लोगों के रुपये भी ब्याज सहित वापस लौटाए जाएं। वर्ष 2012 से अब तक इन लोगों ने 13 हजार करोड़ से ज्यादा रुपये का बिल भरा है। उपराज्यपाल ने लिखा है कि बीते कुछ दिनों से पानी की योजना को लेकर सरकार के मंत्रियों द्वारा गलत बयान दिए जा रहे हैं। यह योजना दिल्ली जल बोर्ड, शहरी विकास विभाग और वित्त मंत्रालय के अधीन है। इन सभी मंत्रालयों पर पूरा कंट्रोल आम आदमी पार्टी के मंत्रियों का है, जिस योजना को रोकने का आरोप उन पर लगाया जा रहा है, वह उनके पास आई ही नहीं है। मंत्री द्वारा गलत बयान दिए जा रहे हैं।

एलजी ने कहा, जल बोर्ड की इस योजना को जून 2023 में लागू किया जाना था। अब केवल राजनीति करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। यह दिल्ली सरकार के विभागों के पास ही लंबित है। उपराज्यपाल ने पत्र में कहा है कि बीते 19 फरवरी को विधानसभा में चर्चा के दौरान उन्हें लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए सरकार उपराज्यपाल पर आरोप लगाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह दी है कि वह विधानसभा अध्यक्ष से कहें कि इन बातों को कार्यवाही से हटवाया जाए।

# उत्तरकाशी में मजदूरों को बचाने वाले का घर तोड़ा



श्रीराम कॉलोनी में बुधवार को डीडीए ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत रैट माइनर वकील हसन का आशियाना ध्वस्त कर दिया। ● हिन्दुस्तान

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** पिछले साल उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग से 41 मजदूरों को बाहर निकालने में मदद करने वाले दिल्ली के रैट माइनर वकील हसन का आशियाना बुधवार को उजड़ गया। डीडीए ने श्रीराम कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जिसमें हसन का मकान भी तोड़ दिया गया।

■ पीड़ित ने परिवार सहित अनशन शुरू किया
■ कार्रवाई के समय घर पर बच्चे अकेले थे

**15 साल से रह रहे थे :** मलबे में तब्दील हुए मकान के बाहर वकील हसन ने परिवार संग अनशन शुरू कर दिया है। घर के टूटने से परिजनों का बुरा हाल है। हसन का आरोप है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने बुधवार सुबह उनके खजूरी खास के श्री राम कॉलोनी स्थित मकान पर बुलडोजर चलाकर उसे ढहा दिया।

उन्होंने बताया कि 15 साल पहले उन्होंने 80 गज के मकान को 38 लाख रुपये में खरीदा था। जिसके लिए पत्नी के आभूषण तक बेचने पड़े थे। मकान की रजिस्ट्री नहीं थी। मगर, पावर ऑफ अटॉर्नी जरूर थी। उनका आरोप है कि डीडीए ने बिना नोटिस के मकान को अनाधिकृत बताकर बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया, जिस वक्त यह कार्रवाई की गई। उस समय घर पर उनके तीन बच्चे थे। वह और उनकी पत्नी जरूर काम से बाहर थे। उन्होंने आरोप लगाया कि डीडीए ने कॉलोनी में सिर्फ उनके घर पर यह कार्रवाई की है। बाकी घरों पर कोई तोड़फोड़ नहीं की है। सरकार से मेरी कोई मांग नहीं है। मैं सिर्फ अपना पहले जैसा घर चाहता हूं।

**रुटीन के तहत की कार्रवाई :** डीडीए प्रशासन के अनुसार खजूरी में प्राधिकरण की तरफ से रूटीन कार्रवाई की गई है। यह जमीन वर्ष 1986 से डीडीए के अधीन है। डीडीए ने कई बार इस जगह से अवैध कब्जे को हटाया है। इससे पहले वर्ष 2017 में भी डीडीए ने अवैध कब्जे को हटाया था। इस जगह पर फिर से अवैध रूप से अतिक्रमण करने की जानकारी का पता चला था। जिसके बाद बुधवार को डीडीए प्रशासन ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण को हटाया है। इस कार्रवाई के तहत किसी को टारगेट नहीं किया गया है।

### शहर 30s

#### जमानत बॉन्ड में देरी पर नोटिस

**नई दिल्ली।** जेल अधीक्षकों द्वारा जमानत बॉन्ड स्वीकार करने से संबंधित औपचारिकताओं में देरी के मामले को स्वत: संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने जेल महानिदेशक और दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने बुधवार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में अगली सुनवाई सात मार्च को होगी।

#### ‘दिल्ली की समस्या पर मेनिफेस्टो तैयार होगा’

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी तैयारी में जुट गई है। बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि पार्टी दिल्लीवालों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपना मेनिफेस्टो न्याय संकल्प पत्र तैयार करेगी। इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर उनकी राय लेंगे।

#### आप-कांग्रेस संयुक्त प्रचार करेंगी : पाठक

**नई दिल्ली।** आप के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने कहा कि उनकी पार्टी और कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में संयुक्त प्रचार अभियान चलाएंगी और जल्द ही बैठकें आयोजित होंगी। पाठक ने कहा कि सीटों के बंटवारे की व्यवस्था दोनों दलों ने पारस्परिक रूप से तय की है जिसके बाद आप की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) एक निष्कर्ष पर पहुंची।

#### प्रगति मैदान टनल का मरम्मत कार्य जारी

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान टनल की मरम्मत का कार्य एक महीने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते कई हिस्सों में ट्रैफिक बाधित हो रहा है। खासकर शाम के वक्त इंडिया गेट सर्किल के रास्ते रिंग रोड तक आने में लोग जाम फंस रहे हैं। वहीं, टनल के अंदर वॉल पेंटिंग पर भी दोबारा से काम चल रहा है।




## मंत्रियों की मनाही के बाद भी वॉलंटियर हटाए : सरकार

### बजट सत्र

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** दिल्ली सरकार में राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि मंत्रियों की लिखित में मनाही के बाद भी सिविल डिफेंसकर्मियों को 31 अक्तूबर 2023 को हटा दिया गया।

एलजी के दबाव में अधिकारियों ने यह फैसला करके महिलाओं की सुरक्षा के साथ समझौता किया और एक झटके में 10 हजार से अधिक वॉलंटियर को सड़क पर ला दिया। आतिशी ने बुधवार को सदन में सिविल डिफेंसकर्मियों को लेकर हो रही अल्पकालिक चर्चा पर जवाब दिया। आतिशी ने कहा, सभी जानते हैं कि डीटीसी बसों में महिलाओं को सफर का क्या अनुभव होता है। कॉलेज जाने वाली लड़की हो या फिर कामकाजी महिला। डीटीसी की बसों में हमेशा उनके साथ अश्लीलता, बदतमीजी की खबरें आती रहती हैं। वर्ष 2015 में जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने इस समस्या पर ध्यान दिया और बसों में सिविल डिफेंसकर्मियों को बतौर बस मार्शल तैनात किया। अचानक राजस्व विभाग के अधिकारी ने आदेश दे दिया कि सभी बस मार्शल को हटा दिया गया। वहीं, सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम बस मार्शल के साथ है, लेकिन उन्हें भाजपा सांसदों के यहां जाना चाहिए। उनसे कहना चाहिए कि एलजी से बोलिए की हमें रखें।

#### संविदाकर्मियों को पक्का करें : बिधूड़ी

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सिविल डिफेंसकर्मियों को लेकर हुई चर्चा को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार की सिफारिश पर ही सिविल डिफेंसकर्मियों को हटाया गया था। हम सरकार से मांग करते हैं कि सिविल डिफेंसकर्मियों के साथ होमगार्ड, आंगनबाड़ी, आशा वर्कर्स, गेस्ट टीचर्स, वोकेशनल टीचर्स, सफाई कर्मचारी, डीटीसी तथा दिल्ली सरकार में ठेके पर काम कर रहे सभी संविदा कर्मचारियों को भी पक्का किया जाए।

#### मुद्दों से भटकाने का प्रयास : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, आप सरकार की पानी बिलों को लेकर वन टाइम सेटलमेंट योजना छलावा मात्र है। सरकार बीच-बीच में योजना का जिक्र कर मुद्दों से भटकाने का प्रयास करती है और फिर चुप्पी साध जाती है।

FMCG
DISTRIBUTORS
REQUIRED FOR
WASHING POWDER
COMPANY IN DELHI NCR
Interested Party
Can Get In Touch !
8299877823

KALINGA INSTITUTE OF SOCIAL SCIENCES (KISS)
Bhubaneswar, Odisha, India
A home for 80,000 indigenous children



KISS HUMANITARIAN AWARD 2023

Date: 28th February 2024

PAST RECIPIENTS

**Her Excellency Mama Rachel Ruto, EGH**
First Lady of the Republic of
**Kenya (2022)**

**Dr. Dansa KOUROUMA**
President, National Transition Council of Guinea, **Guinea (2019)**

**Professor Muhammad Yunus**
(Nobel Laureate)
Founder, Grameen Bank,
**Bangladesh (2018)**

**His Holiness**
**The 14th Dalai Lama (2017)**
Nobel Laureate, 2005 and
Spiritual Leader

**Ms. Ashley Judd,**
Hollywood Actor, Activist & Global Goodwill Ambassador, **UNFPA (2016)**

**His Excellency**
**Dr Alejandro Toledo,**
Former President of **Peru (2015)**

**Ms. Anne F. Stenhammer**
Former Regional Programme Director,
UN Women, **South Asia Regional Office (2014)**




**Mr. Bill Gates**, Co-chair of the Bill & Melinda Gates Foundation, and Co-Founder & former CEO of Microsoft receiving the prestigious **KISS Humanitarian Award 2023** from **Prof. Achyuta Samanta**, Founder, KIIT, KISS & KIMS, Bhubaneswar, Odisha, India.

**Madam Albina Du Boisrouvray**
Founder, Association François-Xavier Bagnoud (FXB International),
**Switzerland (2013)**

**His Excellency**
**Lyonchhen Jigmi Y. Thinley**
Hon'ble Prime Minister, The Royal Government of **Bhutan (2012)**

**Rt Hon. Lord Nicholas Addison Phillips**
President (Chief Justice) of the Supreme Court of the
**United Kingdom (2011)**

**Rt. Hon. Sir Anerood Jugnauth**
Eminent Social Worker &
His Excellency the President of
**Mauritius (2010)**

**Dr. Ham Kee-Sun**
Eminent Educationist & Physician and Hon'ble President & Founder, Hanseo University, **South Korea (2009)**

**Ms. Edna Bomo Molewa**
Noted Social Worker & Hon'ble Cabinet Minister, Social Development, South Africa National Assembly,
**South Africa (2008)**

AWARDEES ARE FROM
**5** Continents
**13** Countries
**2** Nobel Laureates *among the awardees*

The KISS Humanitarian Award is a prestigious annual international award conferred by the Kalinga Institute of Social Sciences (KISS) in Bhubaneswar, India, conceptualized and the brainchild of visionary humanitarian and educationist Prof. Achyuta Samanta, Founder of KIIT and KISS. The award was initiated in 2008 to recognize and felicitate individuals for their exemplary and distinguished service to humanity across the globe.

The award ceremony for the years 2020 and 2021 has not taken place due to COVID-19. The awards will be received by legendary Indian personalities soon.

www.kiss.ac.in | www.kiit.ac.in | www.achyutasamanta.com | facebook.com/kissfoundation | facebook.com/KIITUniversity | facebook.com/achyutasamanta

## काम की खबरें

**1 सैन्य विद्यालय में दाखिले के लिए आवेदन करें**

शिक्षा निदेशालय ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य विद्यालय में दाखिले के लिए सूचना जारी की है। **https://rimc.gov.in/rimcindex.aspx** वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**2 अतिथि शिक्षकों को आईडी अपडेट कराने का मौका**

शिक्षा निदेशालय ने अतिथि शिक्षकों को आईडी अपडेट करने का अवसर दिया है। अतिथि शिक्षक निदेशालय की वेबसाइट **https://www.edudel.nic.in//** लिंक पर जाकर अपनी ईमेल आईडी, फोन नंबर, पता सहित दूसरी जरूरी चीजों को 15 मार्च तक अपडेट कर सकेंगे।

**3 लाल साईं मंदिर मार्ग के पास ट्रैफिक प्रभावित रहेगा**

सिविक एजेंसी द्वारा जनकपुरी स्थित लाल साईं मंदिर मार्ग के समीप मरम्मत कार्य किया जा रहा है। मेजर पी. श्रीकुमार मार्ग के समीप चल रहा यह मरम्मत कार्य अगले 12 दिनों तक चलने का अनुमान है। इसके चलते आगामी 11 मार्च तक इसके आसपास यातायात प्रभावित रहेगा।

**4 एक मार्च तक चलने वाला कृषि मेला स्थगित**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा 28 फरवरी से एक मार्च तक तक लगाए जाने वाला कृषि मेला स्थगित हो गया है। संस्थान के निदेशक ने इस बाबत जानकारी दी। हालांकि बीजों की बिक्री जारी है। किसान पूसा स्थित संस्थान के बीच केंद्र से बीज खरीद सकते हैं।

**5 डीयू में अगले माह पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन**

दिल्ली विश्वविद्यालय में 66वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी एक मार्च को गौतम बुद्ध शताब्दी उद्यान में आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम दोपहर एक बजे से शुरू होगा। डीयू ने एक बजे के बाद से सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य बंद करने के निर्देश दिए हैं।

## आज का मौसम

27.0° अधिकतम | 11.0° न्यूनतम

सूर्योदय: 06:48 | सूर्यास्त: 18:19

**अनुमान**
मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के कई इलाकों में बादल छाए रहेंगे।

## शहर 30s

### एयरपोर्ट पर विदेशी मुद्रा बरामद

नई दिल्ली। सीआईएसएफ ने बुधवार को आईजीआई एयरपोर्ट के रास्ते अवैध तरीके से विदेशी मुद्रा ले जा रहे एक शख्स को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 16 लाख रुपये से ज्यादा कीमत की विदेशी मुद्रा बरामद हुई है। आरोपी को कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। कस्टम विभाग द्वारा यात्री से पूछताछ की जा रही है। आरोपी को शक के आधार पर पूछताछ के लिए रोका गया था।

### गर्भपात की दवा ले जा रहा शख्स धरा

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट से बुधवार को अवैध दवाइयों के साथ एक यात्री को पकड़ा। वह उज्बेकिस्तान जा रहा था। इन दवाइयों का इस्तेमाल गर्भपात के लिए किया जाता है। आरोपी यात्री दवाइयों से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। इनकी कीमत 1.38 करोड़ रुपये बताई गई है। फिलहाल कस्टम विभाग की टीम ने आरोपी को दवाइयों के साथ कब्जे में ले लिया है। टीम आरोपी यात्री से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### फर्जी आधार कार्ड सहित यात्री गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट में फर्जी आधार कार्ड दिखाकर प्रवेश करने वाले एक यात्री को सीआईएसएफ ने पकड़ा है। आरोपी ने आधार कार्ड पर नाम बदल दिया था। जांच के दौरान उसने टिकट और आधार कार्ड दिखाया ,जिसमें नाम दानिश अब्बास लिखा था। शक होने पर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने आधार कार्ड पर नाम बदलने की बात कबूल कर ली। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### साहित्य अकादमी में गोष्ठी का आयोजन

नई दिल्ली। सेतु प्रकाशन समूह की ओर से साहित्य अकादमी में मंगलवार को 'कथेतर समय' पर गोष्ठी का आयोजन किया। अक्स, मलयज के पत्र और रोजनामचा सहित तमाम कथेतर कृतियों के संदर्भ में साहित्कार अशोक वाजपेयी, आलोचक ज्योतिष जोशी, कथाकार गरिमा श्रीवास्तव एवं प्रवीण कुमार ने रोचक बातें कही। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में अखिलेश की पुस्तक 'अक्स' को आधार बनाकर किस्सागो हिमांशु वाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा ने प्रस्तुति दी।

### पानी की पाइपलाइन टूटने से जाम लगा

नई दिल्ली। नजफगढ़ रोड पर धौली प्याऊ से लेकर जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर तक बुधवार को जाम की समस्या रही। पानी की पाइप लाइन टूटने के चलते यहां सड़क पर पानी आ गया, जिसके चलते वाहन चालकों के लिए यहां से निकलना मुश्किल हो गया। सड़क पर पानी फैलने की वजह से दोपहिया सवार वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि पानी की वजह से फिसलन बढ़ गई थी। इसकी जानकारी जल बोर्ड को दे दी गई है।

### आईजीआई कॉलेज श्यामलाल हॉकी में विजेता

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज (आईजीआई) ने दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी को फाइनल में 4-2 से हराकर दसवें श्यामलाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट में महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। विजेता टीम की तरफ से शालिनी ने तीन और कंचन ने एक गोल किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी की तरफ से दोनों गोल सोनाली ने किए। वूमेन ऑफ द मैच का अवॉर्ड शालिनी को मिला।

### डीयू ने स्नातक दाखिले की विवरणिका जारी की

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने एनटीए द्वारा सीयूईटी के लिए आवेदन प्रकिया जारी करने के बाद स्नातक दाखिले को लेकर अपनी नियमावली और जानकारी जारी कर दी है। डीयू में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को सीयूईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक है, क्योंकि सीयूईटी के अंकों के आधार पर ही डीयू दाखिला लेगा। हालांकि, स्नातक को लेकर कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है।

नाबालिग ने फ्लैट पर नशीला पदार्थ खिलाकर वारदात की

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर 12वीं की छात्रा से दुष्कर्म

**शर्मनाक**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** सागरपुर इलाके में इंस्टाग्राम पर दोस्त बने नाबालिग ने मंगलवार को 12वीं की छात्रा से दुष्कर्म कर दिया। अधिक रक्तस्राव से डाबड़ी मेट्रो स्टेशन पर जब पीड़िता अचेत हो गई तो सीआईएसएफ जवान को घटना का पता लगा।

पुलिस ने आरोपी नाबालिग को दबोच लिया है। वहीं, पीड़िता अस्पताल में ऑपरेशन के बाद डॉक्टर की निगरानी में है। 17 वर्षीय पीड़िता सरकारी स्कूल में 12वीं की छात्रा है और परिवार सहित आईजीआई एयरपोर्ट के पास रहती है। पीड़िता ने बताया कि बीते साल अक्तूबर में इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती एक नाबालिग से हुई थी। वह दिल्ली कैंट के सदर बाजार स्थित सरकारी स्कूल में 12वीं का छात्र है। दोनों अक्सर इंस्टाग्राम पर चैट करते थे। वह जनकपुरी स्थित कोचिंग सेंटर में भौतिक विज्ञान पढ़ने जाती है।

नाबालिग ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर मैसेज कर उसे मिलने बुलाया। वह एक बजे घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली और करीब तीन बजे ट्यूशन के बाद सागरपुर स्थित काली माता मंदिर के पास पहुंची। यहां नाबालिग पहले से इंतजार कर रहा था।

वह पीड़िता को ई-रिक्शा में बैठाकर अंदर गली में अपने दोस्त के फ्लैट पर ले गया। यहां छात्रा को नशीला पदार्थ मिलाकर छोले-भटूरे खिलाए, जिसके बाद वह अचेत हो गई। इसके बाद आरोपी ने छात्रा से दुष्कर्म किया, जिसकी वजह से वह घायल हो गई। वह किसी तरह से खुद को संभालकर ई-रिक्शा से डाबड़ी मेट्रो स्टेशन पर पहुंची। इस दौरान रक्तस्राव होने लगा तो वह बाथरूम की तरफ गई, लेकिन खून बहने से वह अचेत हो गई। सीआईएसएफ की महिला कर्मियों ने सूचना मिलने पर उसे घेर लिया।

इस बीच छात्रा के फोन पर परिजनों के कॉल आ रहे थे। तब सीआईएसएफ कर्मियों ने परिजनों को पूरे हालात बताए और छात्रा को पहले नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में मालूम हुआ कि दुष्कर्म की वजह से उसकी हालत गंभीर हो गई है। इसके बाद छात्रा को दूसरे अस्पताल में भर्ती किया गया।



**पीड़िता की हालत स्थिर**

बुधवार सुबह ऑपरेशन के बाद पीड़िता की हालत स्थिर बनी हुई है, लेकिन डॉक्टर लगातार निगरानी रखे हुए हैं। वहीं पुलिस ने परिजनों की सूचना पर दुष्कर्म और पोक्सो आदि की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही आरोपी नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

**चाकू दिखाकर किशोर का यौन शोषण किया**

नई दिल्ली, व.सं.। सुभाष प्लेस इलाके में सोमवार देर रात इलाके में घूम रहे किशोर को बाइक सवार नाबालिगों ने बंधक बना लिया। फिर चाकू की नोक पर किशोर से कुकर्म किया और जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। पुलिस ने कुकर्म और पोक्सो की धारा में एफआईआर दर्ज कर बुधवार को तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसमें दो आरोपी बालिग हैं, लेकिन उन्होंने नाबालिग होने का दावा किया है, इसलिए मेडिकल जांच कराने के बाद इसका निर्णय लिया जाएगा। पुलिस ने शिकायत मलिने के बाद मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**राहत : आईटीओ से हटाए जा रहे बैरिकेड-कंटेनर**

किसानों के दिल्ली कूच को लेकर दिल्ली में जगह-जगह लगाए गए बैरिकेड हटाए जा रहे हैं। बुधवार को आईटीओ पर तिलक ब्रिज के नीचे रखे बैरिकेड पुलिस ने सड़क किनारे कर दिए। साथ ही, यहां रखे कंटेनरों को भी हटाना शुरू कर दिया गया है। इसके चलते यहां जाम लग रहा था और लोगों को घंटों जूझना पड़ रहा था। ● सोनू मेहता

# तानों से तंग मां ने बेटे को मार डाला

**सनसनीखेज**

■ हेमंत कुमार पांडेय

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में एक महिला ने मंगलवार को अपने डेढ़ साल के बेटे की गला घोटकर हत्या कर दी। उसने बताया कि आसपास के लोग बच्चे को अवैध होने का ताना देते थे, जिससे वह तंग आ गई थी।

पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपकर महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 27 वर्षीय राधा अपने पति गोविंद और तीन एवं डेढ़ साल के दो बच्चों के साथ उत्तम नगर इलाके में रहती है। डेढ़ साल के आरव को लेकर आसपास के लोग राधा को ताना देते थे कि उसका पिता गोविंद नहीं कोई और है। इसकी वजह से वह तनाव में रहने लगी थी।

कई बार उसका रिश्तेदारों और पड़ोसियों से झगड़ा भी हुआ। पुलिस ने बताया कि आए दिन के तानों से तंग आकर राधा ने मंगलवार को आरव को उसके गले में पहने ताबीज से गला घोटकर मार डाला। फिर शव को खिड़की के पास रख दिया।

जब गोविंद ने बच्चे को अचेत देखा तो वह घबरा गया। इस पर राधा ने कहा कि शायद खिड़की के जाल में गला फंसने से वह बेहोश हो गया है। इसके बाद परिजन बच्चे को तारक अस्पताल ले गए। उसके गले में निशान देखकर अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने जब सख्ती से राधा से पूछताछ की तो सारा मामला सामने आ गया।

# प्ले स्कूल संचालिका की हत्या कर जान दी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** नरेला इलाके में एक शख्स ने प्ले स्कूल संचालिका की गला घोटकर हत्या कर दी। बाद में आरोपी ने सोनीपत में ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। वारदात की जानकारी बुधवार को तब हुई जब महिला की लाश प्ले स्कूल के ऑफिस से बरामद हुई।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रमुख राजनीतिक दल से जुड़ी 32 वर्षीय वर्षा अपने पिता के साथ स्वतंत्र नगर में रहती थी। छह माह पहले ही वर्षा का तलाक हुआ था। वह इस दौरान सोहन लाल नाम के शख्स के संपर्क में आई। दोनों ने साझेदारी में स्वतंत्र नगर में ही प्ले स्कूल खोला, जिसके एडमिशन आदि की प्रक्रिया चल रही थी। बताया जाता है कि 23 फरवरी को वर्षा अपने ऑफिस में थी। इसी दौरान सोहन लाल ने गला घोटकर उसकी हत्या कर दी और उसका फोन व सामान आदि लेकर फरार हो गया। भागते समय उसने ऑफिस पर बाहर से ताला लगा दिया। जब बेटी घर नहीं लौटी तो उसके पिता विजय कुमार स्कूल पहुंचे और दूसरी चाबी से ताला खोलकर पूरी इमारत देखी। बेटी नहीं मिली तो उसे फोन किया, लेकिन उसका भी कोई जवाब नहीं मिला।

अगले दिन उन्होंने दोबारा फोन किया तो किसी शख्स ने सोनीपत में फोन उठाया। उसने बताया कि शराब पीकर एक युवक लेटा हुआ है और इसी के पास फोन और लेडीज बैग है। इस शख्स ने सारा सामान स्थानीय जीआरपी को सौंप दिया। पिता ने 24 फरवरी को नरेला थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई और खुद ही फोन व लेडीज बैग सोनीपत जीआरपी से लेकर नरेला पुलिस को सौंप दिया। इस बीच सोहन लाल ने सोनीपत-हरसाणा रेल मार्ग पर ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली।



**कार्यालय में सड़ चुका था महिला का शव**

वर्षा का कोई पता नहीं चल पा रहा था। तब विजय कुमार बुधवार को दोबारा प्ले स्कूल गए और ऑफिस से तलाशी शुरू की। ऑफिस के दरवाजे पर पहुंचते ही उन्हें बेटी का सिर दिखाई दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लाश सड़ चुकी थी। गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं, सोहनलाल की मौत और हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# सुनहरी बाग की मस्जिद हटाने का मामला लंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को अवगत कराया गया कि सुनहरी बाग मस्जिद के प्रस्तावित विध्वंस का मुद्दा धरोहर संरक्षण समिति की सिफारिश के लिए उसके समक्ष भेजा गया है।

अदालत मस्जिद के इमाम की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के 24 दिसंबर के उस सार्वजनिक नोटिस को चुनौती दी गई है, जिसमें आम जनता से मस्जिद को हटाने के संबंध में आपत्तियां/सुझाव देने को कहा गया था। यातायात पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय जैन ने कहा कि याचिका इस स्तर पर निरर्थक है, क्योंकि मामला एचसीसी के समक्ष लंबित है और याचिकाकर्ता समिति के फैसले के बारे में पूर्वानुमान नहीं लगा सकता है।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने भी इस पहलू पर याचिकाकर्ता के वकील से सवाल किया कि क्या याचिका पर फिलहाल बहस की जा सकती है, क्योंकि विध्वंस का खतरा एचसीसी द्वारा सिफारिश किए जाने के बाद ही आएगा।


www.livehindustan.com

**टॉप ट्रेंडिंग खबरें**
www.livehindustan.com पर सबसे ज्यादा देखी-पढ़ी गई खबरों को पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

**टॉप वीडियो**
www.livehindustan.com पर जारी शीर्ष नवीनतम वीडियो को देखने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

**टॉप पॉडकास्ट**
www.livehindustan.com के शीर्ष नवीनतम पॉडकास्ट सुनने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें।


## कैंसरग्रस्त रोगी मेट्रो के आगे कूदा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** राजधानी के उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को कैंसर पीड़ित शख्स ने मेट्रो के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। हालांकि, घटना घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

बताया जा रहा है कि 39 वर्षीय शख्स बीमारी से परेशान था। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण उसने खुदकुशी कर ली। मरने वाला शख्स मुकुंदपुर इलाके का रहने वाला था और पेंटर का काम करता था। पुलिस को पत्नी ने बताया कि कैंसर से पीड़ित होने के कारण आजकल वह काम नहीं कर रहा था।

# उज्बेकिस्तानी बच्चे के सिर से ट्यूमर निकाला

**कामयाबी**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में डॉक्टरों ने उज्बेकिस्तान से आए छह साल के बच्चे की जटिल सर्जरी कर जान बचाई है। बच्चे के सिर के पिछले हिस्से में करीब 12 सेमी आकार का बड़ा ट्यूमर मौजूद था।

बच्चे को द्वारका स्थित आकाश अस्पताल में भर्ती किया गया। जांच में पता चला कि यह एक प्रकार का कैंसर था। इसकी तुरंत सर्जरी होनी बेहद जरूरी थी क्योंकि इसका आकार बढ़ता जा रहा था। इस ट्यूमर को निकालने के बाद उसके सिर में बड़ा घाव हो गया था तो डॉक्टरों ने पुनर्गठन सर्जरी के जरिए उस हिस्से को ठीक किया।

पीड़ित बच्चे के शरीर में ट्यूमर के अवशेष होने का कोई सबूत नहीं है। आकाश अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. परवीन जैन ने बताया कि यह राउंड सेल ट्यूमर था जो बच्चे को सर्जरी करने के बाद फिर से उभर आता था।

## चार महीने से धरने पर बैठे बस मार्शल

**नई दिल्ली।** नौकरी की मांग को लेकर सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स बस मार्शल का धरना जारी है। बुधवार को धरना स्थल पर बड़ी संख्या में बस मार्शल एकत्रित हुए।

राजघाट पावर हाउस पर चल रहे धंधे के बीच महिलाओं की मौजूदगी भी देखी गई। मार्शल मुकेश ने बताया कि हम लोग लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। 4 महीने पहले नियमों का हवाला देकर हम लोगों की सेवाएं समाप्त कर दी गई। उसे वक्त कहा गया कि जल्द ही आप लोगों को होमगार्ड के तौर पर तैनाती दी जाएगी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है।

# पद्म भूषण बेचते हुए पांच लोग पकड़े

**शिकंजा**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी के साकेत इलाके से चोरी किए पद्म भूषण बेचने की कोशिश कर रहे हेल्थ अटेडेंट समेत पांच आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक जौहरी के यहां मेडल बेचने की कोशिश कर रहे थे।

आरोपियों में श्रवण कुमार, हरि सिंह, रिंकी देवी, वेद प्रकाश और प्रशांत विश्वास शामिल हैं। सभी आरोपी मदनपुर खादर के रहने वाले हैं। इनमें प्रशांत विश्वास जौहरी है। इलाके के डीसीपी राजेश देव के मुताबिक गत 27 फरवरी को मदनपुर खादर के रहने वाले हरि सिंह, रिंकी देवी और वेद प्रकाश ने पदक बेचने के लिए दलीप नामक जौहरी से संपर्क किया। दलीप ने उसे नहीं खरीदा और इस बारे में कालिंदी कुंज थाने को खबर कर दी। इसके बाद पुलिस ने जांच आरंभ की और तीनों की पहचान कर उन्हें धर दबोचा। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

**नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष का मेडल चुराया था**

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह मेडल हेल्थ अटेडेंट का काम करने वाले श्रवण ने चुराया था। वह साकेत में डीडीए फ्लैट निवासी समरेश चटर्जी के यहां मेडिकल अटेंडेंट के तौर पर कार्यरत था, क्योंकि वह अकेले रहते थे, इसलिए वह उनके घर काम करता था। श्रवण ने ही मौका पाकर उनके घर से मेडल चुराया था। इसके बाद पुलिस ने श्रवण और एक जौहरी को भी पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि यह पद्म भूषण जीसी चटर्जी को दिया गया था जो पंजाब विश्वविद्यालय राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति, यूपीएससी के सदस्य और नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष थे। जीसी चटर्जी, समरेश चटर्जी के दादा लगते थे।

## लूटपाट के लिए किया था कत्ल

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** जामिया नगर इलाके में हुए कत्ल के मामले में पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक ई-रिक्शा लूटने के लिए एक जानकार ने ही वारदात को अंजाम दिया था।

आरोपियों में जोगा बाई एक्सटेंशन निवासी साहिल अंसारी और जामिया नगर निवासी अफसर अली शामिल हैं। डीसीपी साउथ ईस्ट राजेश देव ने बताया गत 27 फरवरी को जामिया नगर में शिकायतकर्ता बेबी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बड़ा बेटा 15 वर्षीय गुलजार गत 24 फरवरी की शाम से लापता हो गया था।

**परेशानी** | उत्तरी दिल्ली को सीधे दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे से जोड़ने का था प्रस्ताव, मंत्रालय की अध्यक्षता में बनी थी हाई पावर कमेटी

# जाम मुक्त करने की योजना आठ साल बाद भी अटकी

■ अरुण चड्ढा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली से वाहनों का दबाव कम करने वाली तमाम सारी योजनाओं पर काम चल रहा है, लेकिन कुछ अहम योजनाएं आठ वर्ष के बाद भी धरातल पर नहीं उतर पाई हैं।

इनमें वो परियोजनाएं भी शामिल हैं, जिनका प्रस्ताव आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अध्यक्षता वाली हाई पावर कमेटी ने रखा था। वर्ष 2016 में कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में उत्तरी दिल्ली को सीधे दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए 60 मीटर और उससे ऊपर की दो रोड बनाने प्रस्ताव दिया, लेकिन आज तक इन पर काम शुरू नहीं हो सका।

कमेटी ने सुझाव दिया कि दिल्ली के बाहरी हिस्सों की एनसीआर के बाकी शहरों से सीधे कनेक्टिविटी है, जिससे कि लोग बिना जाम में फंसे आ जा सके। इनके बनने पर लोगों को दिल्ली के बीच में नहीं जाना पड़ेगा, इसलिए कमेटी ने गाजियाबाद की सीमा में मंडोला (ट्रॉनिका सिटी) से उत्तरी दिल्ली के अलीपुर तक सीधे सड़क बनाने का सुझाव दिया। इसके साथ ही, दूसरी रोड दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर स्थिति खेकड़ा से उत्तर दिल्ली में नरेला रोड पर स्थित सिंघोला तिराहे तक सीधे रोड़ को जोड़ने का सुझाव दिया।

कमेटी ने कहा कि निर्माण एजेंसी फिजिबिल्टी रिपोर्ट के आधार पर लेआउट में परिवर्तन कर सकती है लेकिन उत्तर दिल्ली को सीधे दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए दो इंटर स्टेट कनेक्टिविटी रोड बनाए जाने से पूर्वी दिल्ली और मध्य दिल्ली में काफी वाहनों का दबाव कम होगा। इनके बनने से उत्तरी दिल्ली स्थिति औद्योगिक क्षेत्र से वाहन बिना दिल्ली में आए सीधे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर जा सकेंगे। साथ में, आम लोगों को भी बेहतर सुविधा मिलेगा।

**तीनों प्रोजेक्ट पर चल रहा काम**

दिल्ली के जाम को लेकर केंद्र व राज्य सरकार से जुड़े 19 विभागों के साथ गहन मंथन किया। वर्ष 2014 में गठित कमेटी की तमाम बैठकें हुई, जिसके बाद 2016 में कमेटी ने दिल्ली के ऊपर दबाव कम करने के लिए नौ बिंदुओं पर सुझाव दिए। 83 पेज की रिपोर्ट में कमेटी ने पार्किंग शुल्क और मैनेजमेंट, मल्टी मॉडल इंटिग्रेशन, बस सेवा में सुधार, रोड नेटवर्क से लेकर साइकिल ट्रैक बनाने तक के सुझाव दिए। सड़क नेटवर्क को लेकर कुछ प्रस्तावों के तहत काम हुआ है, जिसमें अर्बन एक्सटेंशन रोड -2, सरिता विहार से यमुना कैनाल के किनारे सड़क बनाने और द्वारका को सीधे एनएच-8 से जोड़ने का भी प्रस्ताव दिया।

**वाहनों का दबाव कम होता**

सामान्य तौर पर 60 मीटर या उससे ऊपर की रोड से दिल्ली में प्रतिदिन दो लाख वाहनों का आवागमन होता है। अगर यह रोड समय पर तैयार हो गई होती तो अब तक दिल्ली के ऊपर प्रतिदिन करीब चार लाख वाहन का दबाव कम होता। इसके साथ ही, गाजियाबाद में लोनी और साहिबाबाद क्षेत्र में भी वाहनों की आवागमन कम हो जाता।

## नजफगढ़ में गोली चलाने वाला धरा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने नजफगढ़ में हुई गोलीबारी के आरोपी अमरजीत उर्फ मोगली को रेवला खानपुर गोशाला के पास 24 फरवरी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पैसों के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद में गोली चलाई थी।

आरोपी मित्राऊं गांव का रहने वाला है और 22 फरवरी की रात सैलून के शटर पर गोलियां चलाई थी। वह पहले भी एक आपराधिक मामले में संलिप्त पाया गया है। स्पेशल सेल ने बताया कि स्थानीय पुलिस के साथ उनकी टीम भी आरोपी की तलाश में जुटी थी। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि सैलून के मालिक के साथ उसका पैसों को लेकर विवाद चल रहा है और उसे डराने के लिए उसने फायरिंग की थी।

# मलेशिया की इमिग्रेशन मुहर लगाने वाले दबोचे

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने पासपोर्ट पर मलेशिया की फर्जी इमिग्रेशन मुहर लगाने वाले दो एजेंट को बीते सोमवार को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान सुखदेव सिंह और राजेश कुमार के रूप में हुई है।

डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार बीते 10 जनवरी को पंजाब निवासी संदीप कुमार थाइलैंड से आईजीआई एयरपोर्ट आया था। यहां देखा गया कि उसके पासपोर्ट पर मलेशिया की दो फर्जी मुहर लगी हुई हैं।

इस बाबत मामला दर्ज कर पुलिस टीम ने आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ ने उसने बताया कि वह वर्ष 2023 में सुखदेव सिंह और राजेश कुमार नामक दो एजेंट से मिला था। उन्होंने उसे 1.2 लाख रुपये में मलेशिया भेजने का वादा किया।

उसे अवैध तरीके से थाइलैंड के रास्ते मलेशिया में प्रवेश दिलवाया। इसके लिए उसके पासपोर्ट पर मलेशिया की फर्जी इमिग्रेशन मुहर लगाई गई थी। उसने दोनों आरोपियों को बैंक खाते में 20-20 हजार रुपये भेजे थे, जबकि बकाया राशि नगद दी थी। एफआईआर दर्ज होते ही दोनों एजेंट फरार हो गए। एसएचओ विजेन्द्र की देखरेख में एसआई राहुल की टीम ने दोनों एजेंट को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

दोस्तों पर हत्या का आरोप, छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी

# व्यापारी के बेटे की हत्या कर शव तालाब में दबाया

खौफनाक

**ग्रेटर नोएडा/अमरोहा, संवाददाता।** ग्रेटर नोएडा से लापता गजरौला के कारोबारी के बेटे की हत्या कर शव तालाब में गड्ढा खोदकर दबा दिया गया। छह करोड़ रुपये की फिरौती के लिए हत्या की बात सामने आ रही। पुलिस ने मृतक के एक दोस्त को हिरासत में लिया तो हत्याकांड का खुलासा हुआ। घटना में शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है।

गजरौला के रहने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारी प्रदीप मित्तल का 20 वर्षीय बेटा यश मित्तल ग्रेटर नोएडा की एक नामी यूनिवर्सिटी से बबीबीए की पढ़ाई कर रहा था। परिजनों के मुताबिक, यश सोमवार सुबह यूनिवर्सिटी से मोबाइल का चार्जर ठीक कराने के लिए निकला था, लेकिन वह वापस हॉस्टल नहीं पहुंचा। परिजनों ने दादरी कोतवाली में छात्र की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। सोमवार की शाम परिजनों के पास यश के मोबाइल से उसके पिता के मोबाइल पर व्हाट्सऐप पर एक मैसेज आया। इसमें यश को छोड़ने के लिए छह करोड़ रुपये मांगे गए। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से यश के एक दोस्त को गजरौला से हिरासत में लिया। इससे गुस्साए मोहल्ले वालों ने हंगामा खड़ा कर दिया। भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी। युवक से पूछताछ में पता चला कि उसके चार दोस्तों ने मिलकर यश की हत्या की। दादरी कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गड्ढे से यश का शव बरामद किया। ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी अशोक कुमार का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।



यश मित्तल। ● फाइल फोटो

**20** वर्षीय मृत छात्र नोएडा के विश्वविद्यालय में बीबीए की पढ़ाई कर रहा था

**04** दोस्तों पर हत्या का आरोप, पुलिस की टीमें इनकी तलाश में जुटीं

### आरोपियों ने पार्टी के बहाने युवक को बुलाया

दादरी पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने पार्टी करने के बहाने यश को बुलाया था। पार्टी करते समय किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ। इसके बाद हत्या की गई। दादरी पुलिस यश के मोबाइल की लोकेशन के आधार पर गजरौला तक पहुंची। परिजनों को मौके पर बुलवाकर शव की पहचान करवाई गई। इसके बाद हत्या की बात सामने आई।

**इकलौता बेटा था यश** गजरौला के कारोबारी प्रदीप मित्तल का यश इकलौता बेटा था। यश की हत्या की जानकारी मिलने के बाद से परिवार में कोहरा मचा हुआ है। यश की दो बहनें हैं। एक बहन ग्रेटर नोएडा की ही यूनिवर्सिटी में पढ़ती है।



## मेरठ मेट्रो के तीन डिब्बे दुहाई पहुंचे

मेरठ में चलने वाली मेट्रो के तीन डिब्बे मंगलवार की रात दुहाई डिपो पहुंच गए। गुजरात के सावली से बड़े ट्रॉला में लादकर डिब्बे लाए गए। डिब्बों को जोड़कर डिपो के अंदर ट्रायल होगा। इसके कुछ दिन बाद ट्रेन को ट्रायल के लिए मेरठ में ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा।

- मेक इन इंडिया अभियान के तहत यह ट्रेन बनाई गई
- 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेगी
- मेरठ में 13 स्टेशन होंगे

## लापरवाही पर तीन पुलिसकर्मी नपे

**नोएडा।** कार्य में लापरवाही बरतने पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने एक चौकी प्रभारी, कोर्ट पैरोकार और डाक मुंशी को निलंबित कर दिया है। मंगलवार को हुई कार्रवाई की पुष्टि एसीपी शैव्या गोयल ने बुधवार को की है।

न्यायालय में चल रहे एक मामले में चौकी प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मी समय से दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके थे। मामले में सेक्टर-47 चौकी प्रभारी चिराग बालियान, कोतवाली सेक्टर-49 पर तैनात महिला आरक्षी सरिता यादव और कोर्ट पैरोकार सुनील कुमार यादव को निलंबित किया गया है।

## यीडा क्षेत्र में 200 कंपनियों को भूखंड आवंटित होंगे

**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाली कोरियन और जापानी सिटी में 100-100 कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। प्राधिकरण को अभी तक 70 से अधिक प्रस्ताव मिल चुके हैं। यहां इलेक्ट्रॉनिक्स और एआई कंपनियों पर जोर रहेगा।

प्राधिकरण की सेक्टर-4ए में 365 हेक्टेयर में कोरियन और सेक्टर-5ए में 395 हेक्टेयर में जापानी सिटी बसाने की योजना है। यह दोनों सेक्टर जेवर एयरपोर्ट के करीब है। यहां सेमीकंडक्टर, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी, सोलर इनर्जी, आटोमोबाइल सेक्टर में निवेश होगा। यीडा के मुताबिक दोनों सिटी बसाने को लेकर जो कुल 760 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई है, उसे किसानों से 2544 करोड़ रुपये में अधिग्रहित किया जाएगा। अधिग्रहण में 50 प्रतिशत यानी 1272 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश सरकार देगी, जबकि शेष का भुगतान प्राधिकरण स्वयं करेगी।

## एनसीआर 30S

### फ्लैटों की रजिस्ट्री कल से शुरू होगी

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में लंबे समय से अटकी रजिस्ट्री की शुरुआत शुक्रवार से होगी। इसके लिए लगने वाले कैंप का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में होगा। पहली रजिस्ट्री सेक्टर-77 स्थित एक्सप्रेस बिल्डर एंड प्रमोटर्स के प्रोजेक्ट के खरीदार की कराई जाएगी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बिल्डरों के बकाये के चलते पिछले लंबे समय से रजिस्ट्री अटकी हुई थी और फ्लैट खरीदारों को मालिकाना हक नहीं मिल पा रहा था।

### बाल चिकित्सालय के तीन विभाग शिफ्ट होंगे

**नोएडा।** बाल चिकित्सालय एवं शिक्षण संस्थान के तीन विभाग जिला अस्पताल के पुराने भवन में शिफ्ट होंगे। सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल के सेक्टर-39 में स्थानांतरण होने के बाद इसके दो भवन खाली हैं। दोनों अब बाल चिकित्सालय प्रबंधन के अधीन हैं। इसमें से एक पांच मंजिला भवन में पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी और माइक्रो बायलॉजी विभाग शिफ्ट होने हैं।

### सीएमएस और उनके बच्चों को धमकी

**नोएडा।** जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. रेनू अग्रवाल ने उन्हें और उनके दो बच्चों को जान से मारने की धमकी देने के मामले में सेक्टर-39 थाने में बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें परफेक्ट लोव्या कंपनी के मालिक विक्रांत शर्मा को आरोपी बनाया है। लोव्या कंपनी अस्पताल में चार साल से मैनपावर का काम कर रही थी। पिछले वर्ष नवंबर में इनका अनुबंध समाप्त हो गया।

### खंडहर में तमंचा बनाते हुए एक गिरफ्तार

**लोनी।** लोनी बॉर्डर क्षेत्र की पुलिस और स्वाट टीम ने नहर रोड के निकट एक खंडहर में तमंचे बनाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान सूफियान निवासी राशिद अली गेट लोनी के रूप में हुई। वहीं, दूसरा आरोपी शोएब फरार हो गया। पूछताछ में सूफियान ने बताया कि दोनों ने शौक पूरे करने के लिए तमंचे बनाने शुरू कर दिए।

### भूमाफिया ने अवैध कॉलोनी काटी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में भूमाफिया और कोलोनाइजरों ने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। यीडा क्षेत्र के सेक्टर-22डी में भू माफिया ने 100-100 एकड़ भूमि पर कब्जा कर अवैध कॉलोनी काट दी। भू माफिया वहां पर प्लॉट बेच रहे थे। प्राधिकरण की टीम मौके पर गई तो उन्हें अवैध कब्जा मिला। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने मामले में एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

### रवि काना गिरोह के बदमाशों के घर कुर्क होंगे

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर बीटा दो कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित स्क्रैप माफिया रवि काना और उसके गैंग के पांच सदस्यों के घर पर पुलिस ने कुर्की के नोटिस चस्पा किए हैं। यदि 29 फरवरी तक आरोपी कोर्ट में सरेंडर नहीं करते हैं तो इनके घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी रवि के घर पर गैंगरेप के मुकदमे में कुर्की का नोटिस चस्पा किया जा चुका है।

### हरिद्वार के लिए एक मार्च से लगातार बस चलेगी

**नोएडा।** मोरना स्थित नोएडा डिपो से एक मार्च से रात नौ बजे तक लगातार हरिद्वार के लिए बस मिलेगी। महाशिवरात्रि के कारण श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा शुरू की जाएगी। आठ मार्च को महाशिवरात्रि है। एक बस हर समय सूचना केंद्र के पास लगी रहेगी। बस के हरिद्वार रवाना होते ही दूसरी बस वहां पर लगा दी जाएगी। इससे यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

### सहकारिता समितियों में गड़बड़ी की जांच होगी

**गुरुग्राम।** एंटी करप्शन ब्यूरो अब गुरुग्राम में निर्मित सहकारी समितियों में अनियमितताओं की जांच करेगा। वर्ष 1992 से लेकर आज तक बनी समितियों की जांच होगी। इसको लेकर एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। जांच में दोषी पाए जाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह घोषणा बुधवार को हरियाणा विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की।

## गुरुग्राम से विदेशों में 81 हजार करोड़ का निर्यात

**गुरुग्राम, वरिष्ठ संवाददाता।** गुरुग्राम से अमेरिका,चीन समेत अन्य देशों में 81 हजार करोड़ का निर्यात हुआ है। प्रदेश में बीते साल के मुकाबले इस साल निर्यात के आंकड़ों में 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जबकि अकेले गुरुग्राम में चार प्रतिशत निर्यात बढ़ा।

हरियाणा निर्यात संवर्धन परिषद विदेशी सहयोग विभाग के चेयरमैन अनुराग बख्शी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश से दो लाख 45 हजार करोड़ का निर्यात हुआ। गुरुग्राम में बने कपड़े और गाड़ियां विदेशों में लोगों को काफी पसंद आ रहे। यहां से आईटी उद्योग, ऑटोमोबाइल उद्योग और कपड़ा उद्योगों द्वारा निर्यात किया।

**सबसे अधिक बासमती चावल भेजा गया**

हरियाणा से सबसे ज्यादा 22 हजार 700 करोड़ के बासमती चावल अमेरिका, चीन, यूके, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी सहित अन्य देशों में भेजे गए। गुरुग्राम के कपड़ा उद्योगों से 30 हजार करोड़ और ऑटोमोबाइल्स से 20 हजार करोड़ का निर्यात हुआ।

## ऑडी कार की टक्कर से दीवार गिरी

**नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** तेज रफ्तार ऑडी कार के सेक्टर-37 में सड़क किनारे बने शौचालय में घुसने से उसमें बैठे पांच लोग घायल हो गए। चालक की हालत गंभीर है। युवती समेत चार अन्य को मामूली चोट आई है।

ऑडी सवार सभी लोग गुरुग्राम में जन्मदिन की पार्टी करने के बाद अपने घर सेक्टर-137 लौट रहे थे, तभी हादसा हुआ। हादसा इतना जबरदस्त था कि शौचालय की दीवार का बड़ा हिस्सा पूरी तरह से ढह गया। मामले में चिनार इंपैक्ट कंपनी के सुपरवाइजर राहुल कुमार ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सेक्टर-39 थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार सुबह चार बजे के करीब एक ऑडी कार सेक्टर-18 से 37 की ओर जा रही थी। झपकी आने से चालक नियंत्रण खो बैठा और ऑडी सेक्टर-37 में सड़क किनारे बने डिवाइडर पर चढ़ते हुए शौचालय में घुस गई। इससे शौचालय की दीवार तक टूट गई। इससे ऑडी में बैठे गौरव राघव, सागर, अमित, हर्ष और आयुषी घायल हो गए। जिस समय हादसा हुआ गौरव कार चला रहा था। उसके सिर में गंभीर चोट लगी है और वह आईसीयू में भर्ती है। उनका सेक्टर-27 स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

अन्य चारों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई। यह सभी लोग सेक्टर-137 की एक ही सोसाइटी में रहते हैं। मंगलवार की शाम गौरव की कार से ये पांचों लोग गुड़गांव में आयोजित एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए गए थे।



नोएडा में बुधवार तड़के ऑडी कार शौचालय की दीवार से टकरा गई।

## गंगाजल 7 से 11 मार्च तक नहीं मिलेगा

**ट्रांस हिंडन।** ट्रांस हिंडन और नोएडा के लोगों को सात से11 मार्च तक गंगाजल की आपूर्ति नहीं होगी। सीआईएसएफ बटालियन के पास लीकेज को ठीक कराने की वजह से सिद्धार्थ विहार का प्लांट बंद किया जाएगा। सात की रात से आपूर्ति बंद हो जाएगी।

ट्रांस हिंडन में जीडीए और जलकल विभाग की ओर से नलकूपों के जरिये आपूर्ति की जाएगी। इस कारण लोगों को चार दिन पानी की कमी से जूझना होगा। जल निगम के अधिशासी अभियंता उन्मेश शुक्ला ने बताया कि इस कार्य के चलते सीआईएसएफ रोड पर यातायात भी बाधित होगा।



## महादेव ऐप केस में 15 जगह छापे

कार्रवाई

- दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बंगाल में ईडी की कार्रवाई
- अब तक नौ को एजेंसी गिरफ्तार कर चुकी है

**मुंबई, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को मुंबई, पश्चिम बंगाल के कुछ स्थानों और दिल्ली-एनसीआर में तलाशी ली। हालांकि, तलाशी में क्या मिला, इसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। इस मामले में कथित तौर पर कई उच्च पदस्थ राजनेता और छत्तीसगढ़ के नौकरशाह शामिल हैं।

ईडी सूत्रों के मुताबिक, इन स्थानों पर लगभग 15 परिसरों की धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत ईडी टीम ने तलाशी अभियान चलाया। मामले में ईडी ने अब तक कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने पहले कहा था कि ऐप द्वारा अर्जित कथित अवैध धन का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में राजनेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया था। ऐप के मुख्य प्रवर्तक और संचालक छत्तीसगढ़ के ही हैं।

**कई हस्तियों को एजेंसी भेज चुकी है समन:** एजेंसी कई मशहूर हस्तियों और बॉलीवुड अभिनेताओं को ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच के साथ उनके संबंधों के मामले में पूछताछ के लिए समन भेज चुकी है। अब तक ईडी ने इस मामले में दो आरोप पत्र दायर किए हैं, जिनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल सहित अन्य शामिल हैं। एजेंसी ने पहले भी इस मामले में कई छापेमारी की हैं। ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय लगभग 6000 करोड़ रुपये है।

## देवबंद में यूपी का दूसरा सबसे बड़ा एटीएस केंद्र शुरू

- सौ से अधिक कमांडो और 15 आईपीएस अफसर रहेंगे तैनात

**सहारनपुर।** आतंकवाद से लड़ने को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एटीएस फील्ड यूनिट सेंटर की शुरूआत हो गई। बुधवार को सीएम ने वर्चुअली देवबंद के एटीएस सेंटर का लोकार्पण किया। सेंटर में 15 आईपीएस अधिकारी और आधुनिक हथियारों से लैस 100 से अधिक कमांडो तैनात किए जाएंगे। एटीएस का यह लखनऊ के बाद सबसे बड़ा सेंटर होगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए देवबंद में एटीएस सेंटर की स्थापना की गई है। इसकी स्थापना का मकसद किसी को डराना नहीं है। बल्कि, जो भी कोई मां भारती को छेड़ेगा उसे एटीएस के कमांडों अपनी भाषा में जवाब देंगे। आतंकवाद को लेकर सहारनपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश लगातार सुर्खियों में रहा है। कई आतंकी संगठनों की पनाहगाह के रूप में सहारनपुर उभर कर सामने आ चुका है।

## डॉ.शफीकुर्रहमान सुपुर्द-ए-खाक

**संभल।** सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के शव को बुधवार सुबह गमगीन माहौल के बीच हसनपुर मार्ग स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। सांसद के जनाजे में जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का मंगलवार सुबह मुरादाबाद के सिद्ध अस्पताल में इंतकाल हुआ था। बुधवार सुबह सगीर पैलेस से जनाजे को हसनपुर मार्ग पर हिंदूपुरा खेड़ा ले जाया गया। जनाजे को दरियासिर कब्रिस्तान ले जाकर सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

## चौकी प्रभारी समेत 25 पर केस, सीओ-एसडीएम हटे

रामपुर प्रकरण

- रामपुर के सिलईबड़ा गांव में फायरिंग में मंगलवार को हुई थी छात्र की मौत

**रामपुर, संवाददाता।** जिले के मिलक कोतवाली क्षेत्र के सिलईबड़ा गांव में मंगलवार की शाम आंबेडकर का बोर्ड और अवैध कब्जा हटवाने को लेकर हुए बवाल और फायरिंग में छात्र की मौत के मामले में बुधवार को चौकी प्रभारी सहित 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही इंस्पेक्टर, सीओ और एसडीएम को हटा दिया गया है।

जिन पर केस दर्ज किया गया है उनमें चौकी प्रभारी के अलावा तीन सिपाही, एसडीएम और तहसीलदार के दो हमराह सहित 19 ग्रामीणों के नाम शामिल हैं।

मिलक कोतवाली क्षेत्र के सिलईबड़ा गांव में गंगवार और जाटव समाज के कुछ लोगों के बीच सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद चला आ रहा था। प्रशासन ने 15 दिन पहले अवैध कब्जा हटवा दिया था। करीब 10 दिन पहले संबंधित जमीन पर डा. आंबेडकर का बोर्ड लगा दिया गया था। राजस्व विभाग की टीम ने शाम को कब्जा हटवाने का प्रयास किया तो वहां पथराव हो गया था। आरोप है कि इसी बीच पुलिस ने फायरिंग कर दी, जिसमें गोली लगने से 17 साल के सोमेश पुत्र गेंदनलाल की मौत हो गई थी, जबकि रहीश पाल और रमन घायल हो गए थे।

उधर, पोस्टमार्टम के बाद छात्र का शव बुधवार की सुबह गांव पहुंचा तो जाटव समाज के लोग शव को वाहन से उतारने के लिए तैयार नहीं हुए। जाटव समाज के लोग एफआईआर में एसडीएम मिलक और तहसीलदार के नाम को जोड़ने पर अड़े रहे। करीब छह घंटे बाद परिजनों को समझाकर कड़ी सुरक्षा के बीच अंत्येष्टि कराई गई।

उधर, कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक दलित किशोर की हत्या की निंदा की है। पार्टी नेता उदित राज ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में दलितों और पिछड़ों पर लगातार अत्याचार हो रहा है।

### चंद्रशेखर को किया संभल में नजरबंद, सीओ से भिड़े

**संभल।** डॉ. बर्क के जनाजे में शामिल होने के बाद बुधवार सुबह रामपुर जा रहे भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर के काफिले को सीओ असमोली ने पुलिस फोर्स के साथ ओवरटेक कर रोक दिया। जिस पर उन्होंने सीओ को जमकर खरी-खोटी सुनाई। बाद में पुलिस उनको पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस ले गई। यहां उनको तीन घंटे तक नजरबंद रखा गया। बाद में उनको दोपहर बाद रामपुर जाने दिया गया। उधर, रामपुर में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर के आने की सूचना पर जिले की सीमा सील कर दी गई थी, लेकिन, वह फिर भी गांव पहुंच गए और परिजनों से मुलाकात की।

## लक्ष्मण टीला मामले में पूजा के वाद पर सुनवाई होगी

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** गोमती नदी के किनारे लक्ष्मण टीला स्थित शेष नागेश टीलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की मांग को लेकर दायर सिविल वाद की पोषणीयता के आदेश को चुनौती देने वाली सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की निगरानी याचिका को अपर जिला जज नरेंद्र कुमार ने खारिज करते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन साउथ के 6 सितंबर 2023 के आदेश को सही बताते हुए पुष्टि कर दी है।

पूजा अर्चना की मांग को लेकर सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव नृपेंद्र पांडे सहित अन्य याचीगणों की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन साउथ की अदालत में 31 मई 2022 को सिविल वाद दायर किया गया था।

**वाद खारिज की थी मांग**

नोटिस जारी किए जाने के बाद सुन्नी सेंट्रल वर्क बोर्ड की ओर से मौलाना कारी सैय्यद शाह फजलुल मन्नान समेत अन्य की ओर से आपत्ति दाखिल कर वाद की पोषणीयता को चुनौती देते हुए वाद को खारिज किए जाने की मांग की थी। परंतु अदालत ने सुन्नी सेंट्रल वर्क बोर्ड की ओर से दाखिल आपत्ति को 6 सितंबर 2023 को खारिज कर दिया था।

## पश्चिमी दीवार की बैरिकेडिंग हटाने की याचिका




**वाराणसी, संवाददाता।** प्रभारी जिला जज की अदालत में ज्ञानवापी ढांचे की पश्चिमी दीवार की ओर की बैरिकेडिंग हटाकर श्रृंगार गौरी के पूजा-पाठ, राग-भोग की अनुमति के लिए एक अर्जी दाखिल की गई है। इस पर 19 मार्च को सुनवाई होगी।

वादी राखी सिंह ने अर्जी में कहा है कि पूर्व में मां श्रृंगार गौरी, भगवान गणेश, हनुमान, नंदीजी, मंडपों और मंदिरों की निरंतर पूजा होती रही है। वर्ष 1993 के बाद से जिला प्रशासन ने प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया। प्रतिबंध का कोई लिखित आदेश नहीं है।

**दक्षिणी तहखाने के ऊपर से जाने पर रोक की मांग:** दक्षिणी तहखाने (व्यासजी का तहखाना) की छत पर नमाज रोकने और उसकी मरम्मत कराने के लिए प्रभारी जिला जज की कोर्ट में अर्जी दी गई है। इस पर सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख तय हुई है।

**बंद तहखानों के सर्वे की अर्जी पर आपत्ति**

ज्ञानवापी स्थित वुजूखाना व बंद तहखाने के भी एएसआई सर्वे कराने की मांग से संबंधित अर्जी पर प्रभारी जिला जज (प्रथम) अनिल कुमार की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें प्रतिवादी अंजुमन इंतिजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति दाखिल की। इस पर भी 19 मार्च को सुनवाई होगी।

**आराजी 9130 का सर्वे कराने का अनुरोध**

सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट में बुधवार को ज्ञानवापी से जुड़े एक वाद में सुनवाई हुई। वादी हिन्दू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्त व अजीत सिंह की तरफ से अधिवक्ता मंगला प्रसाद पाठक व अभिषेक पाठक ने ज्ञानवापी के आराजी नं. 9130 का अमीन से सर्वे कराने का अनुरोध किया।

### पक्षकार बनने की अर्जी खारिज

**वाराणसी।** प्राचीन लार्ड विश्वेश्वर के वर्ष 1991 के दाखिल वाद के पक्षकार रहे हरिहर पांडेय की जगह उनके पुत्रों को पक्षकार बनाने की मांग सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रशांत कुमार सिंह ने बुधवार को खारिज कर दी।

वहीं, वाद मित्र विजयशंकर रस्तोगी का संशोधित प्रार्थना-पत्र कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। हरिहर पांडेय के निधन के बाद वादमित्र विजयशंकर रस्तोगी ने वाद से मृत वादी का नाम हटाने की अर्जी दी थी।

**गुमशुदा लड़के की तलाश**



प्रियांशु

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **प्रियांशु, पुत्र गुरंगा**, निवासी झुग्गी, फायर स्टेशन के पीछे, डीडीए ग्राउंड, क्राउन प्लाजा होटल के नज़दीक, मयूर विहार फेज–1, दिल्ली। आयु 13 वर्ष, कद 4'6", रंग सांवला, अण्डाकार चेहरा, पतला शरीर, जो सफेद रंग की जैकेट तथा ग्रे रंग की जींस पैंट पहने हुए दिनांक 19.02.2024 को डीडीए ग्राउंड फायर स्टेशन के पीछे, मयूर विहार फेज–1, दिल्ली से लापता है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास करने के बावजूद भी इस लड़के के बारे में पता नहीं चल सका है। इस संदर्भ में एक मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 58/2024, दिनांक 22.02.2024 को धारा 363 भा.द.सं. के तहत थाना मयूर विहार, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस लापता लड़के के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in
ईमेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-23011334
फोन नं.: 011-23014046, 23015218

थाना प्रभारी
थानाः मयूर विहार, दिल्ली
फोनः 011–22711048, 22710335
8750870627

DP/2432/ED/2024

**गुमशुदा की तलाश**



अभिषेक

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़का जिसका नाम **अभिषेक**, पुत्र लक्ष्मण गॉड, निवासी 66ए, ब्लॉक ई, सुविधा एन्क्लेव, बापरोला, दिल्ली, जो दिनांक 14.02.2024 से सुबह लगभग 10:00 से अपने घर से लापता है। इस संबंध में **डीडी संख्या 64ए, दिनांक 17.02.2024**, को **पुलिस थाना रणहौला, दिल्ली**, में दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस लापता लड़के की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।

इस लापता लड़के का विवरण इस प्रकार है :
**लिंग** : पुरुष, **उम्र** : 18 वर्ष 1 माह, **कद** : 4'9'', **रंग** : सांवला, **चेहरा** : गोल, **शरीर** : मोटा, **पहनावा** : लाल जैकेट, नीला लोअर, पैरों में हरे रंग की चप्पल।

इस गुमशुदा लड़के के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें :
ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना रणहौला, दिल्ली
फोन नं. : 7065036128
ई–मेल : sho-ranhola-dl@nic.in

DP/2405/OD/2024

**पहचान की अपील**



अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **अज्ञात, पुत्र अज्ञात, निवासी अज्ञात**, आयु लगभग 70 वर्ष, कद 5'8", रंग गेहुंआ, लम्बा चेहरा, पतला शरीर, जो काले रंग की जैकेट तथा काले रंग का पजामा पहने हुए दिनांक 03.02.2024 को शेड नं. 18, आजादपुर फल मण्डी, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 15ए, दिनांक 03.02.2024 को थाना महेंद्र पार्क, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो नीचे लिखे पते पर सूचित करें।

थाना प्रभारी
थानाः महेंद्र पार्क, दिल्ली
फोनः 9911819172, 7428139095

DP/2417/NW/2024

## अमानगढ़ में वन्यजीवों की चहलकदमी बढ़ी

- ट्रैप कैमरों ने 45 दिन में खींचे एक लाख फोटो

**बिजनौर, संवाददाता।** अमानगढ़ में वन्यजीवों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। बाघ गणना के दौरान इस क्षेत्र में लगाए गए कैमरों से खींचे गए करीब 1 लाख फोटो इसकी बानगी है। अफसरों को उम्मीद है कि इस बार भी अमानगढ़ में बाघों की संख्या में इजाफा होगा।

अमानगढ़ क्षेत्र में बाघ की गणना के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम ने दिसम्बर में करीब 45 ट्रैप कैमरे लगाए गए थे। 45 दिन तक चली गणना के दौरान इन कैमरों में जो तस्वीरें कैद हुई उससे अफसर भी बेहद खुश है। 45 दिनों में कैमरों ने करीब 1 लाख वन्य जीवों के फोटो खींच डाले। इसमें बाघ, गुलदार, हाथी, नीलगाय, हिरन, चीतल आदि वन्यजीव हैं। अमानगढ़ में पिछली गणना के अनुसार 32 बाघ है। नई गणना के बाद इनकी संख्याबढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में इसरो के नए परिसर का उद्घाटन किया

# नई परियोजनाएं विकसित भारत की रूपरेखा का अहम हिस्सा: मोदी

थूथुकुडी, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु में लगभग 17,300 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि नई परियोजनाएं विकसित भारत की रूपरेखा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थूथुकुडी के निकट कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नए प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 986 करोड़ रुपये है। इसके बनकर तैयार होने पर यहां से प्रतिवर्ष 24 प्रक्षेपण किए जा सकेंगे। इसरो के इस नए परिसर में मोबाइल लॉन्च स्ट्रक्चर तथा 35 केन्द्र शामिल हैं। इससे अंतरिक्ष अन्वेषण क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

मोदी ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह के लिए बाहरी हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखने के बाद कहा इस परियोजना में लगभग 7,000 करोड़ रुपये की राशि का निवेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में रेल परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं। इसमें वांची मनियाच्ची-नागरकोइल रेल लाइन का दोहरीकरण शामिल है।


तमिलनाडु के थूथुकुडी में बुधवार को पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन पोत को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल। • एएनआई

#### पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन पोत को हरी झंडी दिखाई

तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में जीवन में सुगमता आई है। उन्होंने कहा कि भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत की आज शुरुआत हो गई है। यह पोत जल्द ही काशी की गंगा नदी में भी संचालित होगा। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में लगभग 4,586 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित चार सड़क परियोजनाओं को समर्पित किया।

**17** हजार करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**986** करोड़ रुपये की लागत से बनेगा इसरो का नया प्रक्षेपण परिसर

# डीएम माफिया को जिला और राज्य बदर कर सकेंगे

**बिहार**

- अपराध नियंत्रण के लिए बिहार सरकार नया कानून ला रही
- भूमि, बालू, शराब माफिया व दंगा फैलाने वालों पर कसेगा शिकंजा

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। राज्य सरकार अपराध नियंत्रण के लिए नया कानून ला रही है। खासकर माफियाओं की नकेल कसने की तैयारी है।

भूमि, बालू, शराब सहित अन्य आर्थिक अपराधों में संलिप्त माफियाओं, मानव तस्करी, देह-व्यापार, लड़कियों से छेड़खानी, दंगा फैलाने, सोशल मीडिया के दुरुपयोग सहित अन्य कांडों में शामिल अपराधी या आपराधिक गिरोहों पर कानूनी शिकंजा कसेगा। डीएम अब इन पर सीधी कार्रवाई कर सकेंगे। उन्हें असीमित शक्ति सरकार देने जा रही है।

इसका प्रावधान राज्य सरकार द्वारा बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक, 2024 में किया गया है। गुरुवार को विधानमंडल से पारित होते ही राज्य में अपराध नियंत्रण का नया कानून लागू हो जाएगा नये विधेयक की प्रति बुधवार को विधानसभा में वितरित की गई। नए कानून में जिलाधिकारी को वारंट जारी करने, गिरफ्तार करने, जेल भेजने, बेल देने का अधिकार होगा। उन्हें आपराधिक मामलों में शामिल तत्वों को छह माह तक जिला तथा राज्य से तड़ीपार करने का भी अधिकार होगा। आदेश लेकर ही तड़ीपार व्यक्ति वापस लौट सकेगा। हालांकि डीएम के आदेश के खिलाफ प्रमंडलीय आयुक्त के समक्ष अपील की जा सकेगी। जिलाधिकारी द्वारा जारी वारंट बिहार सहित पूरे देश में लागू होगा।

## राष्ट्रपति की मंजूरी को भेजा यूसीसी विधेयक

देहरादून, वि. सं.। राजभवन ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेज दिया है। राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद उत्तराखंड में यूसीसी कानून लागू करने का रास्ता साफ हो जाएगा।

राज्य सरकार ने छह फरवरी को यूसीसी विधेयक विधानसभा के पटल पर रखा था। सात फरवरी को सदन से पारित होने के बाद विधायी विभाग की तरफ से राजभवन को भेजा गया था। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने परीक्षण के बाद इसे राष्ट्रपति भवन को भेज दिया है

## सेना की गोलीबारी पर ड्रोन पाक लौटा

मेंढर/जम्मू। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के जवानों ने मंगलवार रात भारतीय क्षेत्र में घुसने पर एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की। सेना की कार्रवाई पर ड्रोन वापस लौट गया।

अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि मेंढर और कृष्णा घाटी सेक्टरों में कुछ अग्रिम भारतीय चौकियों पर कुछ देर तक चक्कर लगाने के बाद ड्रोन पीओके में वापस लौट गया। हथियार या मादक पदार्थ की तस्करी की आशंका में तलाशी अभियान भी चलाया गया।

**देश 30s**

### हाईकोर्ट के पूर्व जज से ढाई करोड़ की ठगी

**हैदराबाद।** हाईकोर्ट के एक पूर्व जज से दो आरोपियों ने कथित तौर पर ढाई करोड़ की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। आरोपियों ने बॉन्ड जारी करने व संबंधियों को नौकरियों की व्यवस्था करने के नाम पर यह धनराशि ले ली। इलाहाबाद और आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति ने पुलिस को बताया कि आरोपियों में से एक व्यक्ति ने वर्ष 2021 में उनसे संपर्क किया। वह उनके परिजनों से परिचित था। आरोपी ने कथित तौर पर एक राजनीतिक दल के नाम पर राशि की मांग की थी।

### केरल में वंदे भारत ट्रेन में फैला धुआं

**कोच्चि।** तिरुवनंतपुरम से कासरगोड जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को बुधवार सुबह तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा। क्योंकि ट्रेन के एक शौचालय से निकला धुआं पास के यात्री डिब्बे में फैल गया। एक रेलवे अधिकारी ने कहा कि धुआं शौचालय में आग बुझाने वाले यंत्र के सक्रिय होने के कारण फैला। समस्या का समाधान होने तक ट्रेन को यहां पास के अलुवा में लगभग 20 मिनट तक रोका गया। इसके बाद सुबह करीब 9.24 बजे यात्रा शुरू हो सकी। धुएं के कारण किसी भी यात्री को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई।

### एससीबीए हिंदी, उर्दू में भी जारी करेगा अपना सर्कुलर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) अब अंग्रेजी के अलावा हिंदी, उर्दू सहित अन्य स्थानीय भाषाओं में अपने संचार व सर्कुलर जारी करेगी। एससीबीए के सचिव रोहित पांडेय ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट बार के इतिहास में पहली बार, हमने हिंदी, उर्दू, कन्नड़, बंगाली, मराठी और असमिया में भी एक सर्कुलर जारी करने का फैसला किया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को मिनी इंडिया बताते हुए कहा कि जल्द ही अधिक भाषाओं में सर्कुलर आएगा।

### बारामूला में आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादियों के एक गुर्गे को गिरफ्तार किया है। वह सीमा पार के अपने आकाओं के संपर्क में था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों की सूचना पर मंगलवार को मुंडजी निवासी आरिफ हुसैन भट को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान भट ने आतंकवादियों के साथ संबंध होने की बात स्वीकार की। उसके पास से एक हथगोला जब्त किया गया।

## जम्मू-कश्मीर की खूबसूरती का पूरी दुनिया अनुभव करे

**अपील**

नई दिल्ली, एजेंसी। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू कश्मीर की जमकर प्रशंसा की है जिसकी सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी किया है। सचिन तेंदुलकर ने कहा, कश्मीर का बल्ला 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' का शानदार उदाहरण है। देश-दुनिया के लोग जम्मू कश्मीर आकर यहां के खूबसूरती का अनुभव करें।

तेंदुलकर ने जम्मू कश्मीर की अपनी यात्रा का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी करके कहा, इस यात्रा की यादें हमेशा उनके जेहन में रहेंगी।


तेंदुलकर ने कहा, यात्रा की यादें हमेशा मेरे जेहन में रहेंगी

**पीएम ने सराहा :** तेंदुलकर की इस पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने जवाब दिया कि यह देखना अद्भुत है। सचिन तेंदुलकर की जम्मू कश्मीर की सुखद यात्रा हमारे युवाओं के लिए दो महत्वपूर्ण संदेश देती है। पहले अतुल्य भारत के विभिन्न हिस्सों को खोजना और दूसरा मेक इन इंडिया का महत्व। आओ विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत, कई लोग घायल

**झारखंड**

- विद्यासागर-जामताड़ा रेलखंड पर कालाझरिया के समीप हादसा

जामताड़ा, हि. ब्यू.। झारखंड के आसनसोल रेलमंडल के विद्यासागर-जामताड़ा रेलखंड पर कालाझरिया के समीप ट्रेन के चपेट में आने से दो यात्रियों की मौत हुई है। जबकि कई लोग घायल हैं।

बुधवार की शाम यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन कालाझरिया के समीप किसी तकनीकी कारण से रूकी हुई थी। ट्रेन के कुछ यात्री उतरकर बगल के रेल ट्रैक पर खड़े हो गए थे। इसी बीच बगल वाली ट्रैक पर आसनसोल -जसीडीह मेमू पैसेंजर ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई है, कुछ लोगों के घायल होने की भी सूचना है। मृत लोगों में से एक की जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार मनीष कुमार, कटिहार के सहसराम, भंगाहा पोठिया निवासी के रूप में शिनाख्त हुई है, जबकी दूसरे की पहचान नहीं हो सकी है। रेलवे ट्रैक पर बड़ी संख्या लोग इकह्वा हो गए है, जिससे ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित है।

**राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की**
(जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के अंतर्गत भारत सरकार की सोसायटी)
जलविज्ञान भवन, रूड़की-247667, उत्तराखंड
संख्याः 5 (XIV)/ 2023-24/ NIH/Pur-01 दिनांकः 27.02.2024
राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रूड़की "**हिंदी में तकनीकी पुस्तक लेखन पुरस्कार योजना**" के अंतर्गत वर्ष 2023 के दौरान प्रकाशित मौलिक तथा अनूदित पुस्तकों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करता है।
उक्त पुरस्कार योजना की पात्रता सम्बन्धी शर्तो एवं अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संस्थान की अधिकारिक वेबसाइट **www.nihroorkee.gov.in** देखें।
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी।

**चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ**
(NAAC ACCREDITED with A++ Grade)
निविदा सूचना संख्या : वित्त/462 दिनांक : 26.02.2024
**ई–निविदा सूचना**
विश्वविद्यालय की परीक्षाओं तथा अन्य कार्यो के लिये टैक्सी एवं अन्य वाहन ई–निविदा के माध्यम से किराये पर लेने हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। जिसकी अन्तिम तिथि 28.03.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट **ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध है।
वित्त अधिकारी

**उ0प्र0 लोक सेवा आयोग**
**विज्ञप्ति**
स्टाफ नर्स एलोपैथ (पुरूष/महिला) (प्रा0) परीक्षा-2023 के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 28.02.2024 से प्रारम्भ हो चुकी है। आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 14.03.2024 एवं आवेदन पत्र सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों के साथ आयोग कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि 21.03.2024 है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विज्ञप्ति आयोग की वेबसाइट **https://uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध है।
संख्या- 10(02)/02/ई-2/2023-24 (ओंकार नाथ सिंह)
दिनांकः प्रयागराजः 28 फरवरी, 2024 अनुसचिव






## हिमाचल की सियासी हलचल

| 08:20 बजे सुबह | 10:00 बजे सुबह | 11:00 बजे सुबह | 11:57 बजे सुबह | 12:00 बजे दोपहर | 01:00 बजे दोपहर | 06:00 बजे शाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बजे पूर्व सीएम जयराम ठाकुर की अगुआई में भाजपा विधायक दल ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात कर सरकार का फ्लोर टेस्ट कराने की मांग की। | विधानसभा का बजट सत्र बुलाया गया। कार्यवाही शुरू होते ही सदन में जमकर हंगामा हुआ। इस बीच बजट पेश कर दिया। | विधानसभाध्यक्ष ने हंगामे की वजह से दोपहर 12 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। इस बीच, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पद से इस्तीफे की घोषणा की। | मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा कांग्रेस हाईकमान को इस्तीफा सौंपने की खबर आई। फिर मीडिया में उनके इस्तीफे की पेशकश की खबरें आने लगीं। | विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। दोपहर 12:30 बजे तक सदन में हंगामा होता रहा। विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर समेत 15 विधायकों को निलंबित कर दिया। | मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मीडिया के सामने आए और इस्तीफे से इनकार कर दिया। कहा, इस्तीफे का सवाल ही नहीं | राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट देने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने फैसला सुरक्षित रख लिया। |

### पर्यवेक्षकों की विधायकों से चर्चा के पहले पार्टी का सभी विकल्प खुले होने का ऐलान, आज रिपोर्ट मिलने के बाद फैसला लेगी पार्टी

# कांग्रेस के सामने सुक्खू से ज्यादा सत्ता बरकरार रखने की चुनौती

**संकट**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राज्यसभा चुनाव में पार्टी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के बाद प्रदेश सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह के इस्तीफे से सरकार की स्थिरता को खतरा पैदा हो गया है। हालात की नजाकत को समझते हुए पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कर्नाटक सरकार में उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को शिमला भेजा है। ये दोनों पर्यवेक्षक सभी विधायकों से बातकर गुरुवार शाम तक अपनी रिपोर्ट देंगे।

कांग्रेस को फिलहाल अपनी सरकार पर कोई खतरा नहीं दिख रहा है। विधायकों की ज्यादा नाराजगी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को लेकर है। सूत्रों का कहना है कि राज्यसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी के बाहरी होने से ज्यादा प्रदेश इकाई में अंदरुनी कलह और मुख्यमंत्री के खिलाफ असंतोष बड़ी वजह रही। इसलिए, पर्यवेक्षकों के विधायकों के साथ बातचीत करने से पहले पार्टी ने सार्वजनिक तौर पर ऐलान किया कि सभी विकल्प खुले हुए हैं।

**विपक्ष की गैरमौजूदगी में बजट पारितः** सीएम सुक्खू विपक्ष की गैरमौजूदगी में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पारित करवाने में कामयाब रहे। पंचकूला से शिमला पहुंचे सभी छह बागी विधायक सदन की कार्यवाही में हिस्सा लिए बिना पंचकूला लौट गए।



शिमला में बुधवार को (बाएं से) हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ कांग्रेस आलाकमान की ओर से भेजे गए पर्यवेक्षक भूपेश बघेल, डीके शिवकुमार, भूपेंद्र सिंह हुड्डा। साथ में हैं राजीव शुक्ला।

### पार्टी कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि व्यक्ति अहम नहीं है, पार्टी महत्वपूर्ण है। जनादेश का सम्मान करने के लिए पार्टी कड़े कदम उठाने में कोई संकोच नहीं करेगी। पार्टी को अहसास है कि तत्परता से नहीं निपटा गया, तो वह उत्तर भारत में इकलौती सरकार खो देगी।

### बागियों का दावा, 26 विधायक सुक्खू से खफा

राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों का दावा है कि कांग्रेस के 26 विधायक मुख्यमंत्री सुक्खू से नाराज हैं। ये चाहते हैं कि मुख्यमंत्री को बदला जाए। क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों का पक्ष सुनने के लिए भी तैयार है। सदस्यता खत्म करना आखिरी विकल्प होगा।

### सदस्यता खत्म करना आखिरी विकल्प होगा

क्रॉस वोटिंग करने वाले इन छह विधायकों की सदस्यता खत्म करना आखिरी विकल्प होगा। क्योंकि, इनकी सदस्यता खत्म होते ही विधानसभा में बहुमत का अंतर कम हो जाएगा। सदस्यता खत्म होने पर कुल 62 सदस्य रह जाएंगे और बहुमत का आंकड़ा 32 होगा।

**मुख्यमंत्री बदलने के संकेत**

सरकार बरकरार रखने के लिए पार्टी ने मुख्यमंत्री बदलने के संकेत दिए हैं। ऐसी स्थिति में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान और धनीराम शांडिल्य सहित कई नामों पर विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में नए मुख्यमंत्री के साथ विक्रमादित्य सिंह को उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

## लोगों के अधिकार कुचलने की कोशिश हो रही : प्रियंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा लोगों के अधिकार को कुचलना चाहती है। वह बहुमत को चुनौती दे रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा हिमाचल प्रदेश को राजनीतिक आपदा में धकेलना चाहती है।

प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, लोकतंत्र में आम जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। हिमाचल की जनता ने अपने इसी अधिकार का इस्तेमाल किया और स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई। लेकिन भाजपा धनबल, एजेंसियों की ताकत और केंद्र की सत्ता का दुरुपयोग करके



कहा, राज्य को सियासी आपदा में धकेला जा रहा

हिमाचल वासियों के इस अधिकार को कुचलना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि इस मकसद के लिए, जिस तरह भाजपा सरकारी सुरक्षा और मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है, वह देश के इतिहास में अभूतपूर्व है।

प्रियंका गांधी ने कहा, 25 विधायकों वाली पार्टी यदि 43 विधायकों के बहुमत को चुनौती दे रही है, तो इसका मतलब साफ है कि वो प्रतिनिधियों के खरीद-फरोख्त पर निर्भर है।

## इस हालत के लिए कांग्रेस खुद जिम्मेदार : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के बाद तेज हुई राजनीतिक सरगर्मी के बीच बुधवार को आरोप लगाया कि पर्वतीय राज्य में कांग्रेस बिखरी नजर आ रही है और इसकी जिम्मेदार वह खुद है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जिनसे अपनी पार्टी नहीं संभल रही है, वह दूसरों पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

अनुराग ने कहा, हिमाचल में कांग्रेस विधायकों का अपनी ही सरकार से भरोसा उठ गया है। कारण हैं, झूठे वादे, झूठी गारंटियां, आपसी अविश्वास, कथनी-करनी में अंतर,



केंद्रीय मंत्री बोले, दूसरों पर ठीकरा फोड़ रही पार्टी

कमजोर व लचर नेतृत्व। उन्होंने कहा, कांग्रेस के विधायकों के टूटने का एक बड़ा कारण एक गैर हिमाचली को राज्यसभा का टिकट देना भी था। सिंघवी दिल्ली के हैं। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने हिमाचलवासियों की अनदेखी की। उन्होंने कहा, इसको लेकर गुस्सा जनता में भी था।

## देश 30S



पंजाब और हरियाणा में प्रदर्शन कर रहे किसानों के समर्थन में बुधवार को तेलंगाना किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। किसान केंद्र सरकार से एमएसपी पर गारंटी की मांग कर रहे हैं। ● एपी

### कांग्रेस ने किसान बचाओ रैली निकाली

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज ट्रैक्टरों के साथ किसान बचाओ रैली निकाली। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नवदीप रहल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख बाजारों से ट्रैक्टर रैली निकाली। रैली का उद्देश्य खनौरी में किसान शुभकरन सिंह की मौत के मामले में हरियाणा पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करना था।

### पश्चिम बंगाल के कांग्रेस नेता का पार्टी से इस्तीफा

**कोलकाता।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के नेता कौस्तव बागची ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी संगठन में नेताओं का सम्मान नहीं किया जाता है। उन्होंने भाजपा में शामिल होने का संकेत दिया। बागची ने अपना इस्तीफा मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा और इसकी प्रतियां पार्टी की अधीर रंजन चौधरी और गुलाम अहमद मीर को भी भेजीं।

### सेंथिल बालाजी की जमानत अर्जी फिर खारिज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका बुधवार को दोबारा खारिज कर दी। इससे पहले न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने न्यायिक हिरासत में होने के बावजूद मंत्री बने रहने और उनके भाई एवं मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सह-अभियुक्त अशोक कुमार के फरार रहने के चलते जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### भाजपा-बसपा की मिलीभगत उजागर : अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि राज्यसभा के चुनाव से भाजपा व बसपा की मिलीभगत उजागर हो गई है। एकमात्र बसपा विधायक के भाजपा के पक्ष में मतदान करने से स्पष्ट हो गया कि बसपा वास्तव में भाजपा की 'बी' टीम है। वह बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेसवार्ता में बोल रहे थे।

### एकनाथ शिंदे के फर्जी हस्ताक्षर वाले ज्ञापन मिले

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यालय में आगे की कार्रवाई के लिए सौंपे गए कुछ ज्ञापनों में मुख्यमंत्री के जाली हस्ताक्षर और मोहर लगाने का पता चलने के बाद उनके कार्यालय ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी किए गए एक बयान के अनुसार, मरीन लाइन्स पुलिस थाने में यह शिकायत दर्ज कराई गई है।

### बसपा ने अनिल को बक्सर से प्रत्याशी बनाया

**पटना।** बसपा बिहार में सभी 40 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह घोषणा पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने की। बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बक्सर से अनिल कुमार को अपना उम्मीदवार बनाने की भी घोषणा की। बसपा सांसद ने दावा किया कि बिहार में उनका किसी के साथ कोई गठबंधन नहीं है। वे एनडीए और महागठबंधन से समान दूरी रखेंगे।

## राज्यसभा चुनाव के बाद और हमलावर होगी भाजपा

**रणनीति**

■ माहौल बनाने के साथ विपक्षी पार्टियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा न केवल अपनी ताकत बढ़ा रही है, बल्कि विपक्षी एकता को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। राज्यसभा चुनाव में उसने न केवल विपक्ष खासकर कांग्रेस व सपा को झटका दिया है, बल्कि उनका मनोबल भी तोड़ने की कोशिश की है। भाजपा नेताओं के देशव्यापी दौरे जहां माहौल को अपने पक्ष में कर रहे हैं, वहीं विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की भी कोशिश हो रही है।

भाजपा की रणनीति के मुताबिक वह इन चुनावों से अब विपक्ष खासकर कांग्रेस पर ज्यादा हमलावर होगी। उसको कुछ और सहयोगी भी मिल सकते हैं, जिससे राजग की भी ताकत बढ़ेगी। दो राज्यों तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में गठबंधन को लेकर चर्चा जारी है। महाराष्ट्र में भी कुछ नेता भाजपा के साथ आ सकते हैं। पार्टी लोकसभा के लिए हर राज्य को लेकर अपने कोर ग्रुप के जरिए हर सीट पर तैयारी कर रही है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि राज्यसभा चुनावों से उसकी लोकसभा चुनाव की तैयारियां और मजबूत हुई हैं, दूसरी तरफ विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ा है। विपक्षी गठबंधन इंडिया पहले से ही बिखर रहा है, उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के गठबंधन का भी मनोबल इससे गिरेगा। हिमाचल में तो कांग्रेस की सरकार ही दांव पर लग गई है। भाजपा के एक प्रमुख नेता ने दावा किया है कि इससे साफ हो गया है कि विपक्ष न केवल बिखरा हुआ है, बल्कि उसका सबसे बड़ा दल भी सबसे कमजोर है।

ज्ञात हो कि 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने अपनी क्षमता से दो सीटें ज्यादा जीती हैं। उसकी 28 सीटें रिक्त हुई थी और जीत 30 सीटों पर मिली है। यह दो सीटें इसलिए ज्यादा अहम हैं, क्योंकि हिमाचल में सत्तारूढ़ कांग्रेस को मात मिली है और वहां राज्य सरकार पर अब खतरा मंडराने लगा है। दूसरी तरफ भाजपा ने उत्तर प्रदेश में सपा में सेंध लगाकर साफ कर दिया है कि लोकसभा के लिए उसका दावा कितना मजबूत है। भाजपा ने हिमाचल और उत्तर प्रदेश में पहले से ही कांग्रेस व सपा को मात देने की तैयारी शुरू कर दी थी। इसमें कांग्रेस व सपा दोनों की अंदरूनी लड़ाई ने उसे लाभ पहुंचाया और विपक्षी दलों के निर्णयों ने उसके लिए अवसर खड़े किए। उत्तर प्रदेश में उसे अपनी रणनीति से लाभ मिला, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस की गलत रणनीति से उसके लिए मौका बना।

## बिहार में दो बागी पार्टी से निष्कासित

**पटना, हिब्यू।** बिहार विधानसभा में सत्ताधारी दल की बेंच पर बैठने वाले कांग्रेस के दोनों बागी विधायकों- सिद्धार्थ सौरभ और मुरारी प्रसाद गौतम को पार्टी ने निष्कासित कर दिया गया है। साथ ही इनकी सदस्यता समाप्त करने के लिए पार्टी की ओर से विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को आवेदन दिया गया है।

स्पीकर ने आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। आवेदन देने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि देश भर में भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित अन्य राज्यों में विधायक खरीदे जा रहे हैं।

## राहुल गांधी वायनाड से ही चुनाव लड़ें : केरल कांग्रेस

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस की केरल इकाई ने बुधवार को पार्टी नेतृत्व से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से लोकसभा चुनाव में वायनाड से उम्मीदवार बनने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी यहां से अभी सांसद हैं, लेकिन कांग्रेस ने राहुल को वायनाड से दोबारा उतारने का अंतिम निर्णय अभी तक नहीं लिया है। केरल राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई ने राष्ट्रीय नेतृत्व से पुरजोर मांग की है कि राहुल गांधी वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ें।

### वामदल और कांग्रेस केरल में एक दूसरे के विरोधी

राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र वायनाड से भाकपा के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा के चुनावी मैदान में उतारे जाने को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने कहा कि कई राज्यों में वामदल और कांग्रेस एक दूसरे के सहयोगी हैं, लेकिन केरल में दोनों दल एक-दूसरे का चुनावी विरोध करते रहेंगे। यह बात कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान को पत्रकारों से कही। भाकपा विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है।

## उम्मीदवारों को लेकर भाजपा में मंथन

**नई दिल्ली, विसं।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने बुधवार को लगभग एक दर्जन राज्यों के कोर ग्रुप के नेताओं के साथ लोकसभा सीटों और संभावित उम्मीदवारों को लेकर मंथन किया है। इस तरह की यह दूसरी बैठक थी। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक गुरुवार शाम को संभावित है।

बैठक में राज्यों की तरफ से लोकसभा सीटों पर संभावित नामों के पैनल रखे गए हैं। भाजपा मुख्यालय में बुधवार सुबह सबसे पहले मध्य प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक हुई। इसके बाद राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड आदि राज्यों के नेताओं के साथ बैठकों का दौर देर रात तक जारी रहा। इससे पहले भाजपा नेतृत्व पहले दौर में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना आदि कुछ राज्यों के साथ मंथन कर चुका है। केंद्रीय नेतृत्व से इन बैठकों में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, संगठन महासचिव बी एल संतोष आदि नेता मौजूद रहे।

सूत्रों के अनुसार पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक गुरुवार शाम को होने की संभावना है। इसमें पार्टी बीते चुनाव में हारी हुई साटों के साथ अन्य कई सीटों पर भी विचार करेगी। पहली सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पार्टी के बड़े नेताओं के नाम शामिल हो सकते हैं।

### हाल ही में चुने विधायक हो सकते हैं दावेदार

भाजपा हाल के विधानसभा चुनाव में लड़े कुछ सांसदों व केंद्रीय पदाधिकारियों के नाम पर भी विचार कर रही है। इन नेताओं को विधानसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में बेहतर माहौल बनाने के लिए उतारा गया था। इनमें कुछ मंत्री भी बने हैं, लेकिन अपने से कनिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में काम करने में असहज महसूस कर रहे हैं और वह लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा भी जता चुके हैं।

## हमारी सरकार बेदाग : राजनाथ सिंह

**पटना, हि. ब्यू.।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कहा कि भाजपा के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था व सामरिक शक्ति बनते हुए विश्व का नेतृत्व करने जा रहा है। यही रामराज की शुरुआत है। हमारी सरकार भ्रष्टाचार के मामले में बेदाग रही है।

राजनाथ सिंह ने बुधवार को बिहार के दरभंगा, सीतामढ़ी में जनसभाओं और सारण में संबोधित किया। सारण के निजी होटल में आयोजित कार्यकर्ताओं की कलस्टर बैठक में सारण प्रमंडल की चार लोकसभा सीटों- महाराजगंज, सीवान, गोपालगंज और छपरा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

रक्षा मंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जीत



रक्षा मंत्री ने बिहार में तीन सभाओं को संबोधित किया

का मंत्र देते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता ईश्वर का कार्य करते हैं। भाजपा का कार्य देश का कार्य हैं, देश का कार्य ईश्वरीय कार्य हैं। ईश्वर का कार्य करने वाला कोई भी कार्यकर्ता कभी भी हार नहीं सकता है। आने वाले चुनाव में हमारी जीत सुनिश्चित हैं, क्योंकि हम ईश्वरीय कार्य में लगे हुए हैं। केंद्र सरकार के दस वर्षो के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार होता था, लेकिन हमारी सरकार में पिछले दस वर्षो में भ्रष्टाचार का एक भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

दरभंगा के घनश्यामपुर में आयोजित जनसभा में कहा कि रामलला अपनी कुटिया से निकलकर महल में आ गए हैं। अब भारत में रामराज का शुभागमन हो गया है। इसे अब दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है। मैं डंके की चोट पर कहता हूं कि केंद्र में मोदी सरकार के आने से दुनिया में भारत का मस्तक ऊंचा हुआ है। आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर उसे सुनती है। भारत रत्न देने में भाजपा सरकार किसी से भेदभाव नहीं करती है।

## शहरी आवासीय सोसायटी में मतदान केंद्र बनाने की मांग

■ सभी मतदान केंद्रों की कराई जाए वीडियोग्राफी
■ आयोग के अफसरों से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली, विसं।** भाजपा ने चुनाव आयोग से शहरी इलाकों की विभिन्न आवासीय सोसायटी के परिसरों में भी मतदान केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को सौंपे पत्र में कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाए।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने इन मांगों को लेकर निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। वैष्णव ने कहा भाजपा चाहती है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी हो और मतदाताओं की भागीदारी बढ़े। 50% केंद्रों पर वीडियोग्राफी की जाती है।

## उद्धव ठाकरे को मंत्री महाजन की चुनौती

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर बुधवार को तंज कसा और आरोप लगाया कि बाघ की खाल पहन लेने से बिल्ली बाघ नहीं बन जाती और साथ ही उनकी पार्टी को आगामी लोकसभा चुनाव में कम से कम एक सीट जीतने की चुनौती दी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता महाजन ने एनसीपी के संस्थापक शरद पवार को बारामती लोकसभा सीट से अपनी बेटी सुप्रिया सुले की जीत सुनिश्चित करने की भी चुनौती दे डाली।

**विश्लेषण** | तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी कई इलाकों में हुई कमजोर, पार्टी अपनी शर्तों पर गठजोड़ की बात पर भी आगे नहीं बढ़ा पा रही

# बीआरएस को सत्रह सीटों पर पुराना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती

■ पंकज कुमार पाण्डेय

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में शिकस्त के बाद भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) लोकसभा चुनाव में तेलंगाना की सत्रह सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी या एनडीए और इंडिया गठबंधन में से किसी एक का साथ होगा? जैसे-जैसे आम चुनाव नज़दीक आ रहे हैं तेलंगाना की सियासी चहलक़दमी से मिले जुले संकेत मिल रहे हैं। बीआरएस के सामने बड़ी चुनौती अपना पुराना प्रदर्शन दोहराने की है।

कई इलाक़ों में कमजोर पड़ी बीआरएस को चुनाव के समय साथ छोड़ने वाले नेताओं से भी झटका लगा है। इसलिए पार्टी अपनी शर्तों पर गठजोड़ की बात पर भी आगे नहीं बढ़ा पा रही है।

पहले इस तरह के संकेत मिले थे कि विधानसभा में पिछड़ने के बाद भाजपा और बीआरएस राज्य में साथ आ सकते हैं। फिर पर्दे के पीछे इंडिया के कुछ नेताओं की गठजोड़ को लेकर सक्रियता की बात हुई। लेकिन बीआरएस न अभी इधर और न ही उधर की भूमिका में है।

केसीआर के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान और बाद में हुई मेल मुलाक़ातों को भी सियासत के नज़रिए से परखने की कोशिश की गई। लेकिन यह मुलाक़ातें शिष्टाचार भेंट ही साबित हुईं। विधानसभा चुनाव के पहले ग़ैर कांग्रेस और ग़ैर भाजपा गठजोड़ की वकालत करने वाले केसीआर फिलहाल राज्य में अपना अस्तित्व बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। उन्हें पिछले लोकसभा चुनाव में नौ सीट मिली थीं। लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजे और कई अलग अलग सर्वेक्षणों में पार्टी को लोकसभा में भी नुकसान के संकेत हैं। वहीं कांग्रेस विधानसभा की जीत के बाद से उत्साहित है और उसे लोकसभा में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

उधर भाजपा विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर लोकसभा में मानने को तैयार नहीं हैं। पार्टी नेताओं का मानना है कि उन्होंने जो ज़मीन टीआरएस के खिलाफ तैयार की थी उसका फ़ायदा कांग्रेस को मिला क्योंकि भाजपा हर जगह नहीं थी।

### भाजपा के स्थानीय नेता गठबंधन की बात पर बंटे थे

जहां तक गठबंधन की बात है पर्दे के पीछे चली कुछ चर्चाओं में भाजपा के स्थानीय नेता बीआरएस के साथ गठबंधन की बात पर बंटे हुए थे। जानकारों की मानें तो केंद्रीय नेतृत्व की ओर से भी उन्हें कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया गया। बीआरएस से जुड़े नेताओं का कहना है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों की मंशा राज्य में क्षेत्रीय दल के रूप में बीआरएस की ताकत खत्म करने की है। इसलिए दोनों तरफ से अलग तरह से दबाव बनाया जा रहा है।




**17** सीटें तेलंगाना में लोकसभा की हैं

**09** सीटें गत चुनाव में केसीआर ने जीती थीं

### राज्य में त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना

जानकारों का यह भी कहना है कि दोनों राष्ट्रीय दल कांग्रेस और भाजपा लोकसभा चुनाव में बीआरएस को जूनियर भागीदार के तौर पर सीमित करना चाहते थे। जबकि केसीआर अपनी पार्टी का लोकसभा में पिछले प्रदर्शन को आधार मानकर बड़ी भूमिका पर चर्चा को तैयार थे। राज्य में त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है।

### भाजपा लगातार तेलंगाना पर ध्यान केंद्रित कर रही

तेलंगाना में 10 सीटें पार करने का लक्ष्य रखने वाली भाजपा पिछले एक साल से तेलंगाना पर ध्यान केंद्रित कर रही है। हाल ही में, तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि हम 17 लोकसभा सीटों में से अधिकांश सीटें जीतने का प्रयास कर रही है। भाजपा ने 'गांव चलो' अभियान भी शुरू किया था।

## गुड्डू जमाली सपा में शाामिल, आजमगढ़ से लड़ने के संकेत

**लखनऊ, विसं।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को सपा में शामिल कर लिया। इस तरह उन्होंने आजमगढ़ सीट पर चुनावी समीकरणों को दुरुस्त करने की कोशिश की है। अखिलेश यादव ने अब आजमगढ़ से चुनाव लड़ने का संकेत दे दिया है।

गुड्डू जमाली बुधवार को बसपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह न किसी लालच में आए हैं और न कोई सौदेबाजी की है। सपा कार्यालय में अखिलेश यादव से प्रेस कांफ्रेंस में जब पूछा गया कि क्या गुड्डू जमाली को एमएलसी बनाया जाएगा और आप लोकसभा चुनाव आजमगढ़ से चुनाव लड़ेंगे। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसमें कौन सी नई बात है।

### जमाली की मजबूत पकड़

आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से दो बार बसपा विधायक रह चुके जमाली आजमगढ़ के लोकसभा उपचुनाव में सपा की हार का सबब बने थे। जब मुलायम सिंह यादव 2014 का लोकसभा चुनाव लड़े तो बसपा के टिकट पर शाह आलम ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। ऐन वक्त पर शिवपाल यादव ने आजमगढ़ में मोर्चा संभाल कर सपा की विजय सुनिश्चित की। इस लोकसभा चुनाव में जमाली को 2.66 लाख से ज्यादा वोट मिले थे।

# हिमाचली हलचल

हिमाचल में तेज हुई सियासत पर सभी की निगाह का टिकना स्वाभाविक है। ऐसा कम ही होता है, जब भाजपा की मजबूत राजनीतिक रणनीतियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पार्टी में साफ दिख रही टूट के बावजूद जिस तरह से कांग्रेस अपनी सरकार को बचाने की कोशिश में लगी है, उससे लगता है कि आने वाले दिनों में भारतीय राजनीति में संघर्ष के नए पहलू देखने को मिलेंगे। छह विधायकों के पाला बदलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने से कांग्रेस की सरकार पर संकट मंडराने लगा था। ऐसा लग रहा था कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों का वोट लेकर जीतने वाली भाजपा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार को भी आसानी से सत्ता से बेदखल कर देगी। भाजपा विधायक इसके लिए सक्रिय भी हो गए थे। लगने लगा था कि विधानसभा की 68 सीटों में से कांग्रेस के पास 40 और भाजपा के पास 25 सीटें हैं, तो छह कांग्रेस विधायकों के पालाबदल से अविश्वास प्रस्ताव का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, पर ऐसा नहीं हुआ।

कम से कम छह उदाहरण हैं कि भाजपा ने मजबूत रणनीति के बल पर विरोधियों के हाथों में आई सत्ता पर भी अपना शिकंजा कसा है। अभी एकाधिक राज्यों में भाजपा के पक्ष में जो पालाबदल मतदान हुआ है, उससे भी विपक्ष की कमजोर इच्छाशक्ति और दिशाहीन रणनीति का पता चलता है। हालांकि, राज्यसभा चुनाव हारने और सरकार पर आए संकट से निपटने के लिए कांग्रेस के कुछ नेता जिस तरह से सक्रिय हुए, उससे कांटे के सियासी संघर्ष में कांग्रेस दमखम के साथ लौटती दिखी है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस्तीफा मांग रहे हैं, पर वह 14 अन्य भाजपा विधायकों के साथ विधानसभा से निलंबित हो गए हैं। ऐसे में, विधानसभा में तुलनात्मक रूप से भाजपा कमजोर हो गई है। राजनीति में यह नई बात नहीं है, समय और रणनीति के हिसाब से पलड़ा कभी हल्का, तो कभी भारी होता रहता है। कभी आक्रामक दिख रही पार्टी को रक्षात्मक भी होना पड़ता है और फिलहाल कांग्रेस आक्रामक है। जिस तरह से या जिन हालात में विधानसभा से 15 विधायकों को निलंबित किया गया है, उसकी प्रशंसा नहीं की जा सकती, पर आज के समय में सत्ता के लिए जिस तरह की प्रतिस्पर्द्धा चल पड़ी है, उससे अगर कोई बचेगा, तो सियासत में कहां बचेगा, सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

**अपने विधायकों की शिकायतें अगर समय रहते ही दूर कर दी जातीं, तो हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस ऐसी मुसीबत में नहीं पड़ती।**

इसमें कोई शक नहीं है कि हिमाचल में कांग्रेस के खेमे में असंतोष पल रहा था, इसी वजह से एक मंत्री विक्रमादित्य ने इस्तीफा दे दिया। ध्यान रहे, विक्रमादित्य कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे वीरभद्र सिंह के पुत्र हैं और उनके जाने से कांग्रेस को नुकसान तय है, अतः पार्टी नेतृत्व बीच-बचाव में जुट गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी कह दिया है कि 'विक्रमादित्य सिंह का इस्तीफा स्वीकार करने का कोई सवाल ही नहीं है। विक्रमादित्य मेरे छोटे भाई जैसे हैं और उनकी सभी शिकायतें दूर की जाएंगी।' कहना न होगा कि शिकायतें अगर पहले ही दूर कर दी जातीं, तो कांग्रेस इस मुसीबत में नहीं पड़ती। सरकार फिलहाल बचा लेने के बाद कांग्रेस खेमे में खुशी है और कहा जा रहा है कि भाजपा की साजिश को नाकाम कर दिया गया, पर इतिहास गवाह है, जहां भी विरोधियों ने ऐसे संतोष का परिचय दिया है, भाजपा ने वहीं अपनी सत्ता का महल खड़ा किया है। खैर, आम चुनाव सामने है और चौंकाने वाली सियासी उठापटक देखने के लिए तैयार रहना चाहिए।

हिन्दुस्तान Hindustan | **75 साल पहले** 28 फरवरी, 1949

## मुसलमानों से पटेल की अपील

हैदराबाद, २७ फरवरी। ''यदि चार करोड़ मुसलमान हिन्दुस्तान में शेष ३० करोड़ लोगों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़े हो जायें तो वे न केवल हिन्दुस्तान का बल्कि पाकिस्तान का भविष्य भी बदल सकते हैं,'' यह घोषणा सरदार वल्लभभाई पटेल ने कल सायंकाल उसमानिया विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में भाषण देते हुए की। सरदार पटेल ने कहा कि अब बीती बातों पर पर्दा डालना चाहिए। देश के प्रत्येक व्यक्ति को हिन्दुस्तान को महान राष्ट्र बनाने में मदद देनी चाहिए। पूर्ण साम्प्रदायिक मेल की अपील करते हुए सरदार पटेल ने कहा कि हम सब इसी जमीन पर पैदा हुए हैं, इसी पर पले और यहीं जिन्दा रहना और मरना है।

आपने बताया कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों और अध्यापकों के कन्धों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। स्वाधीन भारत के नागरिकों का भविष्य-निर्माण का काम उनके हाथों में है। विश्वविद्यालय के छात्रों पर भी जिम्मेदारी कम नहीं है, क्योंकि देश का भविष्य बनाने का बोझ उन्हीं पर पड़ने वाला है। कई सदियों की गुलामी के बाद हमारा देश आजाद हुआ है और अब हमारे सामने काम का एक विशाल क्षेत्र खुल गया है। सरदार पटेल ने आगे कहा- ''मैंने अपने को हिन्दुस्तान की सेवा के लिए एक सिपाही माना है और जीवन पर्यन्त मैं सिपाही बना रहूंगा। इस सेवा के मार्ग में जरा भी विचलित होने से पहले मैं मर जाना अच्छा समझूंगा।''

सरदार पटेल ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे जीवन भर सचाई के रास्ते पर चलते रहें। सचाई का रास्ता हमेशा रचनात्मक होता है। आपने इस बात पर खेद प्रकट किया कि कुछ गुमराह युवक तोड़-फोड़ के कामों की तरफ झुक रहे हैं अर्थात् देश का निर्माण करने की तरफ नहीं, बल्कि उसे गिराने की तरफ। सरदार पटेल के भाषण से पूर्व उप-कुलपति ने देश की आजादी की लड़ाई में सरदार पटेल द्वारा दी गई कुर्बानियों के लिए उनके प्रति श्रद्धांजलि भेंट की। इस दीक्षान्त समारोह में जिन छात्रों को उपाधियां मिली हैं, उन्होंने यह शपथ ली है कि वे हर तरह से अपने आपको इस उपाधि के योग्य बनायेंगे। इन उपाधियों के योग्य बनने का एकमात्र तरीका संसार की नजरों में हिन्दुस्तान की प्रतिष्ठा को बढ़ाना है।

# पाकिस्तान में अभी भी सरकार का इंतजार



यहां स्कैन करें

सुशांत सरीन | सीनियर फेलो, ओआरएफ

**पाकिस्तान का राजनीतिक भविष्य अंधकारमय बताया जा रहा है। फौज और हुकूमत में बढ़ती तनातनी के कारण यहां जो भी सरकार बनेगी, डेढ़-दो साल से अधिक नहीं चल सकेगी।**



पाकिस्तान में चुनाव खत्म हुए तीन हफ्ते हो गए, लेकिन यह एक मजाक ही है कि अभी तक पूरे नतीजे स्पष्ट नहीं हैं। कौमी असेंबली (निचले सदन) का स्वरूप हमें मोटे तौर पर जरूर पता है, लेकिन किसको कितनी सीटें आई हैं, इस पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। आलम यह है कि हर दूसरे-तीसरे दिन एक नया 'नोटिफिकेशन' जारी हो रहा है। स्थानीय स्तर पर कई उम्मीदवारों की जीत को चुनौती दी जा रही है। कुछ सीटों पर तो फिर से मतगणना का काम चल रहा है।

एक अन्य विवाद कौमी असेंबली की आरक्षित सीटों पर भी है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को ये दी जाएं या नहीं, क्योंकि आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुने गए नेताओं ने अब एक नई पार्टी का गठन किया है। बेशक, पाकिस्तान के लिए ऐसे हालात नए नहीं हैं, लेकिन इस बार चुनावों में जिस बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, उसका कहीं और उदाहरण देखने को नहीं मिलता।

वहां यह पूरी उलझन इसलिए बनी हुई है, क्योंकि चुनाव के नतीजों ने सभी को चौंका दिया है। शायद ही किसी को अंदेशा था कि इमरान खान इतनी मजबूती से सामने आएंगे। फौज की तमाम कार्रवाइयों के बावजूद उन्होंने 90 से अधिक सीटें जीतीं। यह चमत्कार तब हुआ, जब वह खुद जेल में हैं और उनके नेताओं ने बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ा। आरोप यह भी है कि 30-40 सीटें ऐसी हैं, जहां का रुझान इमरान खान के पक्ष में था, लेकिन रात के अंधेरे में वहां के परिणाम उनके विरोधियों की झोली में डाल दिए गए। यानी, अगर चुनाव निष्पक्ष होते, तो इमरान खान स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौट आते।

स्पष्ट है, पाकिस्तान के आम चुनाव का एकमात्र संदेश यही है कि तमाम मुश्किलों के बावजूद इमरान खान विजयी हुए हैं और फौज को सबसे करारी हार मिली है। नवाज शरीफ की तो दुर्गति हुई ही है और उनकी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज महज 75 सीटों पर सिमट गई है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्लमेंटेरियन, जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एस), अवामी नेशनल पार्टी जैसी फौज की अन्य कठपुतली पार्टियों का तो सूपड़ा साफ हो गया है। कहा यह भी जा रहा है कि इस चुनाव से नवाज शरीफ की पार्टी की राजनीतिक चूलें हिल गई हैं और यह शायद उसका आखिरी चुनाव है।

फौज बेशक यह मानकर चल रही है कि सत्ता से इमरान खान को दूर रखने की उसकी मंशा पूरी हो गई है, लेकिन इस चुनाव ने उसकी छवि को काफी नुकसान पहुंचाया है। कहा जाता है कि पाकिस्तानी फौज कोई जंग जीतती नहीं, और कोई चुनाव हारती नहीं। मगर इस बार उसकी यह तस्वीर खंडित हो गई। अब पूर्व में जताए गए कयास के अनुसार, पीएमएल-एन और पीपीपी मिलकर सरकार बनाने जा रही है। इसमें मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम) भी शामिल होगी, जिसके बारे में कहा जाता है कि करांची की सीट उसको जबरिया जितवाई गई।

चूंकि अब मिली-जुली सरकार का गठन होने जा रहा है, इसलिए इसमें सभी दल अपने-अपने हिस्से को लेकर काफी मुखर हैं। खबर है कि 54 सीटें जीतने वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने राष्ट्रपति पद मांगा है, जिस पर मार्च के पहले पखवाड़े में चुनाव होने जा रहा है। इसके अलावा, सीनेट, यानी ऊपरी सदन में सभापति और कुछ गवर्नर का पद भी वह मांग रही है। इसी तरह, एमक्यूएम ने भी कुछ महत्वपूर्ण मंत्रालय और गवर्नर पद लेने की इच्छा जताई है। इन सब पर भले ही रजामंदी होती दिख रही है, लेकिन नई सरकार के सामने दो बड़ी चुनौतियां होंगी।

पहली, बड़ी संख्या में जीत हासिल करके आए इमरान के सांसदों को क्या सरकार शांत रख सकेगी? अभी कागज पर विपक्ष काफी मजबूत दिख रहा है। हालांकि, 2018 के चुनाव में भी इमरान खान के खिलाफ एक मजबूत विपक्ष सदन में था, लेकिन वह कमोबेश चुपचाप ही रहा। मगर इस बार नया इतिहास रचा जा सकता है। जिस तरह से पीटीआई ने चुनाव में गोलबंदी की, लगता नहीं है कि उसके नेतागण सदन में खामोश रहेंगे। फौज की दमनात्मक कार्रवाइयों के बाद मिली इस जीत की खुराक उनकी ऊर्जा बढ़ा सकती है, जिससे पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो सकती है।

दूसरी चुनौती, नई सरकार फौज के दबाव से किस कदर निपटेगी? चूंकि फौज की शह पर ही यह सरकार बन रही है, तो स्वाभाविक ही उसका दबाव नए हुक्मरानों पर होगा। इसीलिए यह अभी से कहा जा रहा है कि शहबाज शरीफ बेशक प्रधानमंत्री बनने वाले हैं, लेकिन वह एक मुखौटा ही होंगे, आर्थिक, विदेश, सुरक्षा आदि से जुड़ी तमाम अहम नीतियां सेना मुख्यालय से तय होती रहेंगी। इसमें एक मुश्किल यह भी है कि खुद फौज अभी रक्षात्मक मुद्रा में है। चूंकि, तमाम कोशिशों के बाद चुनाव में उसे नाकामी मिली है और पाकिस्तान का खजाना भी खाली है। इतना ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान अनवरत साख के संकट से जूझ रहा है। इसलिए, वहां तत्काल सख्त फैसले लेने की अनिवार्यता होगी। ऐसे में, फौज की मंशा यह हो सकती है कि कड़े कदमों के कारण आम लोगों में पनपने वाली नाराजगी का खामियाजा राजनेता भुगतें। इसके लिए नई सरकार कितनी तैयार होगी, यह कहना कठिन है। अलबत्ता, पीपीपी भी संभवतः इसी वजह से कुछ वक्त तक बाहर से समर्थन देने की बात कह रही है, ताकि सारा सिरदर्द पीएमएल-नवाज के हिस्से में आए।

यही वह मोड़ है, जहां से पाकिस्तान का राजनीतिक भविष्य अंधकारमय आंका जा रहा है। कहा जा रहा है कि फौज व हुकूमत में बढ़ती तनातनी के कारण डेढ़-दो साल से अधिक यह सरकार नहीं चलेगी। इसके बाद किसी अन्य राजनीतिक वास्तविकता से लोगों का सामना हो सकता है। सवाल है, क्या इससे बचा जा सकता है? एक तस्वीर बन सकती है। यह हो सकता है कि सभी राजनेता मिलकर फौज को ही हुकूमत से बेदखल करने की कवायद करें। यह अब इसलिए भी मुमकिन है, क्योंकि अभी फौज के पास कोई विकल्प नहीं है। शहबाज शरीफ अगर उसे आईना दिखा दें, तो इमरान खान से छत्तीस का आंकड़ा होने के कारण उसके हाथ-पैर सिमट जाएंगे और सत्ता में उसकी दखलंदाजी रुक सकती है। हालांकि, पाकिस्तान के सियासतदान इसके लिए जरूरी सूझ-बूझ दिखाएंगे, यह अपने आप में एक अबूझ पहेली है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं में कभी कोई सेंध न लगा पाए



यहां स्कैन करें

हरिवंश चतुर्वेदी | मुख्य शिक्षा सलाहकार, बिमटेक

सरकारी नौकरियां लगातार कम हो रही हैं, मगर इनका आकर्षण बढ़ता जा रहा है और इसी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। एक सर्वे के अनुसार, बीते पांच वर्षों में 15 राज्यों में 41 बार प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं हुई हैं, जिनसे करीब 1.5 करोड़ युवा परीक्षार्थी प्रभावित हुए हैं। हाल में 17-18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस में 67,000 पदों के लिए 43 लाख युवाओं ने परीक्षा दी थी, पर पेपर लीक होने से परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ीं।

क्या इन घटनाओं से यह जाहिर नहीं होता कि इन परीक्षाओं को आयोजित करने वाला तंत्र भ्रष्ट और निकम्मा हो चुका है? क्या करोड़ों युवाओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ नहीं हो रहा है? पेपर लीक की घटनाएं राष्ट्रीय स्तर पर इतनी बड़ी समस्या बन चुकी हैं कि पिछले दिनों केंद्र सरकार को संसद में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम) विधेयक, 2024 लाना पड़ा, जो दोनों सदनों द्वारा पारित हो चुका है। इसके अंतर्गत पेपर लीक करने और सार्वजनिक परीक्षाओं में किसी भी तरह के अनुचित साधनों का उपयोग करने वालों को दस साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा, पर सवाल पैदा होता है कि क्या सिर्फ कानून बनाने से इस बीमारी का इलाज हो सकेगा? हमें गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की बढ़ती घटनाएं क्या अभी हाल में पैदा हुई हैं? समाज में संपन्नता बढ़ रही है, तो आने वाले समय में ज्यादातर युवाओं को पैसे और नकल के बल पर ही नौकरी मिलेगी? अगर लोग किसी भी कीमत पर सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए उतारू हो जाते हैं, तो बाजार आधारित पूंजीवादी अर्थव्यवस्था और तंत्र के चरमरा जाने का खतरा पैदा हो सकता है।

**शिक्षाविदों, तकनीकी विशेषज्ञों और परीक्षा संचालकों को मिलकर सोचना होगा कि पेपर लीक को नामुमकिन कैसे बनाया जाए।**

अब वक्त आ गया है कि सरकारी नौकरियों की चयन-प्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन किए जाएं। इस काम में डिजिटल टेक्नोलॉजी या सूचना प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हालांकि, गलत तत्वों का हस्तक्षेप होगा, तो डिजिटल टेक्नोलॉजी के उपयोग से भी हल नहीं निकलेगा। मध्य प्रदेश के व्यापम घोटाले में यही जाहिर हुआ था कि भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हस्तक्षेप से राज्य की सरकारी नौकरियां दुष्प्रभावित हुई थीं। निष्कर्ष यही निकलता है कि इस सामाजिक कैंसर के इलाज के लिए मौजूदा ढांचे में बुनियादी बदलाव की जरूरत होगी।

जहां तक विश्वविद्यालयों में वार्षिक परीक्षाओं में पेपर लीक का मामला है, तो कई विश्वविद्यालयों में तकनीक के उपयोग द्वारा समस्या का हल निकाला जा सका है। 2009 में कर्नाटक के विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक बड़ा प्रयोग शुरू हुआ, जिसमें प्रश्नपत्र को डिजिटल ढंग से परीक्षा केंद्रों को भेजा जाने लगा। इसमें पेपर लीक रोकने का चौकस प्रबंध था। उत्तर पुस्तिका की स्कैनिंग करके मूल पुस्तिकाओं की प्रतिलिपि परीक्षकों को दी गई। परीक्षकों को केंद्रीय मूल्यांकन के लिए बुलाया गया और उन्हें कंप्यूटर पर मूल्यांकन करने को कहा गया। इस तरह इंजीनियरिंग की सेमेस्टर परीक्षाओं में पेपर लीक व परीक्षाफल घोषित करने में लगने वाले समय को कम किया जा सका। ऐसे प्रयोग कुछ अन्य विश्वविद्यालयों में भी हुए हैं।

क्या सिर्फ सूचना प्रौद्योगिकी द्वारा पेपर लीक की समस्या का समाधान संभव है? कदापि नहीं, क्योंकि आईटी एक टूल या औजार है, जिसे परीक्षा संचालित करने वाले नियामकों को पूरी ईमानदारी, जवाबदेही और प्रतिबद्धता के साथ इस्तेमाल करना होगा। वे कौन लोग हैं, जो इस परीक्षा तंत्र को संचालित करते हैं? ये हैं परीक्षा नियंत्रक, विषय के विशेषज्ञ, पेपर सैटर, मॉडरेटर और पेपर की सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करने वाले आईटी अधिकारी, इन सभी स्तर पर चोरी रोकने की जरूरत है।

देश में शिक्षित बेरोजगारी की समस्या पर निरंतर सोचना होगा और रोजगार को तेजी से बढ़ाना होगा। अब समय आ गया है कि देश के दिग्गज शिक्षाविद और तकनीकी विशेषज्ञ मिलकर विचार करें कि परीक्षाओं को कैसे चाक-चौबंद किया जाए?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# डायोजनीज और सिकंदर

यूनान में एक अद्भुत संन्यासी थे डायोजनीज। बड़े मस्त इंसान थे। बिल्कुल नग्न रहते थे। सिकंदर को भी उनसे ईर्ष्या हो गई थी। एक सुबह वह उनसे मिलने पहुंचा, तो डायोजनीज की मस्ती देखकर बोला, 'अगर मुझे दोबारा जन्म लेना पड़ा, तो परमात्मा से यही कहूंगा, अबकी बार सिकंदर मत बनाओ, डायोजनीज बना दो। आपके पास कुछ भी नहीं है, फिर भी इतने मस्त?' डायोजनीज ने कहा, 'एक चीज थी मेरे पास, तब तक थोड़ी चिंता थी।' सिकंदर ने पूछा, 'वह क्या चीज थी?'

संन्यासी ने कहा, 'मैंने सब कुछ त्याग दिया था, कपड़े-लत्ते तक छोड़ दिए थे, लेकिन एक पात्र अपने हाथ में रखा करता था, जल इत्यादि पीने को। एक दिन नदी पर पानी पीने गया, मेरे पीछे एक कुत्ता भागा हुआ पहुंचा और मुझसे पहले ही पानी पीकर चल पड़ा। अब तक मैं पात्र घिसता रहता था। मुझे लगा, यह कुत्ता तो मुझसे बड़ा संन्यासी है। तभी मैंने उस पात्र को भी त्याग दिया और कुत्ते को गुरु बना लिया, क्योंकि उसने ही मुझे सिखाया कि यह पात्र काहे ढोए जा रहा हूं? वही एक चीज थी, जिसकी वजह से मुझे चिंता होती थी, कभी-कभी रात में भी हाथ से टटोलकर देखता कि कोई ले तो नहीं गया? जब से वह पात्र गया, सारी चिंता भी चली गई। तब से ही मैं सम्राट हो गया हूं!'

सिकंदर ने डायोजनीज से कहा, 'आपसे मिलकर बहुत खुशी हुई। अगर मैं आपके लिए कुछ कर सकूं, तो मुझे काफी खुशी होगी।' संन्यासी ने कहा, 'आप जरा हटकर खड़े हो जाएं, क्योंकि आप धूप रोक रहे हैं। सुबह का वक्त है और मैं धूप सेंक रहा था। बस इतना दे दीजिए, और आपसे क्या चाहिए? आपके पास है ही क्या, जो आप मुझे दे सकते हो? यह फौज-फांटा लेकर जा कहां रहे हो? आखिर किस-किस की धूप छीनने का इरादा है?'

सिकंदर ने कहा, 'जा रहा हूं विश्व-विजय के लिए। लेकिन अंतिम लक्ष्य मेरा भी यही है, जो आपका है-शांति और विश्राम।' डायोजनीज खिलखिलाकर हंसने लगा। कहा, 'तो फिर इतनी यात्रा की क्या जरूरत है? तुम भी करो विश्राम, यह नदी का किनारा काफी बड़ा है, हम दोनों के लिए काफी है। और भी लोग आएं, तो उनके लिए भी काफी है। यहां कोई अड़चन नहीं।' सिकंदर ने कहा, 'अभी न कर सकूंगा।' डायोजनीज ने जवाब दिया, 'फिर कभी न कर सकोगे; जो अभी कर सकता है, वही कर सकता है।'

**जो हो सकता है, अभी हो सकता है; कल पर छोड़ा, तो समझो छूटा। न करना हो, मत करो; मगर कभी यह मत कहो कि कल करेंगे। कल पर टालना, न करने की व्यवस्था है।**

इसलिए मैं कहता हूं कि जो हो सकता है, अभी हो सकता है; कल पर छोड़ा, तो समझो छूटा। न करना हो मत करो, मगर कभी यह मत कहो कि कल करेंगे। कल पर टालना न करने की व्यवस्था है। जो होना है, आज हो सकता है, अभी हो सकता है, और यहीं हो सकता है।

ओशो



**द्रौपदी मुर्मु** | राष्ट्रपति, भारत

**डॉक्टर को हमारे समाज के लोग भगवान समझते हैं। आप सही अर्थ में एक सफल डॉक्टर या नर्स तभी माने जाएंगे, जब आप में पेशेवर दक्षता के साथ-साथ करुणा, दया और सहानुभूति जैसे मानवीय मूल्य भी विद्यमान हों।**

# किसानों की समस्याएं भी तो समझिए

भारतीय किसानों की मुश्किलें वास्तविक हैं और उनकी मांगों को समझना हमारी जिम्मेदारी है। पंजाब के किसान धान और गेहूं की खेती के बजाय अन्य फसलों के विविधीकरण को समर्थन देते हुए अपनी आवाज उठा रहे हैं। इसके साथ ही, जलवायु परिवर्तन के खतरे को भी उन्होंने सामने देखा है। मगर केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच समझौते की संभावना कमजोर है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि किसान संगठन एकमत नहीं हैं और वे अपनी मांगों को लेकर एक-दूसरे से कुछ भिन्न मत रखते हैं। तो, सबसे पहले किसान संगठनों को अपनी मांगों को लेकर एकजुट होकर सरकार के साथ वार्ता करनी चाहिए। इसके साथ-साथ किसान संगठनों के मध्य समझौते की संभावना को बढ़ावा देने की भी आवश्यकता है। सभी संगठनों को मिलकर एक प्रभावी प्रतिनिधित्व के साथ सरकार से वार्ता करनी चाहिए। केंद्र सरकार को भी उनकी समस्याओं को समझने और उनका समाधान ढूंढ़ने में सहायता करनी चाहिए। यह सिर्फ किसानों के हित में नहीं होगा, बल्कि पूरे देश के लिए फायदेमंद साबित होगा।

किसानों के मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण हैं और समझौते की संभावना को बढ़ावा देना आवश्यक है। किसान संगठनों और केंद्र सरकार के बीच पुल बनाकर अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि वे अपने अधिकारों का सही से उपयोग करके समाज में एक मुकाम प्राप्त कर सकेंगे। जाहिर है, केंद्र सरकार को इस मामले में पर्याप्त संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। किसानों की मांगों को समझते हुए उनके साथ समझौते करना जरूरी है। इससे कृषि क्षेत्र में सुधार हो सकेगा। मगर इसके लिए किसान संगठनों को भी सहयोग करना होगा। वे चाहे जितना भी अपनी मांगों के लिए लड़ लें, लेकिन वे यह भी समझें कि समझौते का मार्ग ही सबसे उत्तम है। इस समझौते में राजनीतिक दलों का भी बड़ा योगदान हो सकता है। वे किसानों के मुद्दों को उठाकर अपने लाभ के लिए उसका इस्तेमाल करने से बचें।

कुल मिलाकर, यह सबको एहसास होना चाहिए कि हमारा देश कृषि पर निर्भर है और किसान हमारे असली अन्नदाता हैं। उनकी समस्याओं को हल करना हमारी प्राथमिकता में सबसे ऊपर होना चाहिए और इसमें समझौते की संभावना बनाना एक महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए हम सभी को यह समझना चाहिए कि समझौते का मार्ग ही सबसे उत्तम है और इससे हम सभी को लाभ होगा।

अवनीश कुमार गुप्ता, टिप्पणीकार

**अनुलोम-विलोम**

**किसान आंदोलन**



# चुनाव से पहले दबाव बनाने की रणनीति

लोकसभा चुनाव में अब गिने-चुने दिन रह गए हैं, और एक बार फिर पंजाब से किसानों को चुनावी पिच सजाने के लिए दिल्ली की ओर भेजा गया है। देश की जनता यह खूब समझ चुकी है कि जब-जब चुनावी बादल उमड़ते-घुमड़ते हैं, आंदोलनजीवी उछल-उछलकर टर्र-टर्र करने लगते हैं। वास्तव में, लोकसभा चुनाव के वक्त शुरू यह नया आंदोलन एक तरह से सरकार की कनपटी पर आंदोलन रूपी बंदूक लगाकर अपनी मांगों को मंगवाने जैसा है। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि इससे पहले भी किसान नेता 2020-21 में विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव से पूर्व सरकार को ब्लैकमेल कर चुके हैं, जिसका खुलासा वे अपने बयानों से ही कर चुके हैं।

किसानों की सबसे बड़ी और प्रमुख मांग है, न्यूनतम समर्थन मूल्य, यानी एमएसपी की कानूनी गारंटी। इसका मतलब है, जो भी व्यक्ति या व्यापारी समर्थन मूल्य पर उपज खरीदने से इनकार करता है, उसके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए जा सकेंगे। इसके अलावा, किसान व खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन की व्यवस्था, किसानों की कर्ज-माफी और पिछले आंदोलन के दौरान दर्ज हुए मुकदमों की वापसी की मांग भी आंदोलनरत किसान कर रहे हैं। मगर देखा जाए, तो एमएसपी की गारंटी देने की मांग पूरी तरह से अव्यावहारिक है। इससे महंगाई बढ़ सकती है और देश की अर्थव्यवस्था को खासा नुकसान हो सकता है। इतना ही नहीं, किसी भी व्यक्ति को किसी उत्पाद को निश्चित भाव पर खरीदने के लिए भला कैसे कानूनी रूप से बाध्य किया जा सकता है? देखा जाए, तो आज भी उपभोक्ता जो अनाज खरीदता है, उसकी कीमत एमएसपी से ज्यादा होती है। वैसे भी, वस्तु या उत्पाद का मूल्य मांग व आपूर्ति से तय होता है। यदि ऐसी गारंटी सरकार फसलों के लिए देगी, तो उस पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा, उसके सामने भंडारण की समस्या भी पैदा हो सकती है। इससे जीडीपी, विकास, सब ठप हो जाएगा। कानून-व्यवस्था तहस-नहस हो जाएगी। इन सबको देखते हुए ही कहा जा रहा है कि यह न तो किसानों के हित में है, और न देशहित में।

इस आंदोलन का उद्देश्य पूरी तरह से राजनीतिक है। किसान राज्यों में कोई गतिविधि नहीं करते हुए सीधे दिल्ली आ धमकते हैं, जिसमें राज्य सरकारों का भी मौन सहयोग रहता है। पिछले और इस बार, दोनों आंदोलनों में पंजाब सरकार का रुख अच्छा नहीं कहा जा सकता। वहां की सरकार की भूमिका तमाशबीन से अलग नहीं दिखती है।

रवि उपाध्याय, समीक्षक

# एआई का नया स्किल है प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस चैटबॉट्स यूं ही यूजर के लिए जानकारी पेश नहीं कर देते। इसके पीछे प्रॉम्प्ट इंजीनियर्स की सूझबूझ काम करती है। एआई के इस नए स्किल को इस साल के सबसे अहम स्किल्स में शामिल किया गया है। कैसे आप इसमें महारत पाएं और भविष्य बनाएं, बता रहे हैं **गौतम प्रशांत**



किसी चैटबॉट से अपनी जरूरत के अनुसार पूछताछ, जेनरेटिव एआई के माध्यम से औपचारिक कंटेंट लिखना, मशीन ट्रांसलेशन से सटीक अनुवाद वगैरह वर्चुअल दुनिया में जादू नहीं है। दरअसल इन खास कामों में प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग का स्किल अहम भूमिका निभाता है। इसे टेक दुनिया में इस साल के सबसे ज्यादा अपेक्षित स्किल्स में शामिल किया जा रहा है। जैसे-जैसे मशीन लर्निंग और एआई की दुनिया बढ़ेगी, वैसे-वैसे इंटरेक्टिव मशीन्स का उपयोग बढ़ेगा। बीते साल दिसंबर की एक रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक चैटबॉट्स का ग्लोबल बाजार 18 खरब अमेरिकी डॉलर से कहीं ज्यादा का होगा। येलो.एआई की बीते साल की एक रिपोर्ट का कहना है कि 58 फीसदी बिजनेस टु बिजनेस कंपनियां चैटबॉट्स का उपयोग कर रही हैं और 2019 से अब तक इनके उपयोग में 92 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसको देखते हुए टेक ग्रेजुएट्स या पेशेवरों के लिए इसमें अपस्किलिंग उन्हें जॉब मार्केट में बेहद उपयोग बनाए रखेगी। बता दें कि यहां शुरुआती सैलरी 3-5 लाख रुपये हो सकती है।

### क्या है प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

किसी लैंग्वेज मॉडल से अपनी जरूरत के अनुसार उत्तर में सटीक नतीजा पाना है, तो जरूरी है कि वह मॉडल आपके प्रश्न में प्रयुक्त शब्दों के अर्थ ही ना समझें, बल्कि लक्ष्य, उसमें छिपे अर्थ आदि भी समझे। प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग दरअसल लैंग्वेज मॉडल यानी कंवरसेशनल एआई, जैसे गूगल जेमिनी, चैटजीपीटी, बिंग चैट, जैस्पर चैट, परप्लेक्सिटी आदि एआई चैटबॉट को यूजर के लिए सटीक नतीजे पेश करने में सक्षम बनाने की तकनीक है। इसीलिए प्रॉम्प्ट इंजीनियर्स एलएलएम यानी लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स के लिए बेहद अहम हैं। वे इसकी क्षमता को अधिकाधिक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वहीं अब अधिकतर व्यापारिक संस्थान विविध उद्देश्यों के लिए इन मॉडल्स का लाभ उठाना चाह रहे हैं। क्योंकि रिपोर्ट कहती हैं कि ये चैटबॉट्स कस्टमर केयर में लगने वाले निवेश को कई गुना कम कर देते हैं और उपभोक्ताओं को ये पसंद आ रहे हैं। इससे संबंधित नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग के विविध काम जैसे अनुवाद, टेक्स्ट को संक्षेप करना, प्रश्न-उत्तर आदि के लिए एल्गोरिद्म बनाने में भी प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग का उपयोग होता है। क्रिएटिव राइटिंग के प्रयोगधर्मी तरीकों को डेवलप करना, विभिन्न प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के लिए कोडिंग और लार्ज लैंग्वेज मॉडल का उपयोग करने वाले नए उत्पादों व सेवाओं के विकास में इसकी जरूरत पड़ती है।

### क्या होगा काम

आप इस तरह के काम करने का मौका पाएंगेः

- एआई प्रॉम्प्ट्स यानी निर्देश गढ़ना ताकि यूजर को इच्छित नतीजे मिलें।
- विविध प्रॉम्प्ट्स के साथ प्रयोग करते हुए एआई से मिली प्रतिक्रिया या नतीजों का परीक्षण और विश्लेषण।
- विविध प्रॉम्प्ट्स और उस पर लैंग्वेज मॉडल की प्रतिक्रिया में छिपी नैतिकता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता, न्यायधर्मिता और पूर्वाग्रहों आदि के नजरिए से उनका विश्लेषण करना।
- एआई के माध्यम से मिले आउटपुट या सामान्य भाषा में कहें तो प्रतिक्रिया में कमियों की समीक्षा करना और प्रॉम्प्ट्स (निर्देशों) को उसके अनुसार बेहतर बनाना।
- जटिल या दोहराव के कामों के लिए ऐप्स या सॉफ्टवेयर में एआई प्रॉम्प्ट्स एंबेड करना।
- अलग-अलग विशेषज्ञ टीम के साथ मिलकर प्रोडक्ट तैयार करना।
- टीम के वर्कफ्लो में एआईचैटबॉट को इंटीग्रेट करना।
- एआई सिस्टम्स के प्रदर्शन की निगरानी करना।

### कहां है इस स्किल का उपयोग

इस तरह के लैंग्वेज मॉडल्स को अब मार्केटिंग, एजुकेशन, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स और हेल्थकेयर जैसे कई उद्योग उपयोग कर रहे हैं। एआई कॉन्ट्रैक्ट रिव्यू फर्म्स, एआई मार्केटप्लेस, ईकॉमर्स सेक्टर, वेब कंटेंट बनाने वाली वेबसाइट्स आदि में ये भूमिका निभाते हैं। एडटेक, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, मैनेजमेंट एंड कंसल्टिंग, बायोटेक, फार्मास्युटिकल्स, वेब सर्विसेज, एआई व उभरती तकनीकों के क्षेत्र आदि में भी इस स्किल की आवश्यकता है।

यह एक ग्लोबल स्तर पर उपयोगी स्किल है, इस क्षेत्र में फुल टाइम, फ्रीलांस और कॉन्ट्रैक्ट आधारित अवसर भी मिलते हैं।

### क्या हो राह

- इस क्षेत्र में आना है, तो कंप्यूटर साइंस, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी या संबंधित क्षेत्र में बैचलर डिग्री होनी चाहिए।
- मशीनल लर्निंग, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कोर्स करें।
- एलएलएम यानी लार्ज लैंग्वेज मॉडल पर काम करने का अनुभव लें। इसके लिए हैकाथॉन में भागीदारी कर सकते हैं। या निजी प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं। इंटर्नशिप लें।
- प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग से जुड़े लोगों से संपर्क बनाएं। इसके लिए इंडस्ट्री और इस कार्यक्षेत्र से जुड़े आयोजनों में जाएं।

(लेखक टेक प्रोफेशनल हैं)

### कोर्स के उपयोगी मंच

DeepLearning.AI
Udemy, Coursera
Datacamp.com,
(निशुल्क कोर्स),
Prompt.co (सशुल्क कोर्स)

### काम को ऑनलाइन दर्शाएं

आज के दौर में कंपनियां अकसर ऑनलाइन अपने उम्मीदवारों पर सर्च करती हैं। इसलिए अपनी ऑनलाइन उपस्थिति को दमदार बनाएं। प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग के प्रोजेक्ट, अपनी प्रोफाइनल अपडेट आदि बढ़िया रखें।

### क्या होंगे पदनाम

प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग के जॉब टाइटिल अलग-अलग हो सकते हैं। ऐसे में आपको विविध जॉब साइट्स पर सिर्फ इस सर्च वर्ड के साथ ही जॉब सर्च नहीं करनी चाहिए। बल्कि कुछ और सर्च वर्ड्स का प्रयोग करें। जैसे चैटजीपीटी प्रॉम्प्ट इंजीनियर, टेक्स्ट प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, रिमोट प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग जॉब्स, एआई प्रॉम्प्ट इंजीनियर, इसके अलावा मशीन लर्निंग, एआई, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग और डेटा साइंस के विभिन्न जॉब टाइटल में भी देखें।

### कुछ उपयोगी कोर्स

- प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग फॉर चैटजीपीटी (Vanderbilt University- Coursera)
- प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग गाइड (Learn Prompting)
- प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग फॉर डेवलपर्स : ChatGPT
- प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग फॉर चैटजीपीटी : H-EDUCATE
- चैट जीपीटी प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग फॉर डेवलपर्स : DeepLearning.ai
- एआई एप्लीकेशंस ऐंड प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग : Udemy

### कहां ढूंढ़ें :

- सामान्य जॉब साइट्स जैसे LinkedIn , Indeed, साइट्स जैसे Toptal, Upwork, Fiverr
- प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग की जॉब साइट्स जैसे Promptly Hired and Prompt Jobs
- एआई मशीन लर्निंग और डेटा साइंस की करियर साइट्स जैसे AI-Jobs and Joblist.AI
- नौकरी के बारे में दी गयी जानकारी विस्तार से पढ़ें। कई बार इस स्किल की नौकरी का नाम कुछ अलग भी हो सकता है। इंडस्ट्री की जरूरतों से वाकिफ रहें।

## जॉब/करियर न्यूज

- उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओर से नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर आवेदन आमंत्रित हैं।
  **कुल पद :** 535
  **अंतिम तिथि :** 14 मार्च 24 तक आवेदन कर दें।
  **आवेदन प्रक्रियाः** ज्यादा जानकारी के लिए और ऑनलाइन आवेदन के लिए देखें वेबसाइट **www.upums.ac.in**
- हाईकोर्ट ऑफ झारखंड की ओर से ग्रुप सी के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
  **कुल पद :** 249
  **अंतिम तिथि :** 1 मार्च 2024 से 31 मार्च 2024 तक आवेदन कर दें।
  **आवेदन प्रक्रियाः** ज्यादा जानकारी के लिए और ऑनलाइन आवेदन के लिए देखें वेबसाइट **jharkhandhighcourt.nic.in**
- वेस्ट बंगाल पुलिस रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से कॉन्स्टेबल और लेडी कॉन्स्टेबल के पदों पर आवेदन आमंत्रित हैं।
  **कुल पद :** 3734
  **अंतिम तिथि :** 1 मार्च 2024 से 29 मार्च 2024 तक आवेदन कर दें।
  **आवेदन प्रक्रियाः** ज्यादा जानकारी के लिए और ऑनलाइन आवेदन के लिए देखें वेबसाइट **prb.wb.gov.in**
- एनटीपीसी लिमिटेड की ओर से डेपुटी मैनेजर के पदों पर आवेदन आमंत्रित हैं।
  **कुल पद :** 110
  **अंतिम तिथि :** 8 मार्च 2024 तक आवेदन कर दें।
  **आवेदन प्रक्रियाः** ज्यादा जानकारी के लिए और ऑनलाइन आवेदन के लिए देखें वेबसाइट **careers.ntpc.co.in**
- राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन लाइब्रेरियन ग्रेड-2 के पदों पर आवेदन आमंत्रित हैं।
  **कुल पद :** 300
  **अंतिम तिथि :** 20 मार्च तक आवेदन कर दें।
  **आवेदन प्रक्रियाः** ज्यादा जानकारी के लिए और ऑनलाइन आवेदन के लिए देखें वेबसाइट **rpsc.rajasthan.gov.in**
- रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की ओर से टेक्निशियन की नियुक्तियों के लिए जल्द ही आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।
  **कुल पद :** 9000
  **अंतिम तिथि :** 9 मार्च से आवेदन प्रक्रिया आरंभ होगी और 8 अप्रैल 2024 तक आवेदन कर सकते हैं।
  **आवेदन प्रक्रियाः** जानकारी व ऑनलाइन आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट **indianrailways.gov.in** देखें।
- हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से कॉन्स्टेबल के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
  **कुल पद :** 6000
  **अंतिम तिथि :** 21 मार्च 2024 तक ।
  **आवेदनप्रक्रियाः** **hssc.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- दिल्ली सबॉर्डिनेट सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड फार्मासिस्ट, नर्सिंग ऑफिसर और अन्य पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।
  **कुल पद :** 1896
  **अंतिम तिथि :** 13 मार्च 2024 तक ।
  **आवेदन प्रक्रियाः** इच्छुक युवा आधिकारिक वेबसाइट **dsssb.delhi.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।
- एअरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से जूनियर एग्जीक्यूटिव पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। **कुल पद :** 490
  **अंतिम तिथि :** आवेदन 2 अप्रैल से 1 मई के बीच ऑनलाइन भेजें। वेबसाइट **www.aai.aero** देखें।

(आवेदन करने से पहले अपने स्तर पर आधिकारिक स्रोतों से जानकारी जरूर लें।

## गेट परीक्षा से खुलेंगे इंजीनियरिंग के कई अवसर

**एक्सपर्ट टिप्स**



**आशीष आदर्श**
करियर काउंसलर

■ **मैंने बीटेक किया है, लेकिन उसके बाद कोई अच्छी जॉब नहीं मिली। मैं तकनीक का अच्छा विद्यार्थी रहा हूं। क्या आगे एमटेक करना ठीक रहेगा? कृपया बताएं।**
**हाकिम, पटना**

यदि आपका बीटेक पाठ्यक्रम अच्छा रहा है और आपकी अपने विषयों में अच्छी पकड़ है, तो मैं आपको गेट परीक्षा की तैयारी करने की सलाह दूंगा। गेट यानी ग्रेजुएट ऐप्टिट्यूड टेस्ट। इन इंजीनियरिंग प्रवेश जांच परीक्षा में वे स्टूडेंट्स बैठते हैं, जिनको आईआईटी एवं एनआईटी जैसे श्रेष्ठ संस्थानों से एमटेक, एमसीए, एमएससी या एमआर्क जैसे पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में दाखिला लेना हो। परंतु, इन सब से बड़ी बात यह है कि गेट उत्तीर्ण उम्मीदवार के पास सीधे रोजगार के कई अवसर आ जाते हैं। जैसे यदि आप गेट परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं, तो भारत में विभिन्न पीएसयू यानी पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग कंपनियों में आपकी सीधी नियुक्ति हो सकती है। आपका गेट स्कोर जितना बेहतर होगा, इन कंपनियों में सीधी नियुक्ति की आपकी संभावना उतनी ही अधिक होगी।

काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च यानी सीएसआईआर, इसरो और भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर जैसी संस्थाएं आपको जेआरएफ यानी जूनियर रिसर्च फेलोशिप के अंतर्गत रिसर्च के लिए फेलोशिप के रूप में आर्थिक मदद देती हैं और रिसर्च के लिए आप जैसे कैंडिडेट को नियुक्त करती हैं। माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, अमेजन, सिस्को जैसी कंपनियों में गेट स्कोर को एक बड़ी योग्यता के तौर पर मानते हुए कई पदों पर सीधी नियुक्ति की जाती है।



■ **प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में करियर की क्या संभावनाएं हैं? कृपया आवश्यक जानकारी देने का कष्ट करें।**
**प्रह्लाद शर्मा**

यदि आप स्नातक हैं और डिप्लोमा स्तर की बात करते हैं, तो किसी भी विषय के स्नातक के लिए एक वर्षीय डिप्लोमा इन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। आपको यह प्रयास करना चाहिए कि उक्त पाठ्यक्रम रेगुलर हो, क्योंकि इस पाठ्यक्रम के बाद आपको मेन्यूफैक्चरिंग एवं कंस्ट्रक्शन उद्योग, सॉफ्टवेयर उद्योग, हेल्थ से संबंधित उपक्रम, प्लानिंग सेक्टर जैसे क्षेत्र में जॉब मिल सकता है और यहां आपकी भूमिका किसी प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करते हुए उसके लक्ष्य को हासिल करना होगी, जो पूर्णतः आपके तकनीकी व व्यावहारिक ज्ञान व क्षमता पर आधारित होगा। कुल मिलाकर यह समझ लें कि किसी स्तरीय संस्थान से प्रोजेक्ट डिप्लोमा आपके सीवी को मजबूत बना सकता है।

## अपने काम के मूल्यांकन में ये रखें ध्यान

**जॉब टिप्स**

पेशेवर दुनिया में अप्रेजल एक अहम प्रक्रिया है। यह आपके आगे बढ़ने का रास्ता भी है। इसीलिए इसके माध्यम से अपने काम को बताने का सही तरीका आना भी जरूरी है। जानिए यहां



**हर ऑफिस** में अप्रेजल प्रक्रिया यानी कर्मचारियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन समय-समय पर होता ही है। इसके लिए कुछेक बातों का खास खयाल रखें।

**काम, चुनौतियों और उपलब्धियों के उदाहरण जरूरी हैं**

आपका अप्रेजल एक मौका होता है कि आप अपने मैनेजर को बता पाएं कि किस तरह आपने कंपनी के काम में अपना योगदान दिया है। इस तरह आने वाले पदों के लिए या किसी नई नियुक्ति की जगह आपके विकल्प की दावेदारी मजबूत बनती है। रिव्यू प्रक्रिया में जहां पर आपको अपने काम का उल्लेख करना हो, वहां अब तक के सबसे उल्लेखनीय कामों को जरूर बताएं। उन्हें कैसे अंजाम दिया, इसे भी संक्षेप में नोट करें या पूछा जाए, तो बताएं। इसमें चुनौतियों का उल्लेख करें और उन पर आपने कैसे विजय पाई, बताएं।

**वास्तविक लक्ष्य बताएं**

इस दौरान आपसे अगले लक्ष्यों के बारे में जरूर पूछा जाता है। लक्ष्य जब भी बताएं, वास्तविकता से जुड़े हों और आपके लिए उन्हें पाना भी संभव हो। इसके लिए अपनी कमजोरियों और मजबूत पक्षों के बारे में सोचें। आगे बढ़ने में जो पक्ष कमजोर साबित हो रहा हो, उससे संबंधित सीखने के लक्ष्य बता सकते हैं या मजबूत पक्ष के आधार पर लक्ष्य की योजना पेश करें। इसके लिए एक व्यावहारिक अवधि भी तय होनी चाहिए। इसमें छोटी अवधि के और लंबी अवधि के लक्ष्यों को बताएं। इस तरह आपके मैनेजर को आपकी प्रेरणाओं, रुचियों का पता चलता है।

**नकारात्मक अनुभवों को जताएं सोच-समझकर**

जब काम की चुनौतियों के बारे में पूछा जाए तो काम से संबंधित ऐसी चुनौतियों का उल्लेख करना चाहिए, जो अच्छे प्रदर्शन में संभावित रूप से बाधा बने हों। या आपको बेहतर मार्गदर्शन की जरूरत पर बात करनी चाहिए। अन्य समस्याओं को बताने का यह मौका नहीं होता।

**अमन सिंह**

## भेजें अपने सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें
**nayiraheincareer@gmail.com**

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार से आय वृद्धि।

**वृष :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा। परंतु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक और बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग हैं।

**कर्क :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कुटुंब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**सिंह :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आत्मसंयत रहें। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**कन्या :** मन अशांत रहेगा। परंतु वाणी में मधुरता रहेगी। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार के प्रति सचेत रहें। परंतु विदेश यात्रा से लाभ में वृद्धि होगी।

**तुला :** मन में शांति और प्रसन्नता रहेगी। पिता का साथ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। भवनसुख में वृद्धि।

**वृश्चिक :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्चों में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। विदेश जाने के अवसर संभव।

**मकर :** मन अशांत हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है।

**कुंभ :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परंतु संयत रहें। अति उत्साही होने से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित।

**मीन :** मन कुछ परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

29 फरवरी, गुरुवार, 10, फाल्गुन (सौर) शक संवत् 1945, 17, फाल्गुन मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 18, शब्बान सन् 1445, फाल्गुन कृष्ण पंचमी (विक्रमी संवत्) रात्रि 06.23 मिनट (सूर्योदय से पहले) तक पश्चात षष्ठी, स्वाति नक्षत्र, ध्रुव योग, कौलव करण। चंद्रमा तुला राशि में (दिन-रात)।

सूर्य उत्तरायण। सूर्य दक्षिण गोल। वसंत ऋतु। दोपहर 01 बजकर 30 मिनट से दोपहर 03 बजे तक राहुकालम्।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**मैंने नया स्टार्टअप शुरू किया है। लेकिन फंड्स जुटाने की समस्या आ रही है। कृपया बतायें वास्तु के अनुसार क्या करें।** **दीपक गुप्ता, कानपुर**

आप निम्न उपाय कर सकते हैं–

- ध्यान रखें कि ऑफिस में अपनी सीटिंग इस तरह से करें कि आपका मुंह उत्तर दिशा की ओर रहे।
- अगर ऑफिस में जहां बैठते हैं, वहां आपके पीछे कोई खिड़की है, तो उसे बंद करें। उत्तर दिशा में पानी का बर्तन रखें।
- गुरुवार को तुलसी में दूध चढ़ाएं। पूर्व दिशा में सूरजमुखी का पौधा रखें।

### वर्ग पहेली : 7528



**ऊपर से नीचे**
1. नियत काम करना; प्रयोजन सिद्ध करना; मतलब साधना (3,2,3)
2. आफत; कष्ट; दुख; दुर्घटना; विपत्ति (3)
3. सौंपना; दान करना; पहुंचाना (2)
4. लालायित हो जाना; अड़ जाना; बच्चों की तरह हठ करने लगना (3,2)
6. जर्जर करना; बहुत जगह छेद करना (3,2,3)
9. विलीन होने का भाव; समामेलन; मृत्यु (3)
10. तेजी से पकड़वाना; झपटवाना (5)
13. अंतर मिटना; साथ लगना; सटना; सम्मिलित होना; मिल जाना; भेंट होना (3)
14. औषधि; इलाज; उपचार; उपाय (2)

**बाएं से दाएं**
2. परदेश जाना; विदेश को प्रस्थान (3,3)
5. अंकुरित होना; पल्लवित होना; फलना-फूलना; उन्नत होना; फिर से शक्तिशाली होना (4)
7. झरने से गिरते हुए जल का स्वर; अनेक लोगों के एक साथ बोलने की आवाज (4)
8. कीड़ा लगा; तिरछा; टेढ़ा; एक आंख वाला (2)
10. वनस्पतियुक्त होना; हरा-भरा होना; प्रसन्न होना; प्रस्फुटित होना (5)
11. जो समीप न हो; अंतर पर; अनासन्न; फासले पर; हटकर (2)
12. रस लिया जाना; ठट्टा; परिहास (4)
14. संगी साथी; अनुयायी; पूरी शक्ति के साथ (4)
15. अस्वीकार करवाना; निषिद्ध करवाना; रुकवाना; वर्जित करवाना (2,4)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7527

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सा | ग | 2 र | त | ट | ■ | 3 चु | 4 रा | ना |
| फ | ■ | ज | ■ | ■ | 5 दा | ■ | म | ■ |
| क | ■ | नी | ■ | 6 स | म | का | ली | न |
| 7 र | म | क | 8 ना | ■ | चु | ■ | ला | ■ |
| ना | ■ | 9 र | च | ना | का | 10 ल | ■ | 11 न |
| ■ | 12 आ | ■ | ना | ■ | 13 ना | ट | की | य |
| 14 भा | व | वा | च | क | ■ | क | ■ | न |
| ■ | श्य | ■ | ना | ■ | ■ | जा | ■ | ज |
| 15 ब | क | री | ■ | 16 गु | ण | न | फ | ल |

### सुडोकू : 7512

* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | 3 | | | | | | 6 | 2 |
| 5 | 2 | | | | | | 4 | 9 |
| 2 | | | 6 | | 8 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | 3 | | 5 | | | 6 |
| 4 | 8 | | | | | | 3 | 7 |
| 6 | 1 | | | | | | 8 | 5 |
| | | | | 6 | | | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7511

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 4 | 7 |
| 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 5 | 8 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 9 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 5 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |

देश में मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी होगी

# रिलायंस और डिज्नी में महाविलय का करार

**ऐलान**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी मीडिया कंपनी वॉल्ट डिज्नी और उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बुधवार को भारत में अपने मीडिया परिचालन का विलय करने की घोषणा की। इस विलय से 70,000 करोड़ रुपये की बड़ी मीडिया कंपनी अस्तित्व में आएगी।

यह सौदा सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद बनी कंपनी भारतीय मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में सबसे बड़ी होगी। इसके पास कई भाषाओं में 100 से अधिक चैनल, दो प्रमुख ओटीटी मंच और देशभर में 75 करोड़ करोड़ दर्शक होंगे। अभी रिलायंस अपनी मीडिया और मनोरंजन इकाई वायकॉम 18 के माध्यम से कई टीवी चैनल और जियो स्ट्रीमिंग एप का संचालन करता है।

वहीं, वॉल्ट डिज्नी की भारत में डिज्नी इंडिया इकाई है, जिसके अंतर्गत स्टार इंडिया भी आता है। इसके पास कलर्स, स्टार प्लस, स्टार गोल्ड, स्टार स्पोर्ट्स जैसे चैनलों का स्वामित्व है।

## नीता अंबानी संयुक्त उद्यम की चेयरपर्सन होंगी



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी संयुक्त कंपनी की चेयरपर्सन बनेंगी, जबकि उदय शंकर वाइस चेयरपर्सन होंगे। संयुक्त इकाई में रिलायंस और उसकी सहायक इकाइयों की हिस्सेदारी 63.16 प्रतिशत होगी। दूसरी ओर डिज्नी के पास बाकी 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। रिलायंस ने ओटीटी कारोबार को बढ़ाने के लिए संयुक्त उद्यम में लगभग 11,500 करोड़ रुपये का निवेश करने पर भी सहमति जताई है।

## मनोरंजन क्षेत्र में नए युग की शुरुआत : मुकेश अंबानी

इस मौके पर मुकेश अंबानी ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता है। यह भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने प्रमुख भागीदार के रूप में डिज्नी का स्वागत किया और कहा कि इस करार से हम देशभर के दर्शकों को किफायती दामों पर बेजोड़ कंटेंट दे सकेंगे। वहीं, वॉल्ट डिज्नी कंपनी के सीईओ बॉब इगर ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला बाजार है और वह संयुक्त उद्यम कंपनी को लेकर उत्साहित हैं।

## विलय सौदा जल्द पूरा होने की उम्मीद

इस सौदे को अभी नियामक और शेयरहोल्डर्स की अनुमति की आवश्यकता होगी। इस करार के 2024 की अंतिम या फिर 2025 की पहली तिमाही में पूरे होने की उम्मीद है। इस संयुक्त उद्यम के पास भारत में डिज्नी की फिल्मों के वितरण के खास अधिकार होंगे। इसके अलावा डिज्नी के 30,000 से ज्यादा कॉन्टेंट का लाइसेंस भी इसके पास होगा। इसका मुकाबला जी और सोनी के साथ ही नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम जैसे स्ट्रीमिंग दिग्गजों से होगा।

# छोटी कंपनियों में जमकर बिकवाली

**मुंबई, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और सेंसेक्स 790 अंक का गोता लगा गया। निफ्टी भी 22,000 अंक से नीचे फिसल गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। सेंसेक्स में आई इस गिरावट के साथ निवेशकों को एक दिन में छह लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

सेंसेक्स 790.34 अंक टूटकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 872.93 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं, निफ्टी भी 247.20 अंक की गिरावट के साथ 21,951.15 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 46 शेयर नुकसान में जबकि चार लाभ में रहे।

**स्मॉलकैप भी टूटा :** बाजार में आई इस गिरावट से बीएसई स्मॉलकैप 1.94 प्रतिशत टूटा जबकि मिडकैप 1.82 प्रतिशत के नुकसान में रहा।



## ये शेयर सबसे ज्यादा टूटे

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड सबसे ज्यादा 4.43 प्रतिशत नीचे आया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में लगभग दो प्रतिशत की गिरावट आई। सेंसेक्स की कुल गिरावट में इसका योगदान 185.59 अंक रहा। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, मारुति, विप्रो, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

## गिरावट के पांच बड़े कारण

1. अमेरिकी और एशियाई बाजारों का कमजोर रुख
2. विदेशी निवेशकों की मुनाफावसूली तेज
3. वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों का निपटान
4. अमेरिकी फेडरल की ओर से ब्याज कटौती में देरी की आशंका
5. गुरुवार को आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशक सतर्क रहे

## वोडाफोन आइडिया का शेयर 14% लुढ़का

कर्ज के बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया के शेयर में बुधवार को 14 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 10,806.71 करोड़ रुपये गिर गया। कंपनी के निदेशक मंडल ने मंगलवार को 45,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

## भारत में अत्यधिक अमीर 6% बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में अत्यधिक अमीरों की संख्या बीते साल सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है।

नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ती समृद्धि के कारण अति-उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों (यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या वर्ष 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

## बिटकॉइन फिर 63 हजार डॉलर के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिप्टोकरंसी बिटकॉइन फरवरी में 40 प्रतिशत की बढ़त दर्ज करते हुए एक बार फिर 63,000 डॉलर के पार पहुंच गया है।

यह दिसंबर 2020 के बाद सबसे बड़ी तेजी है। पिछले चार महीनों में टोकन की कीमत दोगुनी हो गई है। प्रचलन में मौजूद बिटकॉइन की कीमत दो सालों में पहली बार इस महीने दो ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो गई है।

**बाजार 30s**

**शेयर बाजार**

| सेंसेक्स | | निफ्टी | |
|---|---|---|---|
| 72304 | -790.34 | 21951 | -247.20 |

## आरसीपीएल का श्रीलंकाई पेय ब्रांड से करार

**मुंबई।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने श्रीलंका के एलिफेंट हाउस के साथ साझेदारी की घोषणा की है। समझौते के मुताबिक आरसीपीएल ने पूरे भारत भर में एलीफेंट हाउस ब्रांड के तहत आने वाले पेय पदार्थों के विनिर्माण, विपणन और वितरण के अधिकार हासिल किए हैं। आरसीपीएल के पास पहले ही कैंपा, सोसयो और रस्किक जैसे ब्रांड हैं।

## मलाबार गोल्ड कर्मचारी संख्या एक लाख करेगी

**मुंबई।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स दुनियाभर में कारोबार का विस्तार करने की तर्ज पर भारत में 10 नए रिटेल स्टोर खोलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी का लक्ष्य मार्च के महीने तक दुनियाभर में 350 स्टोर खोलने का है। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, कंपनी का लक्ष्य अगले तीन साल में अपने कर्मचारियों की संख्या को एक लाख तक पहुंचाना है।

**HSIIDC**
**EXTENSION NOTICE**
**e-Auction of Group Housing Sites**

Reference captioned advertisement published inviting applications for bidding through e-Auction.

It is hereby informed that the Corporation has decided to extend the last date of registration/deposit of EMD and e-Auction in respect of all sites except Auction ID 1406 of IMT Rohtak. Detail of all such sites is as under:

| Sr. No. | Estate/IMT | Auction ID | Size (in sqm.) |
|---|---|---|---|
| 1 | IE Panipat, Sector-4 | 1401 | 2000 |
| 2 | IE Barhi, Sector-14, Phase -II | 1402 | 4050 |
| 3 | IMT Faridabad, Sector-69 | 1403 | 2000 |
| 4 | | 1404 | 4000 |
| 5 | IMT Sohna, Sector-19 | 1405 | 5427 |
| 6 | IMT Rohtak, Phase-I | 1407 | 8525.46 |
| 7 | | 1411 | 10520.6 |
| 8 | IMT Kharkhoda | 1408 | 4050 |
| 9 | | 1412 | 2025 |
| 10 | IMT Bawal, Sector-2, Phase-I | 1409 | 2000 |
| 11 | | 1410 | 3301 |

**New tentative schedule is as under:**

| | |
|---|---|
| Last date of registration & deposit of EMD | 07.03.2024 upto 23:59 Hrs |
| Date of e-auction | 14.03.2024 (7.00 AM to 11.00 AM) |

Kindly note that all other terms and conditions of the earlier advertised scheme pertaining to the above sites shall remain unchanged.

HSIIDC
**Haryana State Industrial & Infrastructure Deve. Corp. Ltd.**
Regd. Office: C-13 & 14, Sector-6, Panchkula, Ph. 0172-2590481-83,
Website: hsiidc.org.in, E-mail: contactus@hsiidc.org.in

## तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.8% रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग ने देश की अर्थव्यवस्था के बारे में अनुमान जारी किए हैं। एसबीआई इकोरैप की रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने की उम्मीद है।

यह भारतीय रिज़र्व बैंक के लगाए गए अनुमान से थोड़ा अधिक है, जिसने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.5 प्रतिशत आंकी थी। हालांकि, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में छह फीसदी की वृद्धि का अनुमान लगाया है। इकोरैप के अनुसार, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में मामूली गिरावट को ध्यान में रखते हुए जीडीपी को 6.7-6.9 फीसदी की सीमा में बढ़ना चाहिए।

डॉयचे बैंक ने देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। बैंक ने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर पूर्व में जताए गए अनुमान से ज्यादा है।




कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

# निवेश सिर्फ अमीरों के लिए नहीं, जानिए निवेश के माध्यम से कैसे कमाएं मोटा पैसा...

## अजय लखोटिया : ट्रेडिंग व प्रोफेशनल जर्नी

मैं उस चीज में निवेश करना पसंद करता हूं जिसे मैं अच्छी तरह से समझता हूं, मैं सिर्फ एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर में नहीं जाता हूं, किसी सेक्टर या स्टॉक को अच्छी तरह से जानने में समय लगता है। मेरे लिए, निवेश का मतलब आंख मूंद कर रुझानों का पीछा करना नही है, बल्कि गहरी समझ और विचारशील निर्णय लेना है।
**अजय लखोटिया**



अजय लखोटिया, फाउंडर, स्टॉक ग्रो

**आपकी व्यक्तिगत पृष्ठभूमि या पिछले करियर ने स्टॉक मार्केट में प्रवेश करने के आपके निर्णय को कैसे प्रभावित किया?**

शेयर बाज़ार में मेरा सफर बगैर किसी विशेषज्ञता और बिन ज्ञान से शुरू हुआ। मैंने 2002 और 2008 के बीच शेयर बाज़ार में व्यापार करना शुरू किया। पूर्व में इसे मैं सिर्फ रोमांच के लिए किया था। मुझे देखना था कि क्या मैं इसमें अपने दोस्तों को मात दे सकता हूं। लेकिन 2008 में मेरे साथ जो घटित हुआ उसने सचमुच मेरी आंखें खोल दीं। इस घटना में मुझे 80 लाख का नुकसान हुआ, जो मेरे लिए बड़ा नुकसान था। मेरे लिए यह स्पष्ट संकेत था कि मैं उतना नही जानता था जितना मैंने सोचा था। लेकिन हार मानने के बजाय, मैंने अपनी गलती से सीखने का फैसला किया। मैंने कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया, यह सोचकर कि वे मुझे वह सब कुछ सिखाएंगे। लेकिन मुझे आश्चर्य तब हुआ जब पाठ्यक्रमों में जो पढ़ाया गया वह अनावश्यक निकला। ऐसे में यह स्पष्ट था कि शेयर बाजार को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक शैक्षणिक सिद्धांतों और व्यावहारिक कौशल के बीच एक बड़ा अंतर था।

**शुरुआत करने से पहले शेयर बाजार के बारे में आपके मन में क्या गलतफहमियां थीं और अब आपके विचार क्या हैं?**

जब मैंने पहली बार शेयर बाजार में कदम रखा, तो इसके काम करने के तरीके के बारे में मेरे विचार वास्तविकता से काफी दूर थे। मैं सोचता था कि यदि कोई विश्लेषक किसी स्टॉक की प्रशंसा करता है तो यह खरीदने के लिए बेहतर है। लेकिन मुझे जल्द ही एहसास हुआ कि मैं इसे गहराई तक नही समझ रहा था। मैं कंपनी के बुनियादी सिद्धांतों, उसके प्रबंधन या प्रदर्शन को नहीं देख रहा था। मैं अकेला नही था - मेरे आस-पास के कई लोग वही गलतियां कर रहे थे, अपने निवेश को सही मायने में समझे बिना आंख बंद करके किसी की भी सलाह मान रहे थे। यह सब तब बदलना शुरू हुआ जब मुझे वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ा। वह मेरे लिए जागने का समय था। मुझे एहसास हुआ कि मेरा दृष्टिकोण त्रुटिपूर्ण था। फिर मैंने बाजार को एक नए दृष्टिकोण से देखना शुरू किया, यह समझने पर ध्यान केंद्रित किया कि ट्रेडिंग वॉल्यूम और मूल्य गतिविधियों ने कैसे प्रभावित किया, इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मैंने उन व्यवसायों पर गहन शोध और मूल्यांकन किया, जिनमें मैं निवेश कर रहा था।

**पोर्टफोलियो विविधीकरण के संदर्भ में, आप यह कैसे तय करते हैं कि किन क्षेत्रों में निवेश करना चाहिए?**

जब मेरे पोर्टफोलियो के निर्माण की बात आती है, तो मैं चार या पांच ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता हूं जिनमें मैं वास्तव में विश्वास करता हूं। मैं उपभोक्ता वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों जैसे क्षेत्रों पर काफी आशावादी हूं, इसलिए इस क्षेत्र में मेरे स्टॉक देखने को मिलेंगे। हालांकि मुझे पता है कि हरित ऊर्जा स्टॉक तेजी पकड़ रहे हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, फिर भी मैंने अभी तक उस क्षेत्र में कदम नही रखा है। कारण सरल है, कोई सेक्टर या कोई विशेष स्टॉक कैसा प्रदर्शन कर रहा है, इस पर वास्तव में नियंत्रण पाने के लिए, आपको उस पर समय देना होगा। बारीकियों को समझने की जरूरत है। महत्वपूर्ण है यह देखना कि स्टॉक कैसा व्यवहार कर रहा है। क्या यह तेजी से ऊपर चढ़ रहा है, या धीरे-धीरे चढ़ रहा है? ये ऐसे प्रश्न हैं जिनका मैं गहराई से अध्ययन करता हूं।

**कोई कितनी जल्दी ट्रेडिंग जर्नी शुरू कर सकता है?**

युवावस्था में शुरुआत करना महत्वपूर्ण है, खासकर कॉलेज में जब आप कुछ पैसा कमाना शुरू कर रहे हों। आप अपना पैसा बढ़ाना चाहते हैं लेकिन शायद नही जानते कि कैसे। साथ ही, आप मार्केट में छलांग लगाने के लिए उत्सुक है लेकिन संभवतः आपके पास ट्रेडिंग से जुड़ी जानकारी हासिल करने के लिए पैसे नही हैं यह एक बड़ी चुनौती है। ठीक यही पर स्टॉकग्रो कदम रखता है। आप इसमें गोता लगा सकते हैं, ट्रेडिंग में हाथ साफ कर सकते हैं वो भी अपने बैंक बैलेंस को नुकसान पहुंचाए बिना।

स्टॉकग्रो के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यह आपको यह देखने देता है कि आप दूसरों की तुलना में कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं। आपको एक वर्चुअल पोर्टफोलियो प्रबंधित करने का मौका मिलता है, जिसका अर्थ है कि आप सभी प्रकार की जानकारी ले सकते हैं और वास्तव में बाजार के उतार-चढ़ाव का अनुभव कर सकते हैं, वह भी बिना किसी वित्तीय जोखिम के। यह दृष्टिकोण शेयर बाजार को समझने और सीखने के लिए बहुत अधिक प्रभावी है। यह सिर्फ सिद्धांत के बारे में नहीं है; यह व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के बारे में है, और यही सारा अंतर पैदा करता है।

**अलग-अलग लोगों के लिए परीक्षण रणनीतियां अलग-अलग होती हैं। क्या निवेशक भी इसे आजमा सकते हैं?**

स्टॉकग्रो केवल उन लोगों के लिए नहीं है जो निवेश में नए हैं। अनुभवी निवेशक भी इसे अत्यंत उपयोगी बना सकते हैं। उदाहरण के लिए, मैं आमतौर पर उन क्षेत्रों में निवेश करता हूं जिनसे मैं काफी परिचित हूं। लेकिन मैं फार्मा सेक्टर में जाने के बारे में सोच रहा हूं, जो मेरे लिए नई जगह है। मैं निश्चित रूप से इस पर और अधिक गौर करना चाहूंगा और इसमें कोई पैसा लगाने से पहले कुछ रणनीतियों को आजमाना चाहूंगा। यही पर स्टॉकग्रो काम आता है। यह बिना किसी जोखिम के नए निवेश के विचारों को आजमाने के लिए एक खेल के मैदान की तरह है।

चाहे आप अभी शुरुआत कर रहे हो या आप कुछ समय से निवेश कर रहे हों और नए क्षेत्रों की खोज करना चाहते हों ऐसे में स्टॉकग्रो आपकी रणनीतियों का सुरक्षित रूप से परीक्षण करने और दूसरों से सीखने के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है।

स्टॉकग्रो उन विशेषज्ञों और अन्य लोगों से जुड़ने के लिए भी एक बेहतरीन जगह है जो उसी क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं। यदि आपके कोई प्रश्न हैं या आप कोई सलाह ढूंढ रहे हैं, तो मुझे वहां काफी मदद मिल सकती है। यह एक ऐसे समुदाय का हिस्सा होने जैसा है जहां हर कोई एक-दूसरे की मदद करता है।

**नए व्यापारी अक्सर कौन सी बड़ी गलती करते हैं और वे इससे कैसे बच सकते हैं?**

सबसे बड़ी गलती जो मैं देखता हूं जो नए व्यापारी करते हैं, वह यह है कि जब कीमतें आसमान पर हों तो खरीदारी करते हैं और जब कीमतें गिर जाएं तो बेच देते हैं। यह एक आम गलती है। जब बाजार वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता है, तो हर कोई उत्साहित हो जाता है और सोचता है कि यह आगे बढ़ता रहेगा, इसलिए जब उन्हें पैसा लगाना चाहिए तब वे पैसा नही लगाते। फिर, जब बाजार में अचानक गिरावट आती है, तो वे अपने स्टॉक को इस उम्मीद में रखते हैं कि कीमतें वापस आ जाएंगी, लेकिन अंत में बड़े नुकसान पर बेचना पड़ता है। और दोष किसे देते हैं? बेशक, बाजार को। ऐसे में शांत रहने और स्मार्ट निर्णय लेने का तरीका समझना बेहद महत्वपूर्ण है। यह सिर्फ शेयरों को ऊपर-नीचे होते देखने से नहीं होगा, इसमें यह जानना होगा कि कब कहना है, "ठीक है, अब मेरा लाभ लेने का समय आ गया है," या "मुझे अपने नुकसान को बदतर होने से पहले रोकने की जरूरत है।" ऐसा करना सीखना एक सफल व्यापारी बनने का एक अहम हिस्सा है।

**स्टॉकग्रो का विचार किससे प्रेरित है और इसका लक्ष्य क्या है?**

वर्ष 2019 में, मैंने एक उद्यम पूंजीपति की नजरों से बाजार पर करीब से नजर डाली। इसमें बस यह पता लगाने की कोशिश की कि हम अन्य देशों की तुलना में कहां खड़े हैं। मुझे पता चला कि बाजार के आकार के मामले में हम 8वें सबसे बड़े देश हैं। फिर भी, मेरे पढ़े-लिखे दोस्त भी लगातार पूछ रहे थे कि कौन सा स्टॉक खरीदना है, हमेशा अगली टिप की तलाश में रहते थे। सैद्धांतिक रूप से वे पैसे के बारे में बहुत कुछ जानते थे, लेकिन जब वास्तव में अपना पैसा निवेश करने की बात आई, तो वे पिछे हट गए।

इससे मुझे एहसास हुआ कि कौन सा स्टॉक चुनना है; यह एक बड़ा मुद्दा था। हम अपने युवाओं को यह नही सिखा रहे थे कि निवेश के माध्यम से अपना पैसा कैसे बढ़ाया जाए। इसके परिणामस्वरूप, निवेश के प्रति भय और नापसंदगी का एक चक्र शुरू हो गया। यहीं से स्टॉकग्रो का विचार आया। मैं लोगों को पैसे को जोखिम में डाले बिना निवेश के बारे में जानने के लिए एक सुरक्षित स्थान देना चाहता था। विशेष रूप से युवाओं को, निवेश के बारे में अधिक आत्मविश्वास महसूस कराने और शेयर बाजार को एक अवसर के रूप में देखने में मदद करना चाहता था।

**क्या शेयर बाजार में करियर बनाना आसान है?**

शेयर बाज़ार में करियर निर्माण के रास्ते सभी के लिए खुले हुए हैं। इससे कोई फर्क नही पड़ता कि आप करोड़ से शुरुआत कर रहे हैं या सिर्फ ₹10,000 से, या फिर आपकी उम्र 15 या 55 साल है। बाजार शुरुआती निवेश, उम्र या लिंग के प्रति बिना किसी पूर्वाग्रह के सभी का स्वागत करता है। जो महत्वपूर्ण है वह है आपका धैर्य और सीखने की उत्सुकता। यदि आप जोखिम कम चाहते हैं तो आप पूर्णकालिक निवेश करके शेयर बाजार में अपना करियर बना सकते हैं।

**स्टॉकग्रो वित्तीय साक्षरता और समावेशन के व्यापक लक्ष्य में कैसे योगदान देता है?**

हमारा मानना है कि वित्तीय साक्षरता सिर्फ बहुत सारा पैसा कमाने से कहीं अधिक है। यह वास्तव में पैसे के साथ आपके रिश्ते को समझने के बारे में है। निश्चित रूप से, पैसा कमाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इसे कैसे बढ़ाया जाए और अपनी भविष्य की जरूरतों के लिए योजना कैसे बनाई जाए, यह जानना पूरी तरह से अलग बात है। हर कोई नही जानता कि अपने पैसे को अपने लिए कैसे काम में लाया जाए, हम यही अंतर पाटने की कोशिश कर रहे हैं। हमने देखा है कि बहुत से लोगों में निवेश करने या अपनी बचत बढ़ाने के विचार को लेकर अक्सर डर या नकारात्मकता होती है। हमारा लक्ष्य उस मानसिकता को बदलना है। हम लोगों को दिखाना चाहते हैं कि उनके पैसों में ताकत है। उन्हें स्मार्ट निवेश और वित्तीय योजना के बारे में शिक्षित करके हम वित्तीय साक्षरता और समावेशन सभी के लिए वास्तविकता बना रहे हैं।

(वित्तीय निवेश से पूर्व स्वयं समीक्षा अवश्य करें)

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें।

रिपोर्ट

# भारत डाटा उल्लंघन से प्रभावित देशों की सूची में 5वें स्थान पर

भारत में पिछले साल कुल 53 लाख खातों पर हैकरों ने सेंध लगाई। वहीं 2023 में दुनिया में कुल 30 करोड़ खाता उल्लंघन के मामले सामने आए। यह जानकारी नीदरलैंड की डाटा कंपनी सुरफशाख ने अपनी रिपोर्ट में दी है। इसमें बताया गया कि भारत डाटा उल्लंघन से प्रभावित देशों की सूची में पांचवें स्थान पर आ गया है, जबकि 2022 में सातवें स्थान पर था। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल अमेरिका में सबसे ज्यादा खाते उल्लंघन के 10 करोड़ मामले सामने आए।



## 2022 की तुलना में कम हुए मामले

रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंचने के बाद भी भारत के लिए सकारात्मक खबर है। देश में 2022 की तुलना में उल्लंघन दर में 56 फीसदी की कमी आई। वहीं दुनिया के स्तर पर 18% की कमी देखी गई। माना जा रहा है कि साइबर सुरक्षा के किए गए प्रयासों के कारण यह हुआ है। सुरफशाख के प्रमुख शोधकर्ताओं के अनुसार, दुनिया में साल के हिसाब से प्रभावित खातों में 20% की गिरावट दर्ज की गई है। यहां सुरक्षा के लिहाज से ऑनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को मजबूत पासवर्ड बनाने पर जोर दिया गया है। वहीं अफ्रीका में डाटा उल्लंघन के मामलों में पिछले वर्ष की तुलना में 88 फीसदी कम रहा है।

## यूरोप सबसे ज्यादा प्रभावित

वर्ष 2022 के बाद उल्लंघन किए गए खातों की संख्या में 27 फीसदी की कमी के बावजूद यूरोप में पिछले साल सबसे अधिक खातों में सेंध लगी। यहां कुल 11.66 करोड़ उल्लंघनों का अनुभव हुआ। वहीं अमेरिका दूसरे और एशिया तीसरे स्थान पर रहा। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप में 67 फीसदी खातों में सेंधमारी रूस के जरिये हुई थी।

## सबसे ज्यादा प्रभावित देश

| देश | कुल मामले |
|---|---|
| अमेरिका | 9.67 करोड़ |
| रूस | 7.84 करोड़ |
| फ्रांस | 1.05 करोड़ |
| स्पेन | 78 लाख |
| भारत | 53 लाख |

## इन क्षेत्रों में हुई ज्यादा सेंधमारी




## इन कंपनियों की ई-मेल पर ज्यादा सेंध

रिपोर्ट के मुताबिक, लिंक्डइन डाटा उल्लंघनों से प्रभावित प्रमुख प्लेटफार्मों में से एक उभरा। यहां लगभग 1.15 करोड़ ई-मेल लीक हुए। वहीं दूसरे स्थान अमेरिका की चिटाई गोर्ड कंपनी है। भारत में केवलकिरन और रेंटोमोजो सबसे ज्यादा प्रभावित रहे।

| रैंक | कंपनी | ई-मेल हैक |
|---|---|---|
| 1 | लिंक्डइन | 1.15 करोड़ |
| 2 | चितई-गोरोड | 1 करोड़ |
| 3 | बुक 24 | 40 लाख |
| 6 | डियोलिंगो | 26 लाख |
| 9 | टियागो | 21 लाख |
| 13 | रेंटोमोजो | 11 लाख |

देश 30s

## कारोबारी से 3.61 करोड़ की ठगी

**मुंबई।** मुंबई के 73 वर्षीय एक व्यवसायी से कथित तौर पर 3.61 करोड़ रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में एक कपड़ा व्यापारी को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि साइबर पुलिस ने अब तक मामले में 2.20 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए हैं और 330 बैंक खातों में लेन-देन पर रोक लगा दी है।

## घर किराए पर न देने वाले पोस्टर हटाए

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर की नंदपुरी कॉलोनी में मुसलमानों को किराए पर घर न देने और और न ही बेचने वाले पोस्टर पुलिस की दखल के बाद हटाए गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हिंदुओं को मुसलमानों के खिलाफ 'एकजुट' होने की अपील करने वाले ये कथित पोस्टर लगभग 10 दिन पहले सामने आए थे।

## अरुणाचल प्रदेश में म्यांमार के छह लोग गिरफ्तार

**ईटानगर।** भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में म्यामार के छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अंजॉ के पुलिस अधीक्षक राईक कामसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसपी ने कहा कि छह लोगों को मंगलवार को वालोंग सर्कल के तहत यासोंग गांव से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार किए गए लोगों ने दावा किया कि वे जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में आए थे।

## 50 हजार स्नातकों को कौशल प्रदान किया जाएगा

**हैदराबाद।** उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने बुधवार को कहा कि तेलंगाना सरकार का लक्ष्य पांच से छह वर्षों में 50,000 स्थानीय स्नातकों को कौशल प्रदान करना है, ताकि उन्हें जीवन विज्ञान अनुसंधान और विनिर्माण के लिए उद्योग के लिए तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की कौशल पहल के तहत दो विशेष पाठ्यक्रमों 'औषधीय रसायन विज्ञान और विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान' के साथ एक पायलट बैच एक सप्ताह में शुरू किया जाएगा।

## राजस्थान में चल रहा 'धर्म गार्जियन'

**राजस्थान।** भारत और जापानी सेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहा है। इस अभ्यास का आयोजन 25 फरवरी से 9 मार्च 2024 तक किया जा रहा है। अभ्यास 'धर्म गार्जियन' एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और इसका वैकल्पिक रूप से आयोजन भारत और जापान में किया जाता है।

## देह व्यापार के आरोप में गायिका गिरफ्तार

**ठाणे।** पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले से कथित तौर पर देह व्यापार चलाने के आरोप में 40 वर्षीय महिला कव्वाली गायिका को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी रोशनी बब्लू शेख को 26 फरवरी को मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस कमिश्नरेट के मानव तस्करी विरोधी सेल द्वारा चलाए गए एक ऑपरेशन में पकड़ा गया था।

## तेलुगु फिल्म निर्देशक को पुलिस ने तलब किया

**हैदराबाद।** पुलिस ने एक तेलुगु फिल्म निर्देशक को उस मामले में तलब किया है जिसमें शहर के एक होटल में पार्टी के दौरान कोकीन का सेवन करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि निर्देशक को तलब किया गया है क्योंकि वह भी पार्टी में शामिल हुआ था।

## कर्नाटक के स्कूलों में नेहरू स्ट्रीम लैब स्थापित होंगी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार छात्रों को नए कौशल प्रदान करने और अनुसंधान-आधारित, व्यावहारिक सीखने के अनुभवों को बढ़ावा देने के इरादे से स्कूलों में नेहरू स्ट्रीम प्रयोगशालाओं की संभावित स्थापना की योजना तलाश रही है। कर्नाटक के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री एनएस बोसराजू ने बुधवार को यह बात कही।

### गुजरात तट से नाव पर 3300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त, पांच विदेशी नागरिक भी हुए गिरफ्तार

# मादक पदार्थों की सबसे बड़ी खेप बरामद

सफलता

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** एनसीबी, नौसेना और एटीएस गुजरात पुलिस ने गुजरात तट के हिंद महासागर में नाव से 3300 किलोग्राम ड्रग्स की खेप जब्त की है। यह देश में मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती है।

ड्रग्स के साथ पांच विदेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया। इनके ईरानी या पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। बरामद सामग्री पर 'रास अवाद फूड्स कंपनी, पाकिस्तान का उत्पादन' प्रिंट है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।

एनसीबी ऑप्स ब्रांच को सूचना मिली थी कि अपंजीकृत विदेशी नौका मादक पदार्थ और पांच-सात विदेशी नागरिकों के साथ भारतीय जल क्षेत्र में आ रहा है। इस पर ऑपरेशन 'सागर मंथन-1' लॉन्च कर कार्रवाई की गई।

गृह मंत्री अमित शाह ने कार्रवाई के संबंध में एक्स पर पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री के नशामुक्त भारत के सपने को बढ़ाते हुए हमारी एजेंसियों ने मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती की है।



अरब सागर में ऑपरेशन 'सागरमंथन-1' के तहत भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त करने के साथ आरोपी भी पकड़े गए।

### ड्रग प्रवर्तन एजेंसियों की सहायता लेंगे

एनसीबी अधिकारी के मुताबिक, दवा पैकेजिंग सामग्री पर 'रास अवाद फूड्स कंपनी, पाकिस्तान का उत्पादन' प्रिंट है। मादक पदार्थ में 3110 किलोग्राम चरस, 158.3 किलोग्राम क्रिस्टलीय पाउडर मेथ, 24.6 किलोग्राम हेरोइन शामिल है। जरूरत पड़ने पर विदेशी ड्रग प्रवर्तन एजेंसियों से सहायता ली जाएगी।

### गृहमंत्री ने 'एक्स' पर एजेंसियों को बधाई दी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर कर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को आगे बढ़ाते हुए हमारी एजेंसियों ने विदेशों से मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती करने में सफलता हासिल की है। मैं एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई देता हूं।

### कई अफसरों के नेतृत्व में 'ऑपरेशन मंथन' चला

महानिदेशक एनसीबी, उप महानिदेशक (ऑपरेशन) एनसीबी के नेतृत्व में ऑपरेशन 'सागर मंथन' को शुरू किया गया। इसमें एनसीबी मुख्यालय की ऑप्स शाखा के अधिकारी, नौसेना के खुफिया शाखाओं के अधिकारी शामिल थे। अभियान का उद्देश्य कार्रवाई योग्य जानकारी एकत्र करना है, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी रोकी जा सके।

**05** लोग पकड़े गए मादक पदार्थों के साथ, पाक से संबंध होने की आशंका

### पांच दिन पूर्व पकड़ी गई थी 350 करोड़ की हेरोइन

अधिकारियों के मुताबिक, पांच दिन पहले वेरावल बंदरगाह से 350 करोड़ मूल्य की हेरोइन मछली पकड़ने वाली नाव से जब्त की गई थी। इसके साथ ही नौ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। फिलहाल एटीएस, गिर सोमनाथ एसओजी, एलसीबी, एफएसएल और मरीन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सांबा में अवैध नशा मुक्ति केंद्र को प्रशासन ने तोड़ा

**सांबा/जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बुधवार को सरकारी जमीन पर बने एक अवैध नशा मुक्ति केंद्र को ध्वस्त कर दिया गया। उपायुक्त (सांबा) अभिषेक शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्र के मालिक कपिल शर्मा उर्फ जिमी को कथित तौर पर नशीली दवाओं की तस्करी सहित अपनी आपराधिक गतिविधियों को जारी रखने पर की गई।

## राजीव की हत्या के दोषी संथन की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गयी।

संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55 वर्ष) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था जिसे पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में उच्चतम न्यायालय ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन की मौत सुबह सात बजकर 50 मिनट पर हुई।

## सिपाही भर्ती मामले में चार और गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** इटवा पुलिस, एसओजी, सर्विलांस सेल, एसटीएफ गोरखपुर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

संयुक्त टीम ने इनके पास से अभ्यर्थियों की मार्कशीट, प्रवेश पत्र, ब्लैंक चेक, मोबाइल फोन व लैपटाप बरामद की है। आरोपितों में तीन देवरिया जिले के हैं जबकि एक अन्य पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले का निवासी है।

# 'युवा विकसित भारत के लिए काम करें'

दीक्षांत समारोह

**रांची, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने युवाओं को भारत का सबसे बड़ा संसाधन और सबसे बड़ी पूंजी की संज्ञा देते हुए उनसे समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ काम करने का आह्वान किया। वे बुधवार को रांची में केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

मुर्मु ने कहा कि युवा भारत के सबसे बड़े संसाधन और सबसे बड़ी पूंजी हैं। भारत, विश्व की सबसे अधिक युवा आबादी वाले देशों में से एक है। भारत की अर्थव्यवस्था आज विश्व में पांचवें स्थान पर है। वर्ष 2030 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। हमने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, इसके लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के पास न केवल सुनहरे भविष्य को बनाने की अपार संभावनाएं हैं, बल्कि उनके लिए परिस्थितियां भी अनुकूल हैं। दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन भी शामिल हुए।



रांची में बुधवार को सीयूजे के दीक्षांत समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु।

**वंचित वर्गों को ध्यान में रखकर करें काम :** राष्ट्रपति मुर्मु ने विद्यार्थियों से कहा कि उनका दायित्व केवल अपने लिए एक अच्छा जीवन बनाना नहीं है, बल्कि समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना भी उनका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा, युवा एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए काम करें, जहां सद्भाव हो और प्रत्येक व्यक्ति का जीवन गौरवपूर्ण हो। उन्होंने सलाह भी दी कि युवा हमेशा यह ध्यान रखें कि उनके काम से पिछड़े या वंचित वर्गों के लोगों को लाभ होगा या नहीं।

# क्या संसद राज्यों के कर पर सीमा तय कर सकती है: कोर्ट

खनिज भूमि मामला

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की संविधान पीठ ने बुधवार को झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों से सवाल पूछा कि 'क्या संसद खनिज भूमि पर लगाए करों पर कोई सीमा निर्धारित कर सकती है?

संविधान पीठ ने यह सवाल उस मामले की सुनवाई के दूसरे दिन किया है, जिसमें इस जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई हो रही है कि क्या खनन और खनिज अधिनियम, 1957 के तहत खदानों से निकाले गए खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी 'कर' है या नहीं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता अगुवाई वाली 9 जज की पीठ ने खनिज समृद्ध राज्यों से पूछा कि क्या यह शक्ति केंद्र सरकार को कोई सीमा या रोक लगाने से रोकती है क्योंकि कर लगाने से खनिज विकास पर भी कुछ प्रभाव पड़ता है।

संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के अलावा, जस्टिस हृषिकेश रॉय, अभय एस ओका, बीवी नागरत्ना, जेबी पारदीवाला, मनोज मिश्रा, उज्ज्वल भुइयां, सतीश चंद्र शर्मा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं।

# 'समस्या समझने को इच्छाशक्ति जरूरी'

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** देश के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि 'एक जज के लिए मानव जीवन और लोगों की समस्याओं को समझने के लिए कानूनी शक्ति पर्याप्त नहीं है बल्कि इसके लिए उनकी इच्छा सबसे मजबूत उपकरण है।

सीजेआई ने कहा कि 'हालांकि कानून का ज्ञान और इसके अधिनियमों का संदर्भ महत्वपूर्ण है, लेकिन अंततः लोगों की समस्याओं की समझ ही हमें बेहतर वकील और जज बनाती है।'

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) द्वारा शीर्ष अदालत में नव नियुक्त जज जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, संदीप मेहता और प्रसन्ना बी. वराले को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी (नव नियुक्त जज) पदोन्नति के साथ, शीर्ष अदालत एक बार फिर से पूर्ण क्षमता के साथ काम कर रही है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि शीर्ष अदालत को उनके (जज) अनुभव की विविधता से लाभ होगा। सीजेआई ने कहा कि 'जज को कैसे निर्णय लेना चाहिए और सामान्य तौर पर कानूनी निर्णय लेने में क्या होता है, इस पर साहित्य का एक विशाल भंडार है।

जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि कानूनी पेशा एक ऐसा क्षेत्र है, जहां यदि आप कड़ी मेहनत करते हैं, तो आप जो चाहते हैं वह हासिल कर सकते हैं।

### पदोन्नति सर्वोच्च सम्मान : जस्टिस सतीश चंद्र

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि 'सर्वोच्च न्यायालय में उनकी पदोन्नति, उनके लिए सर्वोच्च सम्मान है। जस्टिस संदीप मेहता ने उन वरिष्ठ जजों का धन्यवाद दिया जिनके साथ वह अब तक पीठ के हिस्से के रूप में बैठे हैं, और कहा कि उन्होंने मुझे पूरी तरह से नए कार्य वातावरण में बारीकियों में मार्गदर्शन किया है, जिससे मुझे नए बॉल गेम की चुनौती से उबरने में मदद मिली है जो वास्तव में काफी चुनौतीपूर्ण है। जस्टिस पी.बी. वराले ने कहा कि बार और बेंच न्याय के रथ के दो पहिये हैं। इस मौके पर अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि देश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में चंद्रचूड़ के कार्यकाल के दौरान, 15-16 जज को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किया गया है।

# सीबीआई-ईडी शाहजहां की गिरफ्तारी को स्वतंत्र: कोर्ट




**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआई और ईडी भी गिरफ्तार कर सकती है।

राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत ने सात फरवरी के अपने आदेश में केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए एकल पीठ द्वारा सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन पर रोक लगाई थी। खंडपीठ ने पाया कि शेख काफी समय से फरार है, जिसके बाद अदालत ने निर्देश दिया कि उसे गिरफ्तार करने के लिए सीबीआई और ईडी भी स्वतंत्र हैं।

पीठ ने कहा कि वह अपने 26 फरवरी के आदेश में पहले ही कह चुकी है कि जो व्यक्ति उत्तर 24 परगना जिला परिषद में निर्वाचित प्रतिनिधि है, उसे फरार होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि सात फरवरी के आदेश में की गई टिप्पणियों को उक्त व्यक्ति की गिरफ्तारी में किसी बाधा के रूप में कभी नहीं पढ़ा जा सकता।

### कानून की अवहेलना नहीं हो सकती

अदालत ने कहा कि शेख के खिलाफ अन्य मामले भी दर्ज हैं, जहां उसे फरार आरोपी के रूप में दिखाया गया है। कोर्ट ने कहा, यह मानते हुए कि किसी सार्वजनिक पद के लिए चुना गया व्यक्ति कानून की अवहेलना नहीं कर सकता वह उसकी गिरफ्तारी किसी भी एजेंसी पर छोड़ देती है।



### भाजपा का असली चेहरा सामने आया: ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आईपीएस के एक सिख अधिकारी पर टिप्पणी भाजपा का असली चेहरा दिखाती है। उन्होंने कहा जब उन्होंने (भाजपा कार्यकर्ताओं ने) एक सिख आईपीएस अधिकारी को पगड़ी पहने देखा तो उन पर यह टिप्पणी की।

### बिगड़ती कानून-व्यवस्था का आरोप लगा धरना दिया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कथित तौर पर खराब कानून-व्यवस्था की स्थिति और अशांत क्षेत्र संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा ग्रामीणों के उत्पीड़न के विरोध में भाजपा ने बुधवार को दो दिवसीय धरना शुरू किया।

## रिपोर्ट के आधार पर ब्लैक स्पॉट सुधरेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए पुलिस रिपोर्ट के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्गों के ब्लैक स्पॉट (सर्वाधिक दुर्घटना स्थल) ठीक करने का फैसला लिया है। इसके तहत स्थानीय हाईवे इंजीनियर सड़क दुर्घटना के कारणों का अध्ययन कर सड़क सुरक्षा उपाय लागू करेंगे।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में राज्यों में तैनात सभी क्षेत्रीय अधिकारियों (आरओ) और परियोजना निदेशकों (पीडी) को निर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, नई व्यवस्था के तहत स्थानीय पुलिस सड़क हादसे का संपूर्ण विवरण रोड एक्सीडेंट रिकॉर्डिंग फार्म में दर्ज करती है।

# भारत नवाचार पर दे रहा ध्यान : मंडाविया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का ध्यान अनुसंधान और नवाचार पर केंद्रित है। उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार अपने सभी नागरिकों के स्वस्थ भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए हम स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए-नए अनुसंधान कर रहे हैं। मंडाविया ने कहा कि भारत खुद को जरूरतमंद अन्य देशों के लिए एक स्वाभाविक भागीदार के रूप में देखता है और गेट्स फाउंडेशन और अन्य इच्छुक संगठनों के साथ साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक से पहले गेट्स को भारत का भीष्म प्रोजेक्ट और एक अत्याधुनिक मोबाइल अस्पताल दिखाया गया। मंत्री ने गेट्स को भीष्म का मॉडल देकर सम्मानित भी किया। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों में कुपोषण और एनीमिया के क्षेत्र में भारत के कई प्रयासों की सराहना की।



नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स से मुलाकात की।

# पट्टों से निकाली अरबों की मौरंग की जांच होगी

**हमीरपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में अवैध खनन की जांच कर रही सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को गवाही का समन भेजा तो हमीरपुर में एक बार फिर इस केस की चर्चा शुरू हो गई। 2012-13 में हाईकोर्ट की रोक के बावजूद हमीरपुर में 17 खनन के पट्टों से अवैध मौरंग खनन की शुरुआत हुई और यह सिलसिला 68 मौरंग खनन के पट्टों तक पहुंच गया।

व्यापक अवैध खनन को लेकर हमीरपुर के अधिवक्ता विजय द्विवेदी ने ही हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए 28 जुलाई 2016 को हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने इसकी सीबीआई जांच का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता विजय द्विवेदी के मुताबिक 2012-13 में पहले 17 फिर 51 मौरंग खनन के पट्टे नियम विरुद्ध किए गए।

बिना रोक-टोक इन पट्टों से अवैध खनन होता रहा। प्रदेश के अन्य जनपदों में भी इसी तरह अवैध खनन हो रहा था। पट्टाधारकों ने अवैध खनन से अरबों रुपये कमाए। वन विभाग की भूमि से भी मौरंग निकाली गई।

फैसला | **सर्वोच्च न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से दी गई सजा रद्द कर पति को बरी किया**

# साक्ष्य बिना पत्नी की आत्महत्या का पति दोषी नहीं

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'यदि क्रूरता/उत्पीड़न का कोई साक्ष्य नहीं है तो शादी के सात साल के भीतर पत्नी द्वारा आत्महत्या करने पर पति को उकसाने के आरोप में सजा नहीं दी जा सकती।

शीर्ष अदालत ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पति को दोषी ठहराकर दी गई सजा रद्द करते हुए टिप्पणी की।

**सिर्फ अनुमान लगाना गलत :** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने हाल ही में पारित अपने फैसले में कहा कि 'उत्पीड़न या क्रूरता के किसी भी ठोस सबूत के अभाव में सिर्फ अनुमान लगाकर किसी आरोपी को आईपीसी की धारा 306 के तहत अपराध के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते।

**सजा कानून की नजर में टिकाऊ नहीं :** पीठ ने कहा कि उसे (अदालत) इस निष्कर्ष पर पहुंचने में महज 10 मिनट से अधिक समय नहीं लगा कि आईपीसी की धारा 306 के तहत दंडनीय अपराध के लिए अपीलकर्ता को दोषी ठहराकर दी गई सजा कानून की नजर में टिकाऊ नहीं है।' शीर्ष अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा 2010 के उस फैसले को रद्द करते हुए की है, जिसमें अपीलकर्ता नरेश कुमार को जिला अदालत द्वारा पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दोषी ठहराकर सजा दिए जाने को सही ठहराया था। शीर्ष अदालत ने युवक की अपील स्वीकार करते हुए उसे बरी कर दिया।



**10** मिनट में निष्कर्ष पर पहुंची सुप्रीम कोर्ट

### दोनों अदालतें कहां लड़खड़ा गईं?

पीठ ने मौजूदा मामले में जिला अदालत और हाईकोर्ट को लेकर भी सवाल करते हुए कहा कि 'दोनों अदालतें किस बात पर और कहां लड़खड़ा गईं?' शीर्ष अदालत ने कहा है कि हमारी राय में, दोनों अदालतें लड़खड़ा गई क्योंकि वे आत्महत्या के लिए उकसाने के विषय पर रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों पर कानून के सही सिद्धांतों को लागू करने में पूरी तरह से विफल रहीं। वे तीन बातों पर ही केंद्रित रही, पहला मृतक महिला ने शादी के सात साल के भीतर आत्महत्या कर ली, दूसरा आरोपी मृतक के माता-पिता से पैसे की मांग रहा था और तीसरा मृतक का तनावग्रस्त रहना।

## थप्पड़ कांड में रिपोर्ट शासन को सौंपी

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर स्थित नेहा पब्लिक स्कूल में पीड़ित छात्र के थप्पड़ प्रकरण की कार्यवाही अभी खत्म नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्कूल के अन्य पांच छात्रों की काउंसलिंग के बाद बीएसए ने रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इस मामले में कल एक मार्च को वह सुप्रीम कोर्ट में पेश होंगे।

**गूंज सोशल मीडिया से विदेशों तक :** नेहा पब्लिक स्कूल में एक छात्र को प्रधानाचार्या द्वारा अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवाने के मामले की गूंज सोशल मीडिया से विदेशों तक पहुंची थी। इसके बाद तुषार गांधी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

■ दोनों क्रिकेटर केंद्रीय अनुबंध से बाहर, घरेलू क्रिकेट में ना खेलना भारी पड़ा ■ यशस्वी और रिंकू को पहली बार मिला करार

# श्रेयस और ईशान किशन का पत्ता साफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर और ईशान को बीसीसीआई की चेतावनी के बावजूद घरेलू क्रिकेट में न खेलना भारी पड़ गया। दोनों को इसकी कीमत सालाना केंद्रीय अनुबंध से बाहर होकर चुकानी पड़ी। वहीं युवा यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह को शानदार प्रदर्शन का फल पहली बार अनुबंध के रूप में मिला है।

यशस्वी को ग्रेड बी और रिंकू को ग्रेड सी में शामिल किया है। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को प्लस ए ग्रेड में बरकरार रखा है। बीसीसीआई ने बुधवार को वर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय अनुबंध की घोषणा की। बीसीसीआई ने बयान में कहा, कृपया ध्यान दें कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस और किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। साथ ही सिफारिश की कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो तब वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने चेतावनी दी थी कि घरेलू क्रिकेट न खेलने वालों पर कार्रवाई होगी। हर खिलाड़ी के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना जरूरी होगा। ईशान ने टीम इंडिया से बाहर होने के बावजूद रणजी का कोई मैच नहीं खेला। हालांकि श्रेयस ने एक रणजी मैच खेला। लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट के बाद वह पीठ में ऐंठन के चलते सीरीज से बाहर हो गए। उन्होंने मुंबई की ओर से रणजी में क्वार्टर फाइनल में नहीं खेले लेकिन सेमीफाइनल के लिए उन्हें टीम में शामिल किया गया है।

**राहुल को मिला प्रमोशन :** केएल राहुल, गिल और सिराज को ए ग्रेड में पदोन्नत किया गया है। वहीं पिछली बार ग्रेड ए का हिस्सा रहे ऋषभ पंत को ग्रेड सी में जगह दी गई है। दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना के बाद से पंत क्रिकेट से दूर हैं। उनके आईपीएल से मैदान पर वापसी की उम्मीद है। अक्षर को ए से बी ग्रेड में कर दिया गया है।



## पांच तेज गेंदबाजों को अनुबंध की सिफारिश

अजित आगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने पांच तेज गेंदबाजों को भी अलग से अनुबंध देने की सिफारिश की है। इनमें आकाश दीप, विजयकुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा शामिल हैं। आकाश ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण करते हुए अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था।

## बोर्ड ने इस बार राशि का जिक्र नहीं किया

बीसीसीआई ने मानदंडों से हटकर चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को सालाना अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए प्लस वर्ग में शामिल खिलाड़ियों को सात करोड़, ए वालों को पांच करोड़, बी वालों को तीन करोड़ और सी वालों को एक करोड रुपये दिए जाते हैं।

**ये भी हुए बाहर :** टीम इंडिया से बाहर चले रहे चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव, शिखर धवन, दीपक हुडा और युज्वेंद्रा चाहल को अनुबंध से बाहर कर दिया गया है।

## जुरेल-सरफराज तीसरा टेस्ट खेलते ही ग्रेड सी में आएंगे

भारत के लिए हाल ही में टेस्ट पदार्पण करने वाले ध्रुव जुरेल और सरफराज खान को भी अनुबंध मिल सकता है। बोर्ड के मुताबिक जो खिलाड़ी कम से कम तीन टेस्ट या आठ वनडे या 10 टी-20 खेलते हैं तो उन्हें खुद ही ग्रेड सी में शामिल हो जाएंगे। जुरेल और सरफराज ने अब तक दो टेस्ट खेले हैं। इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में सीरीज के पांचवें टेस्ट में भाग लेते ही वह स्वतः ग्रेड सी में शामिल हो जाएंगे।



**30** खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध दिया गया है जिनमें 15 सर्वाधिक ग्रेड सी में हैं

**2023** अक्तूबर से सितंबर 2024 तक होगा यह केंद्रीय अनुबंध

■ फायदा ■ पहली बार ■ नुकसान

**ग्रेड ए प्लस**
रोहित शर्मा
विराट कोहली
जसप्रीत बुमराह
रवींद्र जडेजा

**ग्रेड ए**
■ लोकेश राहुल
■ मोहम्मद सिराज
■ शुभमान गिल
आर अश्विन
मोहम्मद शमी,
हार्दिक पांड्या।

**ग्रेड बी**
■ कुलदीप यादव
सूर्य कुमार यादव
■ ऋषभ पंत
■ अक्षर पटेल
■ यशस्वी जयसवाल

**ग्रेड सी**
■ रिंकू सिंह ■ तिलक वर्मा ■ रुतुराज गायकवाड ■ शिवम दुबे ■ जितेश ■ मुकेश कुमार ■ अर्शदीप ■ प्रसिद्ध कृष्णा ■ आवेश खान ■ रजत पाटीदार। संजू सैमसन, केएस भरत, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, शार्दुल ठाकुर,

**यशस्वी को अच्छे प्रदर्शन का इनाम**

**971** रन यशस्वी ने 69.35 की औसत से 8 टेस्ट में बनाए हैं

**02** दोहरे शतक सहित इस बीच तीन सैकड़े उनके बल्ले से निकले हैं

**655** रन इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में 93.57 की औसत से बना चुके हैं



**356** रन 15 टी-20 में रिंकू ने 89 की औसत से बनाए हैं

**07** बार इन 11 पारियों में नाबाद लौटे, 69* सर्वोच्च स्कोर है

# लोकेश राहुल का खेलना संदिग्ध

भारत दौरे पर इंग्लैंड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल की चोट ने भारतीय टीम की चिंता बढ़ा दी है। कर्नाटक का 31 साल का यह विकेटकीपर बल्लेबाज दाहिनी जांघ की मांसपेशी में सूजन के चलते दूसरे, तीसरे और चौथे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। वह धर्मशाला में सात मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले सीरीज के अंतिम टेस्ट में भी नहीं खेल सकेंगे।

**लंदन गए :** टीम इंडिया 3-1 से पहले ही सीरीज में अजेय बढ़त बना चुकी है। ऐसे में टीम प्रबंधन मध्यक्रम के इस बल्लेबाज को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। रिपोर्ट के अनुसार राहुल चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने के लिए लंदन चले गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है।

हालांकि राहुल के धर्मशाला टेस्ट में खेलने पर अंतिम फैसला दो मार्च तक ही लेने की संभावना है जब टीम मोहाली में एकत्र होगी। इसके अगले दिन धर्मशाला के लिए रवाना होगी।

**तो रजत होंगे रिलीज :** राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बनाने वाले रजत पाटीदार टीम में रहेंगे। हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। अगर राहुल पूरी तरह से फिट होंगे तो रजत को रिलीज कर दिया जाएगा। तीसरे टेस्ट से पहले बीसीसीआई ने कहा था कि राहुल 90 प्रतिशत फिट हैं पर ऐसा नहीं हुआ।

टीम प्रबंधन चाहता है कि रजत दो मार्च से शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश के लिए खेले। वह सीरीज में मिले मौकों का फायदा नहीं उठा पाए हैं। छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 32 रहा। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने जैसे विकेट गंवाया उसने चयनकर्ताओं को मुश्किल में डाल दिया है।

**आईपीएल में लखनऊ के हैं कप्तान :** राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने के लिए आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के एक सूत्र ने कहा, वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है।

## गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी



रांची टेस्ट मैच में आराम देने के बाद धर्मशाला में अंतिम मुकाबले में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। अपने स्विंग से अंग्रेजों को नाको चने चबाने वाले बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों को देखकर भारत के लिए हर मैच अहम है। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

## देवदत्त पडिक्कल दे सकते हैं पहला 'टेस्ट'

केरल के बाएं हाथ के 23 वर्षीय बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल धर्मशाला में टेस्ट में पदार्पण कर सकते हैं। रजत पाटीदार की जगह उन्हें मौका दिया जा सकता है। पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। रणजी में उनकी टीम कर्नाटक भले ही सेमीफाइनल में नहीं पहुंची पर उनका बल्ला खूब बोला। पिछले चार मैच में उनके बल्ले से तीन शतक निकले हैं। उन्होंने कर्नाटक की ओर से छह पारियों में 92.66 की औसत से सर्वाधिक 556 रन बनाए।

# गुटबाजी नहीं, साथ काम करते रहेंगे : हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने महासंघ में गुटबाजी और मतभेदों के आरोपों को खारिज कर दिया है। अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। संयुक्त बयान में उन्होंने कहा, कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है, यह सही नहीं है। हमारा लक्ष्य हॉकी और खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है।

एक दिन पहले पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और अध्यक्ष दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ भोलानाथ सिंह, कमांडर आर के श्रीवास्तव और शेखर जे मनोहरन हैं।

# अर्जुन ने लगातार दूसरे खिताब पर साधा निशाना

**शूटिंग ट्रायल**

**भोपाल, एजेंसी।** भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाजों ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके अर्जुन बबूता ने लगातार दूसरा खिताब जीता। एशियाई खेलों में तीन पदक जीतने वाली आशी चौकसी ने बुधवार को विश्व रिकॉर्ड से बेहतर स्कोर के साथ जीत दर्ज की।

**विश्व रिकॉर्ड के करीब :** अर्जुन ने पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल में 252.5 का स्कोर किया जो दिव्यांश सिंह पंवार (253.7) के विश्व रिकॉर्ड से सिर्फ 1.2 अंक कम हैं। अर्जुन ने पिछले दिन टी3 ट्रायल जीतने के दौरान विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी। तमिलनाडु के श्री कार्तिक साबरी राज (252.2) ने दूसरे जबकि राजस्थान के यशवर्धन (230.8) तीसरे स्थान पर रहे।

**आशी भी चमकीं :** आशी ने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा में प्रो पोजीशन में एक और स्टैंडिंग पोजीशन में दो अंक के साथ तीन अंक गंवाते हुए 597 का शानदार स्कोर बनाया। उन्होंने नॉर्वे की जेनी स्टेन और अमेरिका की सागेन मेडेलना के मौजूदा संयुक्त विश्व रिकॉर्ड से एक अंक अधिक जुटाया। उन्होंने फाइनल में 461.8 अंक के साथ खिताब जीता।

केरल की विदारसा विनोद (457.5) दूसरे और हरियाणा की हिमानी पूनिया तीसरे स्थान पर रही।

# किरण के दम पर यूपी की पहली जीत

**डब्ल्यूपीएल**

**बेंगलुरु, एजेंसी।** यूपी वॉरियर्स ने बुधवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गत चैंपियन मुंबई को 21 गेंद रहते सात विकेट से रौंदकर सत्र की पहली जीत दर्ज की।

मुंबई की हेली मैथ्यूज (47 गेंद 55) के धीमी पारी पर किरण नवगिरे (31 गेंद 57 रन) का ताबड़तोड़ अर्धशतक भारी पड़ा। यूपी ने 162 रन का लक्ष्य 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बना हासिल कर लिया।

**तूफानी शुरुआत :** यूपी की कप्तान एलिसा हीली (33) और किरण ने पहले विकेट के लिए 55 गेंद में 94 रन जोड़कर टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई। अमेलिया केर ने किरण को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। फिर यूपी ने चार रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए।

इसके बाद ग्रेस हारिस (38) और दीप्ति शर्मा (27) ने चौथे विकेट के लिए अटूट 65 रन जोड़कर टीम को 21 गेंद रहते विजय दिला दी।

**मुंबई की धीमी शुरुआत :** मुंबई ने धीमी शुरुआत से उबरकर छह विकेट पर 161 रन बनाए। मैथ्यूज ने यास्तिका भाटिया (26) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और नेट साइवर ब्रंट (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़े। अंत में अमेलिया केर ने 23, पूजा वस्त्रकर ने 18 और इसी वांग ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया।

**चार ओवर में जोड़े 48 रन :** टीम ने अंतिम चार ओवर में तीन विकेट गंवाए लेकिन इस बीच 48 रन भी जोड़े। यूपी की सभी पांच गेंदबाजों राजेश्वरी गायकवाड़, ग्रेस हारिस, अंजलि सर्वानी, सोफी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट झटका।

**खुलासा** | इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000 विकेट लेने की ओर बढ़ रहे, टेस्ट में 700 विकेट हासिल करने से बस दो कदम हैं दूर

# जहीर खान को देखकर सीखे गेंदबाजी के गुर : जेम्स एंडरसन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000 विकेट लेने की ओर बढ़ रहे इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित तेज गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे। भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक 45 वर्षीय जहीर ने आखिरी टेस्ट 2014 में खेला था जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे।

**विश्व रिकॉर्ड से दो विकेट दूर :** एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। वह 700 टेस्ट विकेट चटकाने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने के विश्व रिकॉर्ड से दो विकेट दूर हैं। अभी सिर्फ मुथैया मुरलीधरन व दिवंगत शेन वार्न के नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने एक चैनल से कहा, मैंने जहीर खान को काफी खेलते हुए देखा और उनसे सीखने का प्रयास किया। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करते हैं, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ते हैं तो गेंद को कैसे छिपाते हैं, यहां उनके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया।

**बुमराह से प्रभावित :** मौजूदा भारतीय तेज गेंदबाजों में एंडरसन जसप्रीत बुमराह की क्षमता से सबसे अधिक प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन के बारे में एंडरसन ने कहा, उसके स्तर के किसी व्यक्ति से आप इस तरह के मानक की अपेक्षा करते हैं। आप जानते हैं कि रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका काफी अच्छी तरह फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह बहुत सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उन्होंने कहा, उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। वह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज है और हम उसके प्रदर्शन से हैरान नहीं हैं।

**शमी, सिराज भी विश्व स्तरीय :** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ने कहा, बुमराह, शमी और सिराज से बेहतर बहुत गेंदबाज नहीं हैं। ये तीनों विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। आप इशांत को भी इस श्रेणी में डाल सकते हैं।

एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इसी से लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो नके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, महसूस नहीं होता मैं 41 साल और 200 दिन का हूं।

**22** साल में एंडरसन ने 186 टेस्ट, 194 वनडे और 19 टी-20 मुकाबले खेले

**698** विकेट टेस्ट में, 269 वनडे में और 18 टी-20 में हासिल किए

**03** बार मैच में दस विकेट झटके, सर्वश्रेष्ठ 71 रन पर 11 विकेट

**खेल 30s**

## वापसी मैच में धवन के 28 गेंद में 39 रन



**नवी मुंबई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज शिखर धवन ने बुधवार को एक साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने डीवाई पाटिल टी-20 कप में 28 गेंद में 39 रन की पारी खेली। हालांकि उनकी टीम डीवाई पाटिल ब्ल्यू को टाटा स्पोर्ट्स क्लब से एक रन से हार झेलनी पड़ी। धवन का यह पिछले साल पंजाब किंग्स के लिए आईपीएल के बाद पहला प्रतिस्पर्धी मैच है। 38 वर्षीय धवन ने पांच चौके और दो छक्के मारे। उन्होंने 186 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिजीत तोमर के साथ 64 रन की साझेदारी की। ब्ल्यू की टीम हालांकि सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी।

## टेस्ट रैंकिंग में जायसवाल 12वें नंबर पर पहुंचे

**दुबई।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त में बल्लेबाजों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में खासा सुधार हुआ है। भारत के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शानदार प्रदर्शन से 12वें स्थान पर जबकि ध्रुव जुरेल 31 स्थान की छलांग से 69वीं पायदान पर पहुंच गए हैं। जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन की पारी खेलने के बाद उनकी रैंकिंग में और सुधार आया है। प्लेयर ऑफ द मैच जुरेल 90 और 39 रन की पारी खेली थी।

## न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट आज से

**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए रचिन रवींद्र को न्यूजीलैंड की टीम में शामिल किया गया है जबकि डेवोन कॉन्वे बाहर हैं। कॉन्वे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। पहले स्कैन में पता चला कि फ्रैक्चर नहीं है पर बाद में कराए टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। न्यूजीलैंड की टीम पिछले 13 साल से टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से जीत नहीं पाई है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स भी टीम में वापसी हुई है।

## बोपन्ना, युकी जोड़ीदारों संग क्वार्टर फाइनल में

**दुबई।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ दुबई टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीय बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन की जोड़ी ने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को 7-6, 7-6 से हराया। उनका सामना अब उरुग्वे के एरियल बहार और चेक के एडम पाव्लासेक से होगा। भांबरी और नीदरलैंड्स के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को 6-7, 6-3, 10-8 से मात दी।

## केमार को हराकर प्रज्ञानानंदा फिर शीर्ष भारतीय



**प्राग।** भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने बुधवार को प्राग मास्टर्स शतरंज के पहले दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमर को हरा अच्छी शुरुआत की। प्रज्ञानानंदा ने केमर पर 41 चाल में जीत दर्ज की। इसके साथ वह लाइव रेटिंग में फिर पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को पछाड़ भारत के शीर्ष खिलाड़ी बन गए। अन्य भारतीयों में डी गुकेश ने रोमानिया के रिचर्ड रेपोर्ट से जबकि विदित गुजराती ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा के साथ अंक बांटे। चैलेंजर वर्ग में आर वैशाली पहले दौर में यूक्रेन के एंटोन कोरोबोव से हार गईं।

## वैष्णवी उलटफेर भरी जीत के साथ अंतिम-16 में

**गुरुग्राम।** युवा भारतीय टेनिस खिलाड़ी वैष्णवी अडकर जापान की अकिको ओमाए पर उलटफेर भरी जीत के साथ बुधवार को महिला ओपन टूर्नामेंट के अंतिम-16 में पहुंच गईं। वैष्णवी ने अकिको को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली रश्मिका भामिदिपति, रिया भाटिया भी प्री क्वार्टर में पहुंच गईं। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर जापान की ओकुवाकी ने किया। उन्होंने चौथी वरीय लात्विया की डायना मार्सिनकेविका को 7-5, 6-4 से मात दी।

## धिनिधि का 100 मीटर में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय

**नई दिल्ली।** भारत की 14 साल की धिनिधि देसिंघु ने फिलिपींस में एशियाई आयु वर्ग तैराकी में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाल चौथा स्थान हासिल किया। धिनिधि ने 57.33 सेकंड का समय ले केनिशा गुप्ता (57.35 सेकंड) का रिकॉर्ड तोड़ा। बेंगलुरु की धिनिधि पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में सात स्वर्ण जीतने वाली सबसे कम उम्र की महिला तैराक बनी थीं। जापान की मिनामी यू (56.45 सेकंड) ने स्वर्ण, सुम यिउ ली (56.57 सेकंड) ने रजत और वियतनाम की हियेन गुयेन (56.69 सेकंड) ने कांस्य जीता।

## आकर्षी और त्रीशा-गायत्री को दूसरे दौर में जगह

**मुलहेम अन डेर रूर (जर्मनी)।** भारत के सतीश करुणाकरण, आकर्षी कश्यप और त्रीशा जॉली व गायत्री गोपीचंद बुधवार को जर्मन ओपन बैडमिंटन में पहले दौर में जीते। सतीश ने इजराइल के मिशा जिल्बरमैन को 21-18, 19-21, 21-19 से हराया। आकर्षी ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को 21-23, 21-17, 21-11 से मात दी। त्रीशा और गायत्री ने चीनी ताइपे की सू यिन हुई और लिन जीह युन को 18-21, 21-11, 21-13 से हराया। रुतपर्णा और स्वेतपर्णा पंडा महिला युगल में जर्मनी की एमेली लीहमैन-कारा साइब्रेट से हार गईं।

**सोशल मीडिया से**



भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने बुधवार को श्रेयस अय्यर और ईशान किशन का मजबूत वापसी करने के लिए समर्थन किया। बीसीसीआई ने बुधवार को इस साल के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में दोनों को जगह नहीं दी है। शास्त्री ने एक्स पर लिखा, क्रिकेट के खेल में वापसी आपके जज्बे को परिभाषित करती है। हौसला रखें, श्रेयस अय्यर और ईशान किशन। चुनौतियों का सामना करें तथा और भी मजबूत होकर वापसी करें। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप एक बार शीर्ष पर होंगे।

**जरा हटकर**

# हार्दिक पांड्या का हर टैटू देता है एक खास संदेश



दुनियाभर के खिलाड़ी आजकल टैटू बनवाने की होड़ में लग गए हैं। विदेशों में इसका चलन काफी पहले से था जब फुटबॉल स्टार इंग्लैंड के डेविड बैकहम ने शरीर के काफी भाग में टैटू बनवाए थे। लेकिन अब भारी संख्या में भारतीय खिलाड़ी भी टैटू के दीवाने बन गए हैं। हालांकि उनके टैटू किसी न किसी बात को दर्शाते हैं। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने हाल में यू-ट्यूब चैनल 'द यूके07 राइडर' से बातचीत में अपने शरीर पर बनवाए कई टैटू के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने हालांकि कुछ खास टैटू के बारे में ही विस्तार से बताया। हार्दिक के दो कंधे पर बना शेर का टैटू ताकत और बहादुरी को दर्शाता है। बाएं हाथ पर बाहर की ओर बना टैटू विश्वास का प्रतीक है। जब वह किसी राह में हताश हो जाते हैं तो यह उन्हें याद दिलाता है कि वह उस काम को करने का माद्दा रखते हैं।

इसके अलावा उन्होंने दाएं हाथ में अंदर की ओर तलवार लिए एक योद्धा का टैटू भी बनवाया है। साथ ही लिखा है-नेवर गिव अप। यानी कभी हिम्मत नहीं हारना। हार्दिक को कुत्तों से बहुत प्यार है। पालतू जानवरों के प्रति प्रेम दिखाने के लिए उन्होंने गर्दन की दाई ओर छोटे-छोटे पंजे के टैटू गुदवाए हैं। शांति का संदेश देते हुए हार्दिक ने गर्दन के दाई ओर एक टैटू बनवाया है। उन्होंने 'कॉफी विद करन' विवाद के बाद इसे गुदवाया था। अपने बच्चे अगस्त्य को समर्पित एक टैटू उन्होंने बाएं कंधे पर भी बनवाया है।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित का मंगलवार रात हुआ अपहरण, सुरक्षाबलों ने छुड़ाया

# एएसपी के अपहरण के विरोध में कमांडो ने हथियार डाले

**मणिपुर हिंसा**

**इंफाल, एजेंसी।** इंफाल पश्चिम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का मंगलवार रात मैतई समुदाय के बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया। हालांकि, सुरक्षाबलों ने दो घंटे बाद ही उन्हें सकुशल छुड़ा लिया। इस घटना से आक्रोशित चार जिलों के कमांडो ने बुधवार को अपने हथियार डालकर विरोध जताया।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात लगभग 200 उपद्रवी, इंफाल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और मणिपुर पुलिस सेवा कैडरों के आवास में जबरन घुस गए। यहां उन्होंने फायरिंग और तोड़फोड़ की। बंदूकधारियों ने एएसपी अमित सिंह और उनके एक सुरक्षा कर्मी का अपहरण कर लिया था। सूचना मिलने पर अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो लोग घायल हो गए। एएसपी के अपहरण के बाद असम राइफल्स की चार टुकड़ियों को तैनात किया गया है।



मणिपुर में एएसपी पर हमले के विरोध में बुधवार को कमांडो कर्मियों ने अपने-अपने परिसर में हथियार नीचे रखकर विरोध जताया।

**200** उपद्रवी, मणिपुर पुलिस सेवा कैडरों के आवास में घुसे

#### चार जिलों में कमांडो ने जताया विरोध

एक अधिकारी ने कहा, एएसपी पर हमले के विरोध में बुधवार को इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर और थौबल जिलों के कमांडो कर्मियों ने अपने-अपने परिसर में हथियार नीचे रखकर विरोध जताया। कमांडो ने प्रतीकात्मक रूप से विरोध जताते हुए अपने आग्नेयास्त्रों को एक पंक्ति में जमीन पर रख दिया। कमांडो ने मांग रखी कि हमला होने पर उन्हें जवाबी कार्रवाईकी अनुमति दी जानी चाहिए।

#### तीन मई से जारी है हिंसा

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के बाद 3 मई से इस क्षेत्र में हिंसा बढ़ गई है, जिसमें 200 से अधिक लोग हताहत हुए हैं। मैतेई समुदाय मणिपुर की आबादी का लगभग 53 प्रतिशत है और मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहते हैं। नागा और कुकी 40 प्रतिशत हैं जो मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में निवास करते हैं।

#### हिंसा में 219 लोगों की मौतः राज्यपाल

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने बुधवार को कहा कि पिछले साल मई से राज्य में जातीय हिंसा में 219 लोग मारे गए हैं। वह मणिपुर विधानसभा में संबजट सत्र को संबोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य बलों के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 198 कंपनियां और 140 सेना की टुकड़ियां तैनात की गई हैं। उन्होंने जातीय संघर्ष में 219 लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने कहा कि उचित सत्यापन के बाद मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जा रही है। विधानसभा का बजट सत्र 5 मार्च तक चलेगा।

## छात्र की मौत के लिए एसएफआई जिम्मेदार : कांग्रेस

**वायनाड (केरल), एजेंसी।** केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की हाल में हुई मौत की घटना ने राज्य की राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। कांग्रेस ने सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की छात्र शाखा एसएफआई पर युवक की पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस का यह आरोप छात्र के पिता के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि एसएफआई के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने छात्रावास में बेटे को तीन दिन तक पीटा था। एसएफआई ने आरोप से इनकार किया है। विश्वविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्धार्थन का शव 18 फरवरी को छात्रावास के स्नानघर में लटका हुआ मिला था। पिता के अनुसार, बेटे के सहपाठियों ने बताया कि सिद्धार्थन की विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले कुछ एसएफआई नेताओं ने हत्या कर दी थी।






## रोबोटिक उपकरण सेप्टिक टैंक की सफाई को तैयार

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सेप्टिक टैंक या मेनहोल की सफाई के दौरान हादसे होने की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में लंबे समय से कोशिश की जा रही है कि यह कार्य मशीनों से किया जाए। इसी दिशा में वैज्ञानिकों को एक बड़ी सफलता मिली है। आईआईटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने हाथ से मैला साफ करने की प्रथा को खत्म करते हुए इसके लिए एक रोबोटिक उपकरण विकसित किया है।



**16 शहरों में किया जा रहा इस्तेमाल** : आईआईटी मद्रास के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) में स्थापित स्टार्टअप द्वारा विकसित होमोसेप एटम नामक तकनीक मैन्युअल सफाई विधियों का समाधान करती है। इस उपकरण का इस्तेमाल देश के 16 शहरों में इस्तेमाल किया जा रहा है। इस उपकरण के जरिये सेप्टिक टैंक या मेनहोल से आसानी से गाद निकाली जाती है।

**एआई पर आधारित है रोबोटिक उपकरणः** रिपोर्ट के मुताबिक, सोलिनास नामक स्टार्टअप ने रोबोटिक समाधान को विकसित किया है, जो एआई आधारित भी है। होमोसेप एटम का प्रयोग चेन्नई की घनी आबादी वाले क्षेत्रों में इस्तेमाल हो रहा है। इसके अलावा, यह रोबोट सफाई कर्मचारियों को जहरीले वातावरण के अंदर जाने से बचने में मददगार साबित हो रहा है।

**आईआईटी मद्रास काडीप-टेक और क्लाइमेट टेक स्टार्टअप है सोलिनासः** आईआईटी मद्रास से जन्मा एक डीप-टेक और क्लाइमेट टेक स्टार्टअप सोलिनास है। इसकी स्थापना जल और स्वच्छता क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के समाधान को हल करने के लिए किया गया।

## भारत का तकनीकी दल मालदीव पहुंचा

- विमानन प्लेटफॉर्म पर तैनात सैनिकों का स्थान लेंगे
- 10 मई तक सभी भारतीय सैनिक वापस लौट आएंगे

**माले, एजेंसी।** दस मार्च को भारत लौटने वाले सैनिकों का स्थान लेने के लिए भारतीय टेक्निकल टीम मंगलवार देर शाम मालदीव पहुंच गई है। इस देश के रक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है।

मालदीव में भारतीय सैनिकों की मौजूदगी का मुद्दा काफी दिनों से गर्म है। दोनों देशों के बीच समझौता हुआ था कि 10 मई तक सभी भारतीय सैनिक अपने देश लौट जाएंगे और मालदीव की रेस्क्यू यूनिट का संचालन भारत का टेक्निकल स्टाफ करेगा। इस समझौते का पहला चरण 10 मार्च को पूरा होना है।

**तीन विमानन प्लेटफॉर्म पर करीब 88 भारतीय सैनिक हैं तैनात :** मालदीव में तीन विमानन प्लेटफॉर्म हैं, जिनपर करीब 88 भारतीय सैनिक मौजूद हैं जो इसका जिम्मा संभालते हैं। इसमें दो हेलीकॉप्टर और एक विमान है। इनका इस्तेमाल बचाव व सरकारी कार्यों के लिए किया जाता है। इन तीनों प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल मानवीय सहायता या चिकित्सा आपातकाल के दौरान लोगों की मदद के लिए किया जाता है, जिसका जिम्मा भारतीय सैनिक संभाल रहे थे। इन अभियानों को संभालने के लिए ही भारत से टेक्निकल स्टाफ भेजा गया है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा- भारतीय टेक्निकल स्टाफ की पहली टीम पहुंच गई है। ये देश के दक्षिणी छोर पर स्थित अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन करेंगे।

## मलिक से 150 से ज्यादा सवाल पूछे

**हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता।** पुलिस रिमांड में बुधवार को अब्दुल मलिक से पूछताछ का तीसरा दिन भी बीत गया। अब तक की पूछताछ में जहां पुलिस कोई ठोस जानकारी या सबूत नहीं जुटा पाई, वहीं अब्दुल मलिक ने पुलिस को ही उलझाकर रख दिया है। सूत्र बताते हैं कि स्वयं एसएसपी और पुलिस के अन्य राजपत्रित अधिकारी मलिक से अब तक 150 से ज्यादा सवाल कर चुके हैं लेकिन स्पष्ट जवाब गिने-चुने सवालों के ही मिले हैं।

## विदेश 30s

### चीन का अनुसंधान पोत मालदीव से रवाना

**माले।** पिछले सप्ताह यहां एक बंदरगाह पर पहुंचा 4500 टन वजनी उच्च प्रौद्योगिकी से लैस चीन का अनुसंधान पोत मालदीव की तट से रवाना हो गया है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह खबर दी। आधिकारिक रूप से जियांग यांग हांग श्री नामक इस चीनी पोत ने कर्मियों को बदलने और आपूर्ति के लिए के लिए बंदरगाह पर लंगर डाला था। मालदीव मीडिया के अनुसार, यह पोत यहां से रवानना हो चुका है।

### ताइवान के पास चीनी सेना के 11 पोत देखे गए

**ताइपे।** ताइपे के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि ताइवान के आसपास ग्यारह चीनी नौसैनिक पोतों का पता चला है, जो इस साल की सबसे अधिक संख्या है, क्योंकि द्वीप और चीन के बीच मछली पकड़ने वाली नाव की घटना को लेकर विवाद लंबा खिंच गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार सुबह 6:00 बजे तक 24 घंटों में चीन ने द्वीप के चारों ओर पानी और आसमान में 15 युद्धक विमान, 11 नौसैनिक पोतों और एक गुब्बारा भेजा।

### भारतवंशी कारोबारी पर धोखाधड़ी के आरोप

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी आभूषण कारोबारी को अमेरिका में लाखों डॉलर के आभूषणों के आयात पर सीमा शुल्क नहीं अदा करने के मामले में अभ्यारोपित किया गया है। मोनीश कुमार किरणकुमार दोशी शाह (39) को सप्ताहांत में गिरफ्तार किया गया और 26 फरवरी को नेवार्क संघीय अदालत में न्यायाधीश आंद्रे एम एस्पिनोसा के समक्ष पेश किया गया। शाह उर्फ मोनीश दोशी शाह को 1लाख डॉलर के मुचलके पर रिहा कर दिया गया है।

### अर्थव्यवस्था को सही करना प्राथमिकताः नवाज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी और नई सरकार की पहली प्राथमिकता अर्थव्यवस्था को सही करना है। उन्होंने कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे देश की समस्याएं दूर करने की कोशिश करेंगे और हमे पूरा विश्वास है कि सब ठीक हो जाएगा। आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद पहली बार संसद पहुंचे शरीफ ने कहा कि देश को संकट से निकालने के लिए पहले दिन से सरकार प्रयास करेगी।

### खैबर पख्तूनख्वा में इमरान की पार्टी सत्ता में

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में इमरान खान की पार्टी पीटीआई तीसरी बार सरकार बनाएगी। बुधवार को प्रांतीय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। यहां पीटीआई समर्थित विजेताओं के पास पूर्ण बहुमत है। विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष मुश्ताक गनी ने विधानसभा के लिए चुने गए 113 प्रांतीय सदस्यों को शपथ दिलाई। विधानसभा में 145 सदस्य हैं, जिनमें 10 महिलाएं और आरक्षित सीट पर अल्पसंख्यक शामिल हैं।

### रमजान में इजरायल पर हमले की आशंका

**तेल अवीव।** इजरायल-हमास के बीच युद्धविराम को लेकर चली रही वार्ता के बीच रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि हमास और उसके सहयोगी संगठन रमजान के महीने में इजरायल पर एक और बड़े हमले की योजना बना रहे हैं। हम उन्हें इसमें सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि टेंपल माउंट और यरुशलम में इस दौरान ये हमले हो सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि ईरान और हिजबुल्ला भी इसमें शामिल हो सकते हैं।

### पाक चुनाव धांधली के और सबूत आए सामने

**लाहौर।** पाकिस्तान में हुए चुनावों में इमरान की पार्टी द्वारा लगाए गए धांधली के आरोपों के कुछ और सबूत सामने आए हैं। सोशल मीडिया पर दो नेताओं के ऐसे ऑडियो क्लिप वायरल हो रहे हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर धांधली और जनादेश चोरी किए जाने की बात हो रही है। ये ऑडियो क्लिप मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के नेता और सिंध गवर्नर कामरान तेसोरी के हैं। ऑडियो में तेसोरी कह रहे हैं कि हमारा जनादेश पूरी तरह से फर्जी है।



ग्रीस में एक साल पहले हुई रेल दुर्घटना के विरोध में बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने संसद पर पेट्रोल बम फेंके। इस दौरान परिवहन सेवाएं भी बाधित रहीं। • एजेंसी

## आंतवाद से निपटने में अमेरिका मदद करेगा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भारत और अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बुधवार को नई दिल्ली में होमलैंड सिक्युरिटी डायलॉग का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों देशों ने आतंकवाद, चरमपंथ और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी चुनौतियों का सामना करने लिए सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

इस डायलॉग में भारत का नेतृत्व केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिका का नेतृत्व होमलैंड सिक्युरिटी डिपार्टमेंट की कार्यवाहक उप सचिव क्रिस्टी केनेगेलो ने किया। होमलैंड सिक्युरिटी डायलॉग के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के तहत सुरक्षा संबंधी विभिन्न क्षेत्रों में जारी सहयोग की समीक्षा की।

दोनों पक्षों ने आतंकवाद, हिंसक चरमपंथ, ड्रग ट्रैफिकिंग और संगठित अपराध से मुकाबले के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदमों और परिवहन सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने वैध माइग्रेशन सुनिश्चित करने, अवैध माइग्रेशन, मानव तस्करी, धन शोधन, साइबर अपराधों से मुकाबला करने पर भी चर्चा की।

## जर्मनी के साथ रक्षा सहयोग बढ़ेगा

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भारत और जर्मनी ने रक्षा क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी में सहभागिता को लेकर सहमति दिखाई है। इसके तहत साझा अनुसंधान और विकास पर जोर दिया जाएगा। जर्मनी की यात्रा पर गए रक्षा सचिव गिरधर अरमाने ने जर्मनी के रक्षा सचिव के साथ बैठक के दौरान रणनीतिक साझेदारी को लेकर विचार-विमर्श किया।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अरमाने 27 फरवरी से जर्मनी की यात्रा पर हैं। उन्होंने वहां के रक्षा सचिव बेनेडिक्ट जिमर के साथ भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति (एचडीसी) की बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख आधार के रूप में रक्षा सहयोग को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया। साथ ही कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की गई।

**भारत- प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त अभ्यास पर चर्चा की :** बयान के अनुसार दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर अपने विचारों का आदान-प्रदान करने के साथ ही भारत- प्रशांत क्षेत्र में जर्मनी के साथ संभावित संयुक्त अभ्यास पर चर्चा की। इसके अलावा संभावित रक्षा औद्योगिक परियोजनाओं और प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।

#### रक्षा उद्योगों को एक साथ लाने पर जोर

रक्षा सचिव अरमाने ने मजबूत रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को एक साथ लाने की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही, रक्षा क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी में सहभागिता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उच्च रक्षा समिति की बैठक का आयोजन 2023 में जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस की भारत यात्रा के बाद किया गया है। इस बैठक के बाद गिरधर अरमाने ने बर्लिन में एक प्रमुख थिंक टैंक जर्मन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड सिक्योरिटी अफेयर्स (स्टिफ्टंग विसेनशाफ्ट अंड पोलिटिक-एसडब्ल्यूपी) के साथ भी बातचीत की।

## हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची, विशेष संवाददाता।** जमीन घोटाले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। बुधवार को ईडी की ओर से अपना पक्ष रखा गया। इसके बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

बुधवार को ईडी की ओर से पक्ष रखते हुए एडिशनल सोलेसीटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

## मिशिगन में बाइडन प्राइमरी चुनाव जीते

**राष्ट्रपति चुनाव**

**डिआरबॉर्न, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दौड़ में शामिल रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप व डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति जो बाइडन ने मिशिन के प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की। बाइडन ने डीन फिलिप्स तो ट्रंप ने निक्की हेली को हराया।

ट्रंप ने मिशिगन प्राइमरी में जीत के साथ ही अब तक पांच प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की है। मिशिगन में उनका मुकाबला संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली से था। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के दावेदार एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले शनिवार को प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को उनके गृह राज्य साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में हरा दिया था। किसी भी दावेदार को उम्मीदवार बनने के लिए 1,215 डेलिगेट के समर्थन की जरूरतहोती है। शनिवार तक ट्रंप ने 92 डेलिगेट का समर्थन हासिल कर लिया था।

#### ट्रंप पांच प्रमुख राज्यों में विजयी





रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति पद की दावेदारी पेश करने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप अब तक पांच राज्यों आयोवा, नेवाडा, वर्जिन आईलैंड और दक्षिणी कैरोलाइना में भी जीत दर्ज कर चुके हैं। वहीं, जो बाइडन न्यू हैंपशर, दक्षिणी कैरोलाइना, नेवाडा में जीते हैं। मिशिगन में उनकी जीत के साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में 2020 की तर्ज पर एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन के बीच मुकाबले की अटकलें काफी तेज हो गई हैं।

## उत्तराखंड मे आएंगी 20 लाख नौकरियां

**देहरादून, मुख्य संवाददाता।** उत्तराखंड के पर्यटन सेक्टर में अगले कुछ सालों में 20 लाख नई नौकरियों की संभावना है। सरकार ने 2030 तक इस क्षेत्र में 40 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा है, जिससे रोजगार के यह अवसर पैदा हो सकते हैं। विधानसभा में पेश वर्ष 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में पर्यटन सेक्टर का यह रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

विदित है कि राज्य में पर्यटन और धार्मिक यात्रा तेजी से बढ़ रही है। चारधाम व हेमकुंड यात्रा पर ही पिछले साल 50 लाख से अधिक तीर्थ यात्री पहुंचे हैं। ऐसे में इस क्षेत्र के जबरदस्त उभार की संभावना है।

## प्रशिक्षण के लिए दो भारतीय तटरक्षक पोत श्रीलंका पहुंचे

**कोलंबो, एजेंसी।** संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित करने और पेशेवर आदान-प्रदान के लिए दो भारतीय तटरक्षक जहाज औपचारिक यात्रा पर श्रीलंका के गाले बंदरगाह पहुंचे हैं।

भारतीय उच्चायोग ने बुधवार को बताया कि एक भारतीय तटरक्षक गार्ड (आईसीजी) के पोत समर्थ और अभिनव मंगलवार को दक्षिणी बंदरगाह गाले पहुंचे। यह दो से पांच मार्च तक कोलंबो में रहेंगे। भारतीय तटरक्षक जहाजों के कमांडिंग अधिकारी, उप महानिरीक्षक पी. प्रदीप कुमार और कमांडेंट (जेजी) प्रभात कुमार यात्रा के दौरान श्रीलंकाई तटरक्षक महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिलेंगे।

ये पोत वीबीएसएस (यात्रा, बोर्ड, खोज और जब्ती), अग्निशमन और क्षति नियंत्रण, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया पर श्रीलंकाई तटरक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। यात्रा के दौरान योग, समुद्र तट की सफाई और वॉकथॉन जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। गाले और कोलंबो से प्रस्थान के समय श्रीलंकाई तटरक्षक पोत संग पासेज एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा।

## सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन का सर्वोच्च सम्मान



नाइटहुड उपाधि दी पाने वाले पहले भारतीय बने

**लंदन, एजेंसी।** भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है। किंग चार्ल्स तृतीय ने उन्हें मानद नाइटहुड नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सेलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर से सम्मानित किया। इस सम्मान को पाने वाले वह पहले भारतीय नागरिक हैं।

ये ब्रिटेन के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है, जिसके जरिए विदेशी नागरिकों को मानद उपाधि दी जाती है। किंग्स चार्ल्स ने भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापारिक संबंधों को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए उन्हें मानद नाइटहुड से सम्मानित किया है। सुनील मित्तल ने कहा कि मैं किंग्स चार्ल्स से ये सम्मान हासिल करके बहुत खुश हूं। ब्रिटेन और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंध हैं जो अब बढ़ते सहयोग के नए युग में दाखिल हो रहे हैं। मैं दोनों देशों के बीच आर्थिक और कारोबारी रिश्तों को मजबूत बनाने की ओर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

## 'राजकुमार हैरी की सुरक्षा हटाना सही'

**लंदन, एजेंसी।** लंदन की एक अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य के रूप में दर्जा छोड़ने और अमेरिका में बसने के बाद ब्रिटेन की यात्रा के दौरान राजकुमार हैरी से सरकार द्वारा वित्त पोषित सुरक्षा घेरा अनुचित रूप से नहीं छीना गया था।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पीटर लेन ने कहा कि मामला-दर-मामला आधार पर हैरी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय गैरकानूनी, तर्कहीन या अनुचित नहीं था। हैरी ने दावा किया था कि सोशल मीडिया अ निशाना बनाए जाने के कारण ब्रिटेन जाने पर उन्हें और उनके परिवार की सुरक्षा को खतरे में डाला गया था।

**रिपोर्ट** | चरम मौसम संबंधी घटनाओं के कारण एक वर्ष में तीन हजार से अधिक लोगों ने जान गंवाई, हिमाचल प्रदेश में दर्ज की गईं सबसे अधिक घटनाएं

## देश में गत वर्ष 318 दिनों चरम मौसम की घटनाएं रहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में पिछले साल कुल 365 दिनों में से 318 दिन तक चरम मौसम की घटनाएं देखने को मिलीं। बुधवार को जारी नई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। इसके तहत देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कम से कम एक दिन ऐसी घटनाओं का अनुभव हुआ। स्वतंत्र थिंक टैंक सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने स्टेट ऑफ एनवायरनमेंट 2024 नामक रिपोर्ट जारी की है।

चरम मौसम के तहत हीट वेव, तेज बारिश, शीतलहर, बिजली गिरना, तूफान, सूखा, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं शामिल हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन चरम मौसम संबंधी घटनाओं के कारण 3,287 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2.21 मिलियन हेक्टेयर फसल क्षेत्र को नुकसान हुआ। सीएसई रिपोर्ट में बताया गया कि चरम मौसम वाले दिनों की सबसे अधिक संख्या हिमाचल प्रदेश में दर्ज की गई। यहां पिछले साल 149 दिन तक मौसम संबंधी घटनाएं देखने को मिलीं। इसके बाद मध्य प्रदेश में 141, केरल और उत्तर प्रदेश में 110 दर्ज किए गए। वहीं देश के आठ राज्यों में 100 से अधिक दिनों तक चरम मौसम दर्ज किया गया।

#### 2023 में चरम मौसम से जुड़ी घटनाएं

| घटना | दिन |
|---|---|
| भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन | 208 दिन |
| बिजली गिरना और तूफान | 202 दिन |
| लू | 49 दिन |
| शीत लहर | 29 दिन |
| बादल फटने की घटना | 09 दिन |

जून से लेकर सितंबर 2023 तक लगातार चरम मौसम की घटनाओं का अनुभव 123 दिन

#### नौ माह के दौरान सर्वाधिक घटनाएं

पिछले साल दिसंबर में जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में 1 जनवरी से 30 सितंबर 2023 के बीच सर्वाधिक चरम मौसम की घटनाएं देखने को मिलीं।




**2.21** मिलियन हेक्टेयर फसल क्षेत्र को क्षति पहुंची पूरे वर्ष भर में

**149** दिन हिमाचल प्रदेश में रहीं चरम मौसमी गतिविधियां | **100** से अधिक दिनों तक आठ राज्यों में घटनाएं दर्ज की गईं | **3287** लोगों की मौत हुई इन आपदाओं में

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

# दावा : टैटू से त्वचा कैंसर का खतरा सबसे अधिक

## स्याही का केमिकल खून में मिल जाने पर होता है नुकसान

सेहत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फैशनेबल टैटू बनवाने का शौक स्किन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी की चपेट में ले जा सकता है। इससे इंसान की प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो सकती है।

**54 नमूनों पर शोध :** अध्ययन में दावा किया गया है कि अमेरिका में टैटू बनवाने वाले 10 में से नौ लोगों के अंगों को क्षति पहुंच सकती है। न्यूयार्क में स्याही के 54 नमूने लिए गए जिसमें ऐसे कंपाउंड मौजूद थे जो उस पर लगे लेबल पर नहीं थे। जर्नल अनालिटिकल केमिस्ट्री में प्रकाशित अध्ययन में वैज्ञानिकों ने टैटू इंक बनाने वाली नौ अमेरिकी कंपनियों से नमूने लिए।

**खतरनाक केमिकल :** स्याही कें पॉलीइथिलीन ग्लाइकॉल कंपाउंड से अंगों को नुकसान होता है, जिसमें किडनी नेक्रॉसिस भी है। इसके अलावा एक और केमिकल 2-फेनॉक्सीथानोल स्याही में होता है जो नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) जल्द ही इसकी मॉनिटरिंग शुरू करेगी। अध्ययन के प्रमुख डॉक्टर जॉन स्वर्क ने बताया, 'स्याही निर्माता इसे अपनी प्रक्रिया की दोबारा जांचो के लिए इस्तेमाल करेंगे।'

- एक तिहाई अमेरिकी कम से कम एक टैटू जरूर बनवाते हैं
- लेबल पर सूचीबद्ध नहीं होते टैटू की स्याही में मौजूद केमिकल के नाम



### माइक्रोब को पनपने से रोकता है केमिकल

पॉलीइथिलीन ग्लाइकॉल का इस्तेमाल टैटू की स्याही को जमाने के लिए किया जाता होगा। इससे टैटू बनाना आसान हो जाता होगा। 2-फेनॉक्सीइथेनॉल का इस्तेमाल भी कुछ स्याही में किया जाता है, संभव है कि इसे प्रिजर्वेटिव के तौर पर डाला जाता होगा। दूसरे शब्दों में बोतल खुलने के बाद इसमें माइक्रोब को पनपने से यह रोक सकता है।

### प्रतिरोधक क्षमता पर भी डालता है असर

डॉक्टरों ने चेताया है कि टैटू बनाने वाली स्याही में मौजूद रसायनों से त्वचा का कैंसर जैसी घातक बीमारी होने की संभावना होती है। इससे लिम्फ नोड में सूजन आ सकती है जो पूरे शरीर को फ्लूड पहुंचाने का काम करता है। यह सूजन शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित कर सकती है, संक्रमण से लड़ने की क्षमता खत्म हो जाएगी।

### रक्त प्रवाह से पूरे शरीर में फैलता है

टैटू बनाने के क्रम में अंग के भीतर स्याही डाली जाती है जो व्हाइट ब्लड सेल के मैक्रोफेज द्वारा अवशोषित की जा सकती है जिससे अंग पर बनाने के बाद यह अपनी जगह पर रहे। लेकिन कुछ मामलों में संभव है कि स्याही में मौजूद अशुद्धियां रक्त के प्रवाह में आ सकती है और यह पूरे शरीर में फैल जाएगी जिससे कई साइड इफेक्ट का खतरा है, यहां तक कि अंगों को क्षति भी पहुंच सकती है।

# मशरूम से बनाए गए सोने के नैनोपार्टिकल

**पणजी, एजेंसी।** गोवा में पैदा हो वाले खास प्रजाति के मशरूम से सोने के नैनोपार्टिकल बना लिए गए हैं। ऐसा पहले कहानियों में होता था जिसे वैज्ञानिकों ने अब हकीकत में बदल दिया। उन्होंने मशरूम से सोना बनाने का दावा किया है।



**दीमक की पहाड़ियों पर होती है उपज :** टर्मिटोमाइसेस प्रजाति के मशरूम दीमक की पहाड़ियों पर उगते हैं। गोवा में इसका नाम रोन ओलमी लोकप्रिय है। जर्नल ऑफ जियोमाइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित शोध के मुताबिक डॉ सुजाता दाबोलकर और डॉ नंद कुमार कामत के नेतृत्व में यह प्रयोग किया गया। इसमें तीन साल तक वैज्ञानिक लगे रहे। शोध को गोवा सरकार के समक्ष पेश किया गया। इन नैनोपार्टिकल का इस्तेमाल कैंसर रोधी दवा में किया जा सकता है।

**मशरूम के दानेदार रूप का प्रयोग :** शोधकर्ताओं ने मशरूम के दानेदार रूपों का प्रयोग कर सोने के नैनोपार्टिकल बनाए हैं।

- टर्मिटोमाइसेस प्रजाति के ये खास मशरूम गोवा में पाए जाते हैं

**चिकित्सा क्षेत्र में होगा मददगार :** शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि उनकी ये खोज चिकित्सा, इलेक्ट्रॉनिक्स, और जल शोधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में मददगार साबित हो सकता है। इन नैनोपार्टिकल का इस्तेमाल कैंसर रोधी दवाओं में किया जा सकेगा। इस शोध के नतीजे को वैज्ञानिकों ने गोवा सरकार के समक्ष भी पेश किया है।

# घट रहा समुद्री मछलियों का वजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्री जीवों के बीच भोजन को लेकर होड़ शुरू हो गई है, जिससे मछलियों का वजन घट रहा है।

जापान में टोक्यो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने बताया कि 2010 के दशक में जल के गर्म होने से सीमित भोजन की सप्लाई से प्रशांत सागर में मछलियों का वजन कम हो गया। उन्होंने बताया कि जापानी मछलियों में वजन की कमी देखी गई। प्रोफेसर शीन इची ने कहा, 'इससे मछलियों के माइग्रेशन पर भी असर दिखा।' हालिया शोध में पता चला कि 1980 से 2010 के दशक के दौरान क्षेत्र में मछलियों के वजन में काफी अंतर आया। प्रोफेसर ने बताया, 'इस अवधि में हमने 13 प्रजातियों की 17 मछलियों के समूहो पर शोध किया। इनमें से अधिकतर के वजन में कमी देखी गई।'

- 13 प्रजातियों की 17 मछलियों पर वैज्ञानिकों ने किया शोध

# योग सामान्य प्रसव कराने में सहायक

■ आशीष दीक्षित

**कानपुर।** योग सिर्फ स्वस्थ और निरोगी ही नहीं रखता है, बल्कि इसके आसन सामान्य प्रसव कराने में भी मददगार हैं। इससे जच्चा-बच्चा की सेहत भी दुरुस्त रहती है।

यह जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. सीमा द्विवेदी की टीम के शोध का निष्कर्ष है। शोध में संपूर्ण गर्भावस्था काल में नियमित रूप से योग आसन कराए गए। प्रसव पीड़ा भी कम हुई, शिशु को भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई। टीम ने चार साल तक पांच सौ गर्भवतियों पर अध्ययन किया।

उत्कटासन (कुर्सी आसन), बद्धकोणासन (तितली आसन) व पवनमुक्तासन (मलासन) नियमित रूप से कराया गया। 500 में से 450 यानी 90 फीसदी महिलाओं ने नॉर्मल डिलीवरी से शिशु को जन्म दिया। गर्भवती होने के शुरुआती एक महीने तक ये आसन दिन में तीन बार कराए गए। दूसरे माह से अभ्यास का समय बढ़ा दिया। एक दिन में तीन बार 30 मिनट तक योग कराया गया।




तकनीक 30s

## आईओएस-11 को सपोर्ट बंद

जूम ने आईओएस के पुराने संस्करण आईओएस-11 और आईओएस-12 के लिए समर्थन बंद करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय अगले महीने से प्रभावी होगा। कंपनी ने अपने रिलीज नोट्स में कहा कि यह आईओएस संस्करण 11 और 12 को समर्थन देने वाली अंतिम नियोजित रिलीज है।

## जेमिनी एआई को किया जा रहा सही

गूगल अपने एआई टूल 'जेमिनी' को ठीक करने के लिए काम शुरू कर रहा है। कंपनी के सीईओ सुंदर पिचाई ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कर्मचारियों को बताया कि टूल की कुछ प्रतिक्रियाओं ने अपने उपयोगकर्ताओं को नाराज किया। हमारी टीम 24 घंटे इस पर काम कर रही है।

## नहीं ले सकेंगे स्क्रीनशॉट

वॉट्सऐप अपने यूजर्स की प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए कई नए फीचर्स को पेश करता रहता है। इसी बीच वॉट्सऐप में अब कोई भी प्रोफाइल पिक्चर का स्क्रीनशॉट नहीं ले सकेगा। इसके लिए कंपनी जल्द ही ऐप में 'स्क्रीनशॉट ब्लॉकिंग प्रोफाइल फोटो' फीचर लेकर आने वाली है।

## भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगेगी

फेसबुक और व्हाट्सएप का स्वामित्व रखने वाली कंपनी मेटा ने सभी सोशल मीडिया मंच पर वायरल होने वाले भ्रामक सूचना से निपटने को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान शुरू किया है। कंपनी ने बताया कि इस अभियान को 'जानें, क्या है असली' अभियान का नाम दिया है।










वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।